దట్టించుట दट्टिंचुट—मि. सक. कपड़ा पहनना अ. रू. दट्टि गट्टु।
దడ दड—दे न. कंपन, घबराहट। तराजू।
దడదడ दडदड—दे न. दिल का धड़कना। जल्दबाजी। वि. बेक़ायदा।
దడి दडि—दे. न. टट्टी।
దడిమము दडिममु—दे. वि. सूक्ष्म। महीन।
దణ్ణము दण्णमु तद्. दण्डः—न. नमस्कार। प्रणाम।
దణ్ణెము दण्णेमु—तद्. सं. दण्डिका—न. बाँस का बड़ेरा।
దత్తము दत्तमु—सं. वि. दिया हुआ। दान में दिया हुआ।
దత్తుఁడు दत्तुडु—सं. पुं. दत्तात्रेय। दत्त पुत्र।
దత్తు दत्तु—सं. गोद में लेना। पुं. दत्तक पुत्र।
దద్దరిల్లుట दद्दरिल्लुट—दे. अक. भयभीत होना। घबरा जाना।
దద్దు दद्दु—तद्. सं.—दद्रु—न. ददोरा, चकत्ता, पित्ती।
దధి दधि—सं. न. दही।
దనియము दनियमु—तद्. सं.-धन्या-न. धनिया।
దనుక दनुक—दे. द्रु. अव्य. तक। अ. रू. दाक।
దనుజుఁడు दनुजुडु—सं. पुं. राक्षस।
దప్పి दप्पि—दे. न. प्यास। अ. रू. दप्पिक।
దఫా दफा—अ. दफ़ः—न. एक बार।
దబకాయించుట दबकायिंचुट—हि दबकाना-सक. दबाना, छिपाना।
దబదబ दबदब दे. न. खटखटा। वि. शीघ्र।
దబము दबमु—तद्. सं.—तपस्—न. तप।
దబరా दबरा—न. चौड़ा बरतन। क. दबरि।
దబాయించుట दबायिंचुट—हि. दबाना-सक, दबाना। धमकी देना। डाँटना।
దబాలున दबालुन—दे. क्रि. वि. झटपट, अत्यंत शीघ्र। अचानक, हठात्।
దబ दब—तद्. सं.—दर्भः—न. कुश।
దబ్బనము दब्बनमु—दे. न. सूआ।
దబ్బఱ दब्बर्—दे झूठ, असत्य। तद्. सं. दभ्रम्—न. वंचना, दग़ा।
దబ్బఱకాఁడు दब्बरकाडु—मि. पुं. वंचक। अ. रू. दब्बरि।
దబ్బాటు दब्बाट—दे. क्रि. अचानक, अकस्मात्, हठात्। अप्रत्याशित रूप से।
దబ్బు दब्बु—दे. न. झूठ, असत्य। मिथ्या।
దబ్బున दब्बुन—दे. द्रु. क्रि. वि. शीघ्र, जल्दी।
దమనము दमनमु—सं. न. दबाव।
దమము दममु—सं. दमन करना। इन्द्रिय निग्रह।
దమించుట दमिंचुट—सं सक. दबा रखना।
దమ్మము दम्मम—तद्. सं.-धर्मः—न. धर्म, पुण्य भावना।
దమ్మిడి दम्मिडि—हि. न. दमड़ी, एक सिक्का जो आने में बाहरवें हिस्से का था।
దమ్ము दम्मु—तद्. सं.—दमः—न. कीचड़, दलदल। सिंचाई के बाद खेत जोतने का कार्य।
దయ दय—सं. न. दया, करुणा। अनुकंपा, कृपा।
దయచేయుట दयचेयुट—मि. अक. आना, तशरीफ़ ले आना। जाना, तशरीफ़ ले जाना।
దయాళువు दयाळवु—सं. पुं. दयामय, रहमदिल।
దయిత दयित सं. स्त्री. प्रिया, औरत।
దయితుఁడు दयितुडु—सं. पुं पति वि. मनोहर, मित्र।
దయవాటుట दयवाटुट—दे. अक. बढ़ना, तरक्की होना, अ. रू. दैवारूट।
దయ్యము दय्यमु—तद्. सं. दैवम्—उभय. पिशाच अथवा पिशाचिनी। पुं. देव। विधि, ब्रह्मा।
దయ్యుట दय्युट—दे. अक. कृशीभूत होना, कमज़ोर होना।
దర दर—तद्. सं. धरः—न. दर, भाव, क़ीमत।
దరఖాస్తు दरखास्तु—फ़ा. दरख्वास्त—न. अर्जी, निवेदन, प्रार्थना-पत्र।
దరి दरि—सं. न. गुफ़ा। तद्. सं. तीरम्—न किनारा।
దరికొనుట दरिकोनुट—दे. अक. जलना। लगना।
దరిజీ दरिजी—फ़ा. दरज़ी—पुं कपड़ा सीनेवाला। अ रू. दर्जीवाडु।
దరివేసి दरिवेसि—फा दरवेश। पुं. वि. दीन, दयनीय। साधु।
దరిమిలా दरिमिला—फ़ा. दरमियाँ—अव्य. बीच, मध्य। के बाद।
దరియాప్తు दरियाप्त—फ़ा. दरियाफ्त—न. जाँच, तहक़ीक़। पूछताछ।
దరిసించుట दरिसिंचुट—तद्. सक देखना। उपहार देना। मु. रिश्वत देना।
దరిసెనము दरिसेनमु—तद्. सं. दर्शनम्—न. दर्शन। उपहार, भेंट।
దరుజు दरुजु—फ़ा. दरज़ दे. न. दीवारों पर चूने आदि का लेपन।
దరుమము दरुममु—तद्. सं. धर्मम्—न. धर्म, न्याय।
దరువు दरुवु—तद्. सं. ध्रुवः—न. गीति विशेष। शारीरिक बल।
దర్దురము दर्दुरमु—सं. अम. मेंढक।
దర్పకుఁడు दर्पकुडु—सं. पुं. मन्मथ, कामदेव।
దర్పణము दर्पणमु सं. न. दर्पण, आईना।
దర్పము दर्पमु—सं. न. गर्व। रोब।
దర్బారు दर्बारु—फ़ा. दरबार—न. दरबार, राज-सभा। संगीत का एक राग।
దర్భ दर्भ—सं. न. कुश। एक तृण-विशेष।
దర్వీకరము दर्वीकरमु—सं. अम. सर्प। साँप।
దర్శనము दर्शनमु—स न दर्शन। उपायन।
దర్శనీయము दर्शनीयमु—सं. वि. देखने योग्य। दर्शनीय।
దర్శించుట दर्शिंचुट—सं. सक. देखना। उपहार देना।
దవడ दवड—तद्. सं.—धाडा—न. जबड़ा, तालु।
దవనము दवनमु—तद्. सं.—दमनः—न एक प्रकार के सुगंधित पत्ते।
దవము दवमु—सं. न. दवाग्नि। जंगल की आग।
దవసము दवसमु—तद् सं.-दास्यम्-न. दास्य, गुलामी, सेवा।
దవిష్ఠము दविष्ठमु—सं. वि. बहुत दूर का।
దవుడ दवुड—द्र. दवड।
దవుడు दवुडु—हि. दौड—न. दौड़ना। भाग निकलना।
దవ్వు दव्वु तद्. सं.—दवीयः—न. दूर।
దశ दश—सं. न. दशा, स्थिति। हाल।
దశకంఠుఁడు दशकंठुडु—सं. पुं. रावण।
దశమి दशमि—सं. न. दसवीं तिथि।
దశలు दशलु—सं. ब. व. चार दशाएँ हैं। १. वाल्य २. कौमार ३. यौवन तथा ४. वार्धक्य।
దసరా दसरा—तद्. सं. दशरात्रम्—न. दशहरा।
దస్కతు दस्कतु—फ़ा. दस्तखत—न हस्ताक्षर।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

దస్తరము दस्तरमु—फ़ा. दस्ता—न. कागज़ों का फाइल। अ. रू. दस्त्रमु।

దస్త దस्ता—फा, दस्त:—न. चौवीस या पच्चीस ताव कागज़ की गड्डी।

దస్తావేజు दस्तावेज़ु—फा. दस्तावेज़—न. व्यवस्था पत्र, साधन पत्र, तमस्सुक।

దస్తు दस्तु—न. इकट्ठा किया हुआ धन।

దస్తూరి दस्तूरी—फ़ा. दस्तूरी—न. लिखावट, हस्ताक्षर।

దహనము दहनमु—सं. न. जलना।

దహించు दहिंचुट—सं. सक. जलाना।

దళము दळमु—सं. न. पत्ता। सेना। दे. न. भाग्य, संपदा। आधिक्य, अतिशयता। वि. घना, सान्द्र।

దళవరి दळवरि—दे. पुं. सेनापति।

దళవాయి दळवायि—दे. पुं. सैनिक, भट।

దళసరి दळसरि—दे. वि. गाढ़ा घना।

దళించు दळिंचुट—सं. सक. खण्डन करना।

దళితము दळितमु—सं. वि. खण्डित। विकसित।

దళుకు दळुकु—दे. भय, डर।

దా (दा)

దా दा—दे: विध्यर्थक. आओ। (बोलचाल की भाषा में)

దాంతుఁడు दांतुडु—सं. पुं. वि. तप: क्लिष्ट। शिक्षित। इंद्रिय-जेता।

దాంపత్యము दांपत्यमु—सं. न. पति-पत्नी भाव, दांपत्य।

దాఁక दा'क—दे. द्रु. अव्य. तक।

దాఁకొను दा'कोनुट—दे. अक. छिपना। दुबकना।

దాఁగిలిమూతలు दा'गिलिमूतलु—दे. न. आँख-मिचौनी। लुकाछिपाई।

దాఁగురించు दा'गुरिंचुट—दे. सक. छिपाना। गायब करना।

దాఁగుడుమూతలు दा'गुडुमूतलु—दे. ब. व. आँखमिचौनी। अ. रू. दागुरु मूतलु।

దాఁచియుంచు दा'चियुंचुट—दे. सक. छिपाके रखना। पोशीदा रखना।

దాఁచు दा'चुट—दे. सक. छिपाना।

దాఁటు दा'टुट—दे. सक. लांघना। पार करना।

దాఁటుకొను दा'टकोनुट—दे सक. लांघ जाना। भाग जाना।

దాఁపరించు दा'परिंचुट—दे. सक. घटित होना, संभव होना।

దాఁపరికము दापरिकमु—दे न. छिपाना। गोपन।

దాఁపుడు दा'पुडु—दे. न. बचाये रखना।

దాఁపురము दा'पुरमु—दे. न बचत। बचाया हुआ धन।

దాకొను दाकोनुट—दे. अक. पास आना। नजदीक जाना।

దాక్షాయణి दाक्षायणि—सं. स्त्री. पार्वती। सती देवी।

దాక్షిణ్యము दाक्षिण्यमु—सं. न. मुलाहजा। दयाभाव। तरस। करुणा।

దాఖలా दाखला—फ़ा. दाखिला न. प्रमाण-पत्र, आधार।

దాఖలు दाखलु—फ़ा. दाखिल न प्रवेश।

దాఁగలి दागलि—दे न. निहाई।

దాచిని दाचिनि—हिं. दालचीनी —न. दालचीनी, दारचीनी।

దాడి दाडि—तद्. सं.—धाटी—न. धावा, हमला। सेना, फौज।

దాడిమ్మ दाडिम्म—तद्. सं.—दाडिम्ब:—न. दाडिम, अनार।

దాణా दाणा—फा.—दान:—न. घोड़े का चारा। कुल्थी।

దాణాసంచి दाणासंचि—मि. न. तोबड़ा।

దాదాపు दादापु—दे. अव्य: (दापु+दापु) अति समीप, बहुत नजदीक।

దాది दादि—तद्. सं. धात्री — स्त्री. धाय। दाई।

దానము दानमु—सं: न दान, सखावत।

దానపత్రము दानपत्रमु—सं. न. दानपत्र, बख्शिश-नामा, हिब्बा नामा।

దానిమ్మ दानिम्म—तद्—सं. दाडिम्ब:—न. अनार, दाड़िम।

దాపరించు दापरिंचुट—दे. अक. संप्राप्त होना। हासिल होना।

దాపల दापल—दे. वि. बायाँ। अ. रू. दाँपट, डापल, डापट।

దాపలించు दापलिंचुट—दे. सक. परिवेष्टन करना। घेर आना। परिक्रमा करना।

దాపించు दापिंचुट—दे. अक. पास आना। निकट पहुँचना।

దాపు दापु—दे. न. भय, डर। पास, नजदीक। सक. तरास।

దామోదరుఁడు दामोदरु'डु—सं. पुं.—विष्णु। म. गरीब, आदमी, दरिद्र व्यक्ति।

దాయ दाय—तद्. सं.-दायाद:-पुं. दायाद, ज्ञाति।

దాయము दायमु—सं. न. पैतृक संपत्ति, बपौती।

దాయాదుఁడు दायाद'डु—सं. पुं. ज्ञाति, दायाद।

దాయి दायि—सं. पुं. दाता।

దార दार—सं स्त्री. विवाहित स्त्री। तद्. सं.—धारा—न. तलवार की धार। त्याग करना।

దారపోయు दारपोयुट—तद्. सक. त्याग करना। दान में देना। पानी के साथ छोड़ देना।

దారణము दारणमु—सं. न. चीरना। फाड़ना।

దారబంధము दारबंदमु—तद्. सं. द्वार-बंध:-न. द्वार, दरवाजा।

దారము दारमु—दे. न. चोरी। डोरी, सूत्र।

దారముగట్టు दारमु गट्टुट—मु. शादी करना। हथियाना।

దారి दारि—तद्. सं.-द्वार-राह, रास्ता।

దారించు दारिंचुट—सं. सक. चीर-फाड़ करना।

దారితెన్ను दारितेन्नु—मु कोई उपाय या तरीका।

దారిదొంగ दारिदोंग—मि. पुं. बटमार। डाकू।

దారుణము दारुणमु—सं वि. भयंकर। घोर। दयनीय, तरस खाने योग्य।

దారున दारुन—दे. क्रि. वि. अचानक।

దారువు दारुवु—सं. न. लकड़ी।

దారోగా दारोगा—फ़ा. दारोग:—न. निरीक्षक, सब-इन्सपेक्टर, थानेदार।

దార్ఢ్యము दार्ढ्यमु—सं. न. दृढ़ता, द्रढिमा। मजबूती।

దాలి दालि—दे. न. गोबर के कंडों के सहारे दूध उबालने का चूल्हा।

దావాగ్ని दावाग्नि—सं. न. जंगल की आग।

దాశార్హుఁడు दाशार्ह'डु—सं, पुं. विष्णु।

దాసరి दासरि—तद्. सं. दास: पुं. दास, सेवक। विष्णु का भक्त।

దాసి दासि—सं. स्त्री. दासी, नौकरानी।

దాసుఁడు दासु'डु—सं. पुं. दास, नौकर।

దాస్యము दास्यमु—सं. न. दास्य, नौकरी। सेवा। सेव्य-सेवक भाव से की जाने वाली भक्ति।

దాహము दाहमु—सं. न. जलना। पिपासा, प्यास।

దాళ दाळा—दे. न. पालंग।

దాళువాపంట दाळुवापट—मि. न. शठदुबु के बाद कटने वाली फ़सल।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ది (दि)

దించుట दिंचुट—दे सक. उतारना । नीचे ले आना । घटाना ।
దిండు दिंडु—दे. न. तकिया ।
దిందిం दिंदिं—दे. न. मृदंग रव का अनुकरण-शब्द ।
దింపు दिंपु—दे. न. उतारना । नीचे ले जाना ।
దిక్కు दिक्कु—सं. न. दिशा ।
దిక్కుమాలిన తనము दिक्कुमालिन तनमु—मु निस्सहाय दशा । बेपनाही । आश्रय हीनता ।
దిక్పాల పట్టణములు दिक्पाल पट्टणमुलु—सं. ब. व. दिक्पालों के आठ नगर हैं। १. अमरावती २. तेजोवती ३. संयमन ४. कृष्णांगणा ५. श्रद्धावती ६. गंधवती ७. अलका ८. यशोवती ।
దిక్పాల వాహనములు दिक्पाल वाहनमुलु—इनके वाहन आठ माने जाते हैं। १. ऐरावत २. मेंड़ा ३. महिष ४. नर ५. मगर ६. हिरन ७. घोड़ा ८. वृषभ ।
దిక్పాల భార్యలు दिक्पाल भार्यलु—सं. ब. व. दिक्पालों की पत्नियाँ आठ मानी जाती हैं। १. शची देवी २ स्वाहा देवी ३. श्यामला देवी ४. दीर्घा देवी ५. कालिका देवी ६. अंजना देवी ७. चित्रदेवी ८. पार्वती देवी ।
దిక్పాలాయుధములు दिक्पालायुधमुलु—सं. ब. व. दिक्पालकों के आयुध आठ माने जाते हैं। क्रमशः १. वज्र २. शक्ति ३. दण्ड ४. कुंत ५. पाश ६. ध्वज ७. खड्ग ८. त्रिशूल ।
దిక్పాలురు दिक्पालुरु सं. ब. व. दिशाओं के पालक आठ हैं। क्रमशः १. इन्द्र २. अग्नि ३. यम ४. नैर्ऋत ५. वरुण ६. वायु ७. कुबेर ८. ईशान ।
దిగంతరము दिगंतरमु—सं. न. दिशाओं के बीच का स्थान ।
దిగంబరుడు दिगंबरुडु—सं. पुं. महादेवजी । नंगा आदमी ।
దిగదీయుట दिगदीयुट—दे. ढीठ उतारना ।
దిగదుడుపు दिगदुडुपु—दे. न. सदका । दृष्टि दोष के परिहार के लिए किया जाने वाला कर्म । बलिहारी ।
దిగద్రావుట दिगद्रावुट—दे. सक. निगलना । मु. विष का घूंट पी जाना ।
దిగజారుట दिगजारुट—दे. अक. छलकना ।
దిగబడుట दिगबडुट—दे. अक. नीचे उतरना, डूबना । पीछे पड़ना । खिसकना । पिछड़ना ।
దిగనాడుట दिगनाडुट—दे. सक. छोडना, त्याग करना ।
దిగుట दिगुट—दे. अक. उतरना ।
దిగుదల दिगुदल—दे. न. फसल ।
దిగుమతి दिगुमति—दे. न. आयात ।
దిగులు दिगुलु—दे. न. चिन्ता ।
దిగులొందుట दिगुलोंदुट—दे. अक. घर से बाहर रहने से खिन्न होना ।
దిగువ दिगुव—दे. क्रि. वि. नीचे ।
దిగువారుట दिगुवारुट—दे. अक ऊपर से नीचे गिरना । झरना ।
దిగ్గజములు दिग्गजमुलु—सं. ब. व. दिशाओं की परीक्षा करने वाले हाथी आठ माने जाते है । १. ऐरावत २. पुंडरीक ३. वामन ४. कुमुद ५. अंजन ६. पुष्पदंत ७. सार्वभौम ८. सुप्रतीक ।
దిగ్గన दिग्गन—दे. क्रि. वि. अचानक, एकाएक ।
దిగ్గియ दिग्गिय—तद्. सं. दीर्घिका–न. वापी, बावली ।
దిగ్గురను దిగ్గురను दिग्गुरनुट—दे. न. भय आदि से दिल का दहल उठना ।
దిగ్ధము दिग्धमु—सं. वि लिप्त, लिपा हुआ ।
దిగ్భ్రమము दिग्भ्रममु—सं न. दिशाओं का ज्ञान नहीं रहना । दिशाविमूढ बनना । सुधि-बुधि खो बैठना ।
దిటము दिटमु—तद्. सं. दृढः–न. दृढ, मजबूत, बलवान ।
దిటవు दिटवु—तद्. सं.–दृढः–न दार्ढ्य, मजबूती, बल ।
దిట్ట दिट्ट—तद्. सं.-दृढः-पुं. वि. निपुण, चतुर । कुशल ।
దిట్టడు दिट्टडु—तद्. सं.-धृष्टः–वि. ढीठ, मतलब का पक्का ।
దిట్టరి दिट्टरि—द्र. दिट्टडु ।
దిద్దుట दिद्दुट—दे. सक. सुधारना, ठीक करना । सजा देना । मश्क करना ।
దిద్దుపాటు दिद्दुपाटु—दे. न. सुधारना, ठीक करना । अ. रू. दिद्दुबडि, दिद्दुडु ।
దిదృక్ష दिदृक्ष—सं. न. देखने की इच्छा ।
దిదృక్షువు दिदृक्षुवु—सं. वि. देखने की इच्छा रखने वाला ।
దినకరుడు दिनकरुडु—सं. पुं. सूर्य । सूरज ।
దినబత్తెము दिनबत्तेमु—मि. न. भत्ता ।
దినమణి दिनमणि—सं. पुं. सूरज, सूर्य ।
దినము दिनमु—सं. न. दिन । रोज । वार्षिक श्राद्ध ।
దినవెచ్చము दिनवेच्चमु—मि. न. दैनिक व्यय । भत्ता ।
దినసు दिनसु—अ. जिस–न. चीज । अ. रू. दिनुसु ।
దినాంతము दिनांतमु—सं. न. सायं-समय ।
దివ్వె दिव्व—तद् सं.–द्वीपः न. द्वीप । टीला, पहाड़ी ।
దివ్వెము दिव्वेमु—तद्. सं.-दीपः-न.चिराग़ ।
దివ్వెమెత్తుట दिव्वेमेत्तुट—मु. दीपक को हाथ में लिये शपथ खाना ।
దిమిదిమి दिमिदिमि—द्र. दिंदिं ।
దిమిస दिमिस—दे. न. दुरमुट । अ. रू. दिम्मिस, दिम्मेस ।
దిమ్మరి दिम्मरि—दे. पुं. घुमक्कड़ । पर्यटक ।
దిమ్మరీడు दिम्मरीडु—दे. वि. संभ्रांत, मदमस्त ।
దిమ్మె दिम्मे—दे. न. पहाड़ी । डाट ।
దిరదిర दिरदिर—दे. न. घूमने अथवा चकराने की आवाज़ का अनुकरणात्मक शब्द ।
దిరసన दिरसन—तद्. सं. - शिरीषः – न. शिरीष, सिरिस ।
దిర్దిర दिर्दिर—द्र. दिर दिर ।
దిలాసా दिलासा—फ़ा. (दिल+आसा-हि.) न. तसल्ली, ढाढ़स, आश्वासन ।
దివటి दिवटि – तद्. सं.–दीपयष्टिका–न. मशाल ।
దివము दिवमु—सं. न. स्वर्ग ।
దివసము दिवसमु—सं. न. दिन । श्राद्ध ।
దివాంధము दिवांधमु—सं. अम. उल्लू ।
దివాణము दिवाणमु तद्. सं. देवायनम्–न. दरबार । कचहरी ।
దివాను दिवानु—फ़ा. दीवान-पुं. मन्त्री, वज़ीर ।
దివాభీతము दिवाभीतमु—सं. अम. उल्लू ।
దివాలా दिवाला – हि. (दिया+वालना) न. ऋणमुक्ति के लिये पूर्ण धन न होने की दशा, टाट उलट देना ।
దివి दिवि—सं. न. आकाश, गगन ।
దివిటి दिविटि—द्र. दिवटि ।
దివియ दिविय—तद्. सं. दीपः–न. दीपक ।
దివియకంబము दिवियकंबमु—तद्. सं. दीपस्तंभः–न. दीवट, चिरागदान ।
దివ్యక్షేత్రము दिव्यक्षेत्रमु—सं. न. पुण्य क्षेत्र ।
దివ్యచక్షువు दिव्यचक्षुव—सं. वि. अनागत घटनाओं की जानकारी रखनेवाला ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

దివ్యము — दिव्यमु—सं. वि. अत्यंत सुन्दर। मनोहर। न. शपथ।
దిశ — दिश—सं. न. दिशा। दिक्।
దిష్టము — दिष्टमु—सं. न. भाग्य, खुशकिस्मत। वि. उपदेश किया हुआ।
దిష్టాంతము — दिष्टांतमु—सं. न. मरण, मृति।
దిస — दिस—तद्. सं. दिशा—न. दिशा।
దిసంతు — दिसंतु—दे. न. निन्दा। विनोद।
దిసంతు కొట్టుట — दिसंतु कोट्टुट—मु. खिल्ली उड़ाना। व्यंग करना।
దిసమొల — दिसमोल—मि. न. दिगंबरता।
దిసమొలవేలుపు — दिसमोलवेलुपु—मि. पुं. महादेवजी।
దిస్సు — दिस्सु—दे. न. साँप के फुफकार का अनुकरणात्मक शब्द।

దీ (दी)

దీక్ష — दीक्ष—सं. न. दीक्षा। कार्य करने की दृढ़ता।
దీక్షితుఁడు — दीक्षितुॅडु—सं. वि. यज्ञ कर्म में दीक्षित।
దీటు — दीटु—दे. न. साम्य, तुलना। हमला। वि. सुन्दर। ऋजु।
దీటుకొనుట — दीटुकोनुट—दे. अक. सुधारना। सामना करना। ठोकर खाना।
దీధితి — दीधिति—सं. न. किरण।
దీనారము — दीनारमु—फ़ा. दीनार—न. सोने की मुद्रा, अशर्फ़ी।
దీనికి — दीनिकि—दे सर्व. इस के लिये।
దీనుఁడు — दीनुॅडु—सं. वि. दयनीय व्यक्ति, कृपण व्यक्ति।
దీపావళి — दीपावलि—सं. न. दिवाली का पर्व दिन।
దీప్తము — दीप्तमु—सं. वि. प्रदीप्त, प्रकाशित।
దీమము — दीममु—तद्. सं. धाम—न. घर, मकान।
దీమసము — दीमसमु—दे. न. धैर्य। धीरज।
దీము — दीमु—तद्. सं. दीपः—न. दीपक। तद्. सं. धाम—सदन, आवास।
దీర్ఘపత్రిక — दीर्घपत्रिक—सं. न. केला, कदली वृक्ष।
దీర్ఘమగు — दीर्घमगु—मि. वि. लम्बा, दीर्घ।
దీర్ఘాయువు — दीर्घायुवु—सं अम. कौआ। वि. बहुत साल जीने वाला।
దీర్ఘిక — दीर्घिक—सं. न. बावली, वापी।
దీర్ణము — दीर्णमु—सं. वि. फटा हुआ।
దీలువడుట — दीलुवड्डुट—मि. अक. शिथिल होना, थक जाना। ढीला होना। अ. रू. डीलुवड्डुट।
దీవటి — दीवटि—द्र. दिवटि।
దీవన — दीवन—दे. न. आशीर्वाद। अ. रू. दीवेन।
దీవనఁబ్రాలు — दीवनॅब्रालु—दे. ब. व. शुभाक्षत।
దీవసము — दीवसमु—दे. न. गर्व, घमण्ड। फ़ख्र।
దీవి — दीवि—तद्. सं. द्वीपः न. द्वीप, टापू।
దీవించుట — दीविंचुट—दे. सक. दुआ देना, आशीर्वाद देना।
దీవియ — दीविय—तद्. सं. दीपः—न. दीपक।
దీవెనకోల — दीवेनकोल—दे. न. नमस्कार, प्रणाम।
దీవెనఁబ్రాలు — दीवेनॅब्रालु—दे. ब. व. मन्त्राक्षत।

దు (दु)

దుంగ — दुंग—दे न. बड़ा लट्ठा। लक्कड़, कुंदा।
దుండగము — दुंडगमु—तद्. सं. दौष्ट्य। न. दौष्ट्य। शरारत।
దుండగీఁడు — दुंडगीडु—तद्. (दुंडगमु+ईडु) वि. दुष्ट, शोहदा। क्रूर।
దుంప — दुंप—दे. न. कंद।
దుంపతెంపుట — दुंपतेंपुट—मु. मूलोच्छेदन करना। जड़ काटना। नाश करना।
దుంబాలా — दुंबाला—दे. न. कर से विमुक्त भूमि-खण्ड। बग़ैर कर की खेती।
దుఃఖపడుట — दुःखपड्डुट—मि. अक. दुःखित होना, पीड़िति होना।
దుఃఖపాటు — दुःखपाटु—मि. न. दुःख, शोक। ग़म, रंज।
దుఃఖము — दुःखमु—सं. न. दुःख। ग़म। रंज।
దుఃఖించుట — दुःखिंचुट—सं. अक. दुःखित होना, ग़म खाना।
దుకాణము — दुकाणमु—फ़ा. दुकान—न. सौदा बेचने की जगह। पण्यशाला। दूकान।
దుకూలము — दुकूलमु—सं. न. कपड़ा, वस्त्र। महीन कपड़ा।
దుక్కి — दुक्कि—दे. न. कृषि-कर्म। खेती-बरी।
దుక్కిటెద్దు — दुक्किटेद्दु—मि. पुं. जोतनेवाला बैल।
దుగ — दुग—तद्. सं. द्विकम्—सर्व. दुगुना।
దుగ్ధము — दुग्धमु—सं. न. दूध।
దుడుకఁడు — दुड्कॅडु—दे. पु. शिशु, छोटा बच्चा।
దుడుకు — दुडुकु—दे. न. ग़लती, दोष। वि. दुष्ट। उद्धत।
దుడ్డు — दुड्डु—तद्. सं. दण्डः—न. लाठी। लट्ठा।
దుత్త — दुत्त—दे. न. दूध दुहने का बर्तन। गगरी।
దుత్తూరము — दुत्तूरमु—सं. न. धतूरा।
దుద్దు — दुद्दु—दे. न बाली। कानों में पहनने का एक आभरण।
దుద్దుపెట్టుట — दुद्दुपेट्टुट—मु. धोखा देना।
దునుకు — दुनुकु—तद्. न पीड़ा, वेदना।
దునుము — दुनुमु—दे. सक. मार। हत्या कर।
దున్నపోతు — दुन्नपोतु—दे. पुं. भैंसा।
దుప్పటము — दुप्पटमु—तद्. सं. द्विपटी—न. दुपट्टा।
దుప్పి — दुप्पि—दे. पुं. हिरन।
దుబారా — दुबारा—फ़ा. दोबारा—न. दुगुना खर्च। फ़िज़ूलखर्ची।
దుబాసి — दुबासि—तद्. सं. द्विभाषी—वि. दो भाषाओं को जाननेवाला। एक भाषा में से दूसरी भाषा में अनुवाद करनेवाला।
దుబ్బ — दुब्ब—दे. न. भग, योनि।
దుమదుమలాడుట — दुमदुमलाड्डुट—दे. अक. चिढ़-चिढ़ाना।
దుముకుట — दुमुकुट—दे. अक उछलना, कूदना, लांघना।
దుముదారు — दुमुदारु—दे न. सेना, फ़ौज।
దుమ్ము — दुम्मु—दे. न. धूल। गर्द।
దుయ్యబెట్టుట — दुय्यबेट्टुट—दे. सक. सताना। दुःख पहुँचाना। निन्दा करना।
దురంతము — दुरंतमु—सं. वि. जिसका अन्त न हो। न. धूर्तता।
దురతిక్రమము — दुरतिक्रममु—सं वि. अनुल्लंघनीय, जो नहीं लाँघा जा सके।
దురద — दुरद—दे. न. खुजली।
దురదకంద — दुरदकंद—मि. न. सूरन।
దురదుర — दुरदुर—दे. क्रि. वि. शीघ्र, बहुत जल्द।
దురదృష్టము — दुरदृष्टमु—सं. न. बदकिस्मत।
దురధిగమము — दुरधिगममु—सं. वि. प्राप्त करने अयोग्य, श्रमसाध्य।
దురపిల్లుట — दुरपिल्लुट—दे. अक. रोना, बिलखना।
దురము — दुरमु—दे. न. युद्ध। जंग।
దురాకృతము — दुराकृतमु—सं. न. अत्याचार। जुल्म।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

దురాచారము दुराचारमु—सं. न. कदाचार, बुरा बरताव।

దురాత్ముఁడు दुरात्मुँडु—सं. वि. दुरात्मा, दुष्ट मन वाला।

దురాధర్షము दुराघर्षमु—सं. वि. तिरस्कार करने अयोग्य, अनुपेक्षणीय।

దురాశ दुराश—सं. न. अदम्य लालसा, सीमातीत वांछा।

దురాస दुरास—द्र. दुराशा। लालच।

దురుసు दुरुसु—दे. न. पारुष्य, काठिन्य। सख्ती।

దురోదరము दुरोदरमु—सं. न. द्यूत, जुआ।

దుర్గ दुर्ग—सं. न. स्त्री. दुर्गा।

దుర్గంధము दुर्गन्धमु—सं. न. बदबू।

దుర్గతి दुर्गति—स. न. नरक-भोग। फटी हालत।

దుర్గము दुर्गमु—सं. न. दुर्ग, क़िला।

దుర్జ్ఞేయము दुर्ज्ञेयमु—सं. वि. समझ में न आने वाला। दुरूह। दुर्बोध।

దుర్దినము दुर्दिनमु—सं. न. बुरा दिन। बादलों से घिरा हुआ दिन।

దుర్నయము दुर्नयमु—सं. न. अन्याय।

దుర్నిరీక్ష్యము दुर्निरीक्ष्यमु—सं. वि. जो मुश्किल से देखा जा सके।

దుర్బలుఁడు दुर्बलुँडु—सं. वि. दुबला-पतला, कमज़ोर।

దుర్భరము दुर्भरम—सं. वि. जो मुश्किल से वहन किया जा सकता है। असह्य।

దుర్భిక్షము दुर्भिक्षमु—सं. न. अकाल।

దుర్మదుఁడు दुर्मदुँडु—सं वि. मदोन्मत्त। नशे में चूर।

దుర్మార్గుఁడు दुर्मार्गुँडु—सं. वि. दुराचारी।

దుర్వహము दुर्वहम्—सं. वि. दुर्भर, दूभर।

దుర్లభము दुर्लभमु—सं. वि. जो आसानी से प्राप्त नहीं होता। दुर्लभ।

దులుపుట दुलुपुट—दे.सक. झटकना, झाड़ना।

దువారము दुवारमु—तद्. सं. द्वारः—न. सुराख। द्वार।

దువ్వ दुव्व—दे. न. धूल, गर्द।

దువ్వలువ दुव्वलुव—मि. न. धोती।

దువ్వుట दुव्वुट—दे. सक. कंघी करना। ताव देना। पीठ सहलाना।

దువ్వెన दुव्वेन—दे. न. कंघी, प्रसाधनी।

దుశ్చేష్ట दुश्चेष्ट—सं. न. करतूत, बुरा काम।

దుశ్శీలుఁడు दुश्शीलुँडु—सं. वि. दुष्ट स्वभाव का व्यक्ति। दुराचारी, बदतमीज़।

దుష్కరము दुष्करमु—सं. वि. मुश्किल, कष्टकर!

దుష్కృతము दुष्कृतमु—सं. न. पाप। वि. पाप-दायक।

దుష్టము दुष्टमु—सं. वि. बुरा, दुष्ट।

దుష్టులు दुष्टुलु—सं. ब. व. महा भारत के चार दुष्ट माने जाते हैं। १. दुर्योधन, २ दुश्शासन, ३. कर्ण और ४. शकुनि।

దుసికిలుట दुसिकिलुट—दे. अक. खिसकना। फिसलना। लुढ़कना। छलकना।

దుస్తరము दुस्तरमु—सं. वि. पार करने अशक्य। मुश्किल।

దుస్తు दुस्तु—दे. न. कपड़ा, वस्त्र।

దుస్తులు दुस्तुलु—दे.ब. व. लिबास, पोशाक। वेष।

దుస్సహము दुस्सहमु—सं. वि. असह्य, दुर्भर। दूभर।

దుస్సిపోవుట दुस्सिपोवुट—दे. अक. खिसक जाना फिसल जाना।

దుహిత दुहित—सं. स्त्री. पुत्री, लड़की।

దూ (दू)

దూఁకరి दूँकरि—तद्. सं. दुःखम्-न. दुःख।

దూఁకుట दूँकुट—दे. अक. कूदना।

దూఁకొనుట दूँकोनुट—दे. सक. आस्वाद करना, स्वाद लेना।

దూఁటుకొనుట दूँटुकोनुट—दे. अक. उड़ना। सक. लांघना।

దూఁబఱ दूँबर—द्र. दुवारा।

దూడ दूड—दे. उभय. बछड़ा अथवा बछिया।

దూతి दूति—सं. स्त्री दूतिका, सहेली।

దూత్యము दूत्यमु—सं. न. दौत्य।

దూది दूदि—तद्. सं. तूलः—न रुई।

దూదేకులవాఁడు दूदेकुलवाँडु—मि. पुं. धुनियां, पंजारी।

దూప दूप—दे. न. प्यास, पिपासा।

దూబ दूब—दे. पुं. वि. बेकार, अधम। निकम्मा।

దూయుట दूयुट—दे. अक. प्रवेश करना। सक. पत्ते आदि को निकालना।

దూరము दूरमु—सं. न. दूरी।

దూఱుట दूरुट—दे. सक. निन्दा करना, गाली गलौज़ देना।

దూర్చుట दूर्चुट—दे. सक. प्रवेश कराना। घुसाना।

దూఱు दूरु—दे. न. निन्दा। अपख्याति। सक. निन्दा कर।

దూల दूल—दे. न खुजली। संभोग की इच्छा। रिंसा।

దూలము दूलम्—दे. न. लक्कड़।

దూలి दूलि—तद. सं. धूलिः—न. धूल।

దూవలువ दूवलुव द्र. दुव्वलुव।

దూషించుట दूषिंचुट—सं. सक. निन्दा करना। दोष लगाना।

దూష్యము दूष्यमु—सं. वि. दूषण करने योग्य।

దూసరి दूसरि—दे. न निन्दा, अपयश।

దృ (दृ)

దృక్కు दृक्कु—सं. न. दृष्टि। नज़र।

దృఢము दृढमु—सं. वि. दृढ़, मजबूत, सख्त।

దృతము दृतम्—सं. वि. आदर किया हुआ।

దృశ్యము दृश्यमु—सं. वि. देखने योग्य। काव्य के दो प्रकारों में से एक, नाटक।

దృష్టాంతము दृष्टांतमु—सं. न. उदाहरण। अलंकारों में से एक जिस में उपमान और साधारण धर्म का बिंब-प्रतिबिंब भाव हो।

దృష్టాంతీకరించుట दृष्टांतीकरिंचुट—सं. सक. उदाहरण देना। कथन की पुष्टि में मिसाल पेश करना।

దృష్టి दृष्टि—सं. न. वीक्षण। नज़र। आँख, लोचन।

దృష్టించుట दृष्टिंचुट—सं. सक. देखना।

దృష్టిదోషము दृष्टिदोषमु—सं. न. डीठ लगना।

దృష్టిబొమ్మ दृष्टिबोम्म—मि. न. बिजूका। अ. रू. दिष्टि बोम्म।

దెప్పర दॆप्पर—दे. न. हानि, आपदा। वि. अशक्य।

దె (दॆ)

దెప్పరము दॆप्परमु—द्र. दॆप्पर। अ. रू. डॆप्पर, डॆप्परमु।

దెప్పరిల్లుట दॆप्परिल्लट—दे. अक. पीडित होना। दुःखित होना।

దెప్పిపొడుచుట दॆप्पिपोड्चुट—दे. सक. उलाहना देना। ताना मारना। व्यंग करना।

దెప్పు दॆप्पु—दे. न. उलाहना, उपालंभ। ताना, व्यग।

దెప్పుడు दॆप्पुडु—द्र. दॆप्पु। ब. व. दॆप्पुलु, दॆप्पुळ्ळु।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

దెబ్బ देव्व -दे. न. मार । चोट ।

దెబ్బాటు देव्वाटु--दे. न. आकस्मिक वृष्टि, अचानक पानी वरसना । अ. रू. दव्वाटु ।

దెబ్బున देव्वुन—दे. द्र. क्रि. वि. शीघ्र, जल्दी ।

దెయ్యము देय्यम्—तद्. सं. दैव–न. उभय. देव अथवा देवता या देवी ।

దెస देस—तद्. सं. दिशा–न. दिशा ।

దే (दे)

దేకిస देकिस—फ़ा. देगचः–न. छोटी देग । छोटे मुँह और बड़े पेट का एक ताँबे का वरतन जिस में चावल आदि पकायें जाते हैं । अ. रू डेकिसा ।

దేబె देबे—दे. वि. निरुपयोगी, बेकार । नालायक़ ।

దేయము देयमु—सं वि देने योग्य ।

దేవత देवत—सं. पुं. देव अथवा देवी ।

దేవదత్తము देवदत्तमु सं. न. अर्जुन का शंख ।

దేవదారువు देवदारुव--सं. न. देवदारु । एक तेल दार पेड़ ।

దేవభూయము देवभूयमु—सं. न. देवत्व, दिव्यता ।

దేవమాతృకము देवमातृकम्---सं. न. बारिश के आधार पर धान पैदा होने वाली ज़मीन ।

దేవర देवर—तद्. सं. देवः–पुं. प्रभु, मालिक ।

దేవరుఁడు देवरु'डु—सं. पुं. पति का छोटा भाई । छोटी बहिन का पति ।

దేవళము देवळमु—तद्. सं. देवालयः-न. मन्दिर ।

దేవానాంప్రియుఁడు देवानांप्रियु'डु--सं पुं. मूर्ख, वेवकूफ़ ।

దేవాలయము देवालयम्---सं. न. मन्दिर ।

దేవి देवि--सं. स्त्री देवी ।

దేవిడీ देविडी—दे. न. क़िले का सिंह-द्वार ।

దేవిడీమన్నా देविडीमन्ना--मि. (देविडी+हि. मनाही)-न. दुर्ग में प्रवेश करने से निषेध ।

దేవుట देवुट--दे. सक. पानी आदि नीचे से ऊपर खींचना । तलाश करना ।

దేవుఁడు देव'ड़—सं. पुं. देव । नाटकीय परिभाषा में राजा । पतिदेव ।

దేవురించుట देवुरिंचुट—दे. सक. याचना करना, माँगना । मुहताज रहना ।

దేవులాడుట देवुलाडुट— दे. सक. तलाश करना, खोजना ।

దేవేరి देवेरि—तद्. सं. देवी-स्त्री. देवी । रानी । मालकिन ।

దేశము देशम्—सं. न. देश, मुल्क ।

దేశికుఁడు देशिकु'डु—सं. पुं. उपदेशक, गुरु ।

దేశీయము देशीयमु—सं वि. देश संबंधी । न. मुहावरा, भाषीय ।

దేశ్యము देश्यमु—सं. न. देशज शब्द । ठेठ शब्द ।

దేహము देहमु—सं. न. देह, शरीर, बदन ।

దేహపరిశ్రమ देह परिश्रम–सं. न. व्यायाम, कसरत ।

దేహళి देहलि – सं न. देहली, देहरी ।

దై (दै)

దైతేయుఁడు दैतेयु'डु—सं. पुं. राक्षस ।

దైత్యగురువు दैत्यगुरुवु—सं. पु. शुक्राचार्य ।

దైత్యారి दैत्यारि—सं. पुं. भगवान विष्णु ।

దైన్యము दैन्यमु—सं. न. दीनता । दयनीय दशा । वेचारी । संचारी भावों में से एक ।

దైర్ఘ్యము दैर्घ्यमु—सं. न. दीर्घता, लम्बाई ।

దైవజ్ఞుఁడు दैवज्ञु'डु—सं. पुं. ज्योतिषी ।

దైవతము दैवतमु—सं. उभय देव अथवा देवी ।

దైవము दैवमु—सं. न. भाग्य, किस्मत । उभय. देव अथवा देवी । विवाह का एक प्रकार ।

దైవాఱుట दैवारुट—दे. अक. शोभित होना, उल्लसित होना, फवना ।

దొ (दो)

దొంగ दोंग—दे. पुं. चोर । वि. कपट झूठा ।

దొంగభక్తి दोंग भक्ति—मि. न. कपट भक्ति कुहना-भक्ति ।

దొంగతనము दोंगतनमु—दे. न. चोरी, चौर्य ।

దొంగిలించుట दोंगिलिंचुट—दे. सक. चुराना, चोरी करना ।

దొండ दोंड—दे. न. कुंदरू ।

దొండి दोंडि – सुराख, छेद ।

దొంతర दोंतर—दे. न. राशि, ढेर । एक चीज के ऊपर दूसरे को रखते जाना ।

దొంతి दोंति—दे. न. पंक्ति, गड्डु ।

దొందడి दोंदडि—दे. न. (दोंदु+दडि) न. कोलाहल के मारे पैदा होने वाली ध्वनि । हल्ला-गुल्ला, होहल्ला ।

దొందడించుట दोंदडिंचुट—दे. अक. शोर मचाना, कोलाहल करना ।

దొందము दोंदमु – तद्. सं. द्वंद्व, न. स्थौल्य, मोटा बनना ।

దొంపు दोंपु—दे. न. क्यारियों की कतार ।

దొడదొడ दोडदोड—दे. न. द्रवपदार्थ के झरने की आवाज़ का अनुकरणात्मक शब्द ।

దొడవ दोडव—दे. वि. कुरूपी, बदसूरत ।

దొడ్డ दोड्डु—दे. वि. बड़ा ।

దొడ్డతనము दोड्डुतनमु–दे. न. बड़प्पन । बडाई । शराफ़त ।

దొడ్డవాఁడు दोड्डुवा'डु—दे. वि. महान् पुरुष । बड़ा आदमी ।

దొడ్డి दोड्डि—दे. न. पिछवाडा । पाखाना । पशुओं को बाँधने की जगह ।

దొడ్డికాళ్లు दोड्डिकाळ्ळु—दे. ब. व. टेढ़े घुटने ।

దొడ్డివాకిలి दोड्डि वाकिलि—दे. न. घर के पिछवाड़े का द्वार ।

దొనుకు दोनुकु दे. न. दुःख । शोक, रंज ।

దొన్నియ दोन्निय—तद्. सं. द्रोणिका–न. दोना । अ. रू. दोन्ने, दोप्प ।

దొబ్బుడాయి दोव्वुडायि–मि. न. अहंकार, अक्कड़पन । गर्व । गुस्ताखी ।

దొమ్మ दोम्म—दे. न. जानवरों का एक रोग ।

దొమ్మరి दोम्मरि—दे. पुं. बाँस पर नाचने-वाला ।

దొమ్మి दोम्मि—तद्. सं. तुमुलः–न. संकुल युद्ध । घमासान लड़ाई ।

దొమ్ములాడుట दोम्मुलाडुट—दे. अक. झगड़ना । लड़ाई करना ।

దొర दोर—दे. पुं. मालिक, प्रभु । वि. समान, तुलनीय ।

దొరకొనుట दोरकोनुट—दे. अक. कोशिश करना, यत्न करना । शुरू करना । भार उठाना ।

దొరకుట दोरकुट—दे. सक. प्राप्त होना । मिलना ।

దొరకోలు दोरकोलु—दे. न. शुरुआत, प्रारंभ ।

దొరతనము दोरतनमु—दे. न. प्रभुता । आधिपत्य ।

దొరయుట दोरयुट—दे. अक. लगना । सक. बराबरी करना, होड़ करना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

దొరలుట दोरलुट—दे. अक. लुढ़कना।
దొరవి दोरवि—दे. न. तालाब, सरोवर।
దొరసాని दोरसानि–मि.स्त्री.रानी। मालकिन।
దొరువు दोरुवु—द्र. दोरवि।
దొర్లు दोर्लु—द्र. दोरलु।
దొఱటు दोऱ्टु—दे. न. कोटर। खोखला।
దొఱయుట दोऱ्युट—दे. सक. प्राप्त करना। हासिल करना, कमाना।
దొసఁగు दोसँगु—तद्. सं. दोषः–न. दोष, ग़लती। आफ़त।
దొసవు दोसवु—दे. न. दोसगु।

దో (दो)

దోఁకుట दोँकुट—दे. सक· छीलना। क़ै करना। अ. रू. डोँकुट।
దోఁగాడుట दोँगाडुट—दे. (दोँगि+आड़ट) अक. घुटनों के बल पर चलना।
దోఁగుట दोँगुट—दे. सक. खाल उधेड़ना। घुटनों के बल चलना।
దోఁచుట दोँचुट—दे. सक. अपहरण करना, लूटना।
దోఁపిడి दोँपिडि—दे. न. लूटमार।
దోఁపిడికాఁడు दोँपिडिकाँडु—दे. पुं. लुटेरा, डाकू।
దోఁపు दोँपु—दे. न. लूटना।
దోఁపుకాఁడు दोँपुकाँडु—दे. पुं. लुटेरा, डाकू।
దోగ్ధ दोग्घ—सं. पुं. ग्वाला।
దోగ్ధ్రి दोग्घ्रि—सं. स्त्री. व्यायी हुई गाय।
దోదసి दोदसि—तद्. सं. द्वादशी–न. पक्ष की बारहवीं तिथि।
దోనమ్ము दोनम्मु—दे. (दोनि+अम्मु) न. छोटा बाण।
దోని दोनि—तद्. सं. द्रोणि–न. छोटी नाव, किश्ती।
దోమ दोम—दे. अम मशक, मच्छड़।
దోము दोमु—दे. न. बदहजमी के कारण दस्त होना।
దోయి दोयि—तद्. सं. द्वयि। न. जोड़ा, दो चीजों का संकलन। युग्म।
దోయిలి दोयिलि—तद् सं. द्वयि–न. कर-पुट, अंजलि। दोनों हथेलियों को जोड़ने से बीच में बनने वाला गड्ढा।
దోయిలించుట दोयिलिंचुट—तद्. सक. अंजलि बनाना।
దోర दोर—द्र. दोँतर। वि. थोड़ा-सा लाल बना हुआ। झुका हुआ।
దోరగిలుట दोरगिलुट—दे. अक. लाल बनना। कुछ-कुछ पकना। गदराना। अ. रू. दोरगिल्लुट।
దోరణ दोरण—तद्. सं. तोरणम्–न. तोरण, बन्दनवार।
దోరము दोरमु—तद्. सं. द्वारः–न. द्वार, दरवाजा।
దోరుట दोरुट—दे. अक. मरना, मृत होना।
దోర్మూలము दोर्मूलमु—सं. न. कक्षा, बगल।
దోవతి दोवति–तद्. सं. धोती–न. धोती।
దోషకారి दोषकारि—सं. पुं. वि. अपराधी, कसूरवार।
దోషజ్ఞుఁడు दोषज्ञुँडु—सं. पुं. वि. पंडित। दोष जानने वाला।
దోషము दोषमु—सं. न. दोष, अपराध। क़सूर।
దోషాకరుఁడు दोषकारुँडु—सं. पुं. चन्द्रमा, चाँद।
దోషి दोषि—सं. वि. अपराधी, क़सूर-वार।
దోస दोस—दे. न. ककडी।
దోసకారి दोसकारि—तद्. सं. दोषकारिन्–वि. पुं. अपराधी।
దోసి दोसि—तद्. सं. दोषिन्। पुं. दोषी।
దోసె दोसॆ—दे. न. एक भक्ष्य जो दक्षिण भारत में सर्वत्र प्रचलित है।
దోసెడు दोसॆडु—दे. वि. (परिणाम वाचक) अंजलि भर।
దోహదము दोहदमु—सं. न. दोहद। गर्भवती स्त्री की इच्छा। खाद।
దోహనము दोहनमु—सं. न. दुहना, दोहन।
దోహలము दोहलमु—सं. न. उत्साह। जोश।

దౌ (दौ)

దౌడ दौड—दे. न. जबड़ा, तालु।
దౌడు दौडु—हि. दौड़–न. भागना। पलायन।
దౌత్యము दौत्यमु—सं. न. दौत्य। दूतकार्य।
దౌర్భాగ్యము दौर्भाग्यमु—सं. न. बदकिस्मत, बदनसीब।
దౌష్ట్యము दौष्ट्यमु—सं. न. शरारत, दौष्ट्य।
దౌహిత్రుఁడు दौहित्रुँडु—सं. पुं. बेटी का बेटा, नाती।
ద్యావాపృథువులు द्यावापृथुवुलु—सं. द्वि. व. आकाश और भूमि।
ద్యుతి द्युति—सं. न. प्रकाश, चमक।
ద్యుమణి द्युमणि—सं. पुं. सूर्य, सूरज।
ద్యూతకారుఁడు द्यूतकारुँडु—सं. वि. पुं. जुआरी।
ద్యూతము द्यूतमु—सं. न. जुआ।
ద్యోతకము द्योतकमु—सं. वि. प्रकाश पहुँचाने-वाला। स्फुरण देने वाला।
ద్యోతనము द्योतनमु—सं. न. प्रकाशन, चमकना।
ద్యోతించుట द्योतिंचुट—सं· अक. चमकना, प्रकाशित होना।
ద్యోతితము द्यौतितमु—सं. वि. प्रकाशित, शोभित।
ద్రబ్బెడ द्रब्बॆड—दे. न. एक प्रकार का भक्ष्य।
ద్రమిడుఁడు द्रमिडुँडु—सं. वि तमिल प्रदेश का निवासी।
ద్రవము द्रवमु—सं. न. द्रव–नमी, तरी।
ద్రవించుట द्रविंचुट—सं. अक. झरना, स्रवित होना।
ద్రవిడప్రాణాయామము द्रविड प्राणायाममु—मु. किसी बात को घुमा–फिरा के कहना।
ద్రవిడము द्रविडमु—सं. न. तमिल प्रदेश अथवा तमिल भाषा।
ద్రవ్యము द्रव्यमु—सं. न. द्रव्य, धन। वि. शुभकर, भव्य।
ద్రవ్యములు द्रव्यमुलु—सं. ब. व. दर्शन में नौ द्रव्य माने माते हैं। १. पृथ्वी २. पानी ३. तेज ४. वायु ५. आकाश ६. काल ७. दिक् ८. आत्मा ९. मन।
ద్రాక్ష द्राक्ष—सं. न. दाख, द्राक्षा।
ద్రాక్షపండ్లు పులుపు द्राक्ष पंड्लु पुलुपु—मु. अंगूर खट्टे हैं। नाकामयाव होने का भाव।
ద్రాక్షాపాకము द्राक्षापाकमु—सं. न. काव्य के त्रिविध पाकों में से एक जो अत्यंत आस्वादनीय रहता है।
ద్రాక్షారామము द्राक्षाराममु—सं. न. आन्ध्रप्रदेश का एक प्रसिद्ध शैवक्षेत्र जहाँ भीमेश्वर विराजमान हैं। यह पाँच आराम-क्षेत्रों में से एक है।
ద్రాఘిష్ఠము द्राघिष्ठमु—सं. वि. बड़ा ही दीर्घ। सब से लंबा।
ద్రావ द्राव—दे. वि. असार, निस्सार।
ద్రావకము द्रावकमु—स. न. दवा जो पी जाती है।
ద్రావిడులు द्राविडुलु—सं. ब. व. द्राविड़ लोग।
ద్రిమ్మరి द्रिम्मरि—दे. वि. घुमक्कड़, पर्यटक।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ద్రుతము द्रुतमु—सं. वि. वेगशील। तेलुगु के व्याकरण में न-कार को द्रुत कहते हैं।

ద్రుమము द्रुममु—सं. न. पेड़।

ద్రొబ్బుట द्रोब्बुट—दे. सक. गिरा देना। ढकेलना।

ద్రోహివాఁడు द्रोनुवाण्डु—दे. वि. लुटेरा, डाकू।

ద్రోణము द्रोणमु—सं. न. सुराख।

ద్రోణి द्रोणि—सं. न. किश्ती।

ద్రోణుఁడు द्रोणुण्डु—सं. पुं प्रसिद्ध गुरु द्रोणाचार्य।

ద్రోపది द्रोपदि—तद्. सं. द्रौपदी—स्त्री. महाराजा द्रुपद की पुत्री तथा पाण्डवों की पत्नी।

ద్రోవది द्रोवदि—द्र. द्रोपदि।

ద్రోహము द्रोहमु—सं. न. मारने की इच्छा। तीव्र अपकार।

ద్రోహి द्रोहि—सं. पुं. किसी का अपकार अथवा विश्वासघात करनेवाला।

ద్వంద్వము द्वद्वमु—सं. न. जोड़ा, युग्म। एक समास जिसमें दोनों पदों की प्रधानता रहती है। उदा. रामलक्ष्मणुलु।

ద్వయము द्वयमु—सं. न. युग्म, जोड़ा।

ద్వాదశకము द्वादशकमु—सं. सर्व. बारह।

ద్వాదశము द्वादशमु—सं. सर्व. बारहवाँ

ద్వారబంధము द्वारबंधमु—सं. न. दरवाजा।

ద్వారము द्वारमु—सं. न. द्वार, दरवाजा।

ద్వారవతి द्वारवति—सं. न. एक प्रसिद्ध पुण्य क्षेत्र। द्वारका।

ద్విగుణము द्विगुणमु—सं. सर्व. दुगुना।

ద్విజము द्विजमु सं. अम. पक्षी। चिड़िया।

ద్విజరాజు द्विजराजु—सं. पुं. चन्द्रमा, चाँद। गरुत्मान। गरुड।

ద్విజిహ్వము द्विजिह्वमु—सं. अम. सर्प, साँप।

ద్విజుఁడు द्विजुण्डु—सं. पुं. ब्राह्मण।

ద్వితయము द्वितयमु—सं. सर्व. दो।

ద్విపద द्विपद—सं. न. तेलुगु काव्यों में प्रयुक्त एक देशी छंद जिसमें दो चरण होते हैं।

ద్విపము द्विपमु—सं. अम. हाथी।

ద్విభాషి द्विभाषि—सं. वि दो भाषाओं को जाननेवाला, एक भाषा में से दूसरी भाषा में अनुवाद करनेवाला। दुभाषी।

ద్విరదము द्विरदमु—सं. अम. हाथी।

ద్విరేఫము द्विरेफमु—सं अम. भ्रमर। भौंरा।

ద్వీపము द्वीपम सं. न. टापू, द्वीप।

ద్వీపవతి द्वीपवति—सं. न. नदी।

ద్వీపములు द्वीपमुलु सं. ब. व. पुराणों में सात द्वीप माने जाते हैं। १. जम्बू २. प्लक्ष ३. कुश ४. क्रौंच ५. शाक ६. शाल्मली ७. पुष्कर।

ద్వేషించుట द्वेषिंचुट—सं. सक. घृणा करना, नफ़रत करना।

ద్వైతము द्वैतमु—सं. न. एक वन। जीवात्मा और परमात्मा में भेद माननेवाला धर्म।

ద్వైధీభావము द्वैधीभावमु—सं. न. दुविधा, असमंजस, पसोपेश।

ద్వైపాయనుఁడు द्वैपायनुण्डु—सं. पुं. वेदव्यास।

ద్వైమాతురుఁడు द्वैमातुरुण्डु—सं. वि. विनायक, गणपति।

ధ (ध)

ధ ध—इक्कीसवाँ व्यंजनाक्षर।

ధగిడీ धगिड़ी—हि. धगड़ी—स्त्री कुलटा, पुंश्चली। छिनाल।

ధనంజయుఁడు धनंजयुण्डु—सं. पुं. अर्जुन, अग्नि।

ధనదుఁడు धनदुण्डु—सं. पुं. कुबेर।

ధనము धनमु—सं. न. धन। दौलत।

ధనవంతుఁడు धनवतुण्डु सं. पुं. वि. दौलतमंद, धनवान्।

ధనియము धनियमु—सं. न. धनियाँ।

ధనుర్ధరుఁడు धनुर्धरुण्डु—सं. वि. तीरंदाज़। धानुष्क।

ధనుర్వేదము धनुर्वेदमु—सं. न. उपवेदों में से एक।

ధనువు धनुवु—सं. न. धनु, कमान। अ. रू. धनुस्सु।

ధన్యుఁడు धन्युण्डु—सं. पुं. सुकृति, धन्य व्यक्ति।

ధన్వంతరి धन्वंतरि—सं. पुं. वैद्य-शास्त्र का अधिष्ठान-देवता।

ధన్వి धन्वि—सं. वि. धानुष्क तीरंदाज़।

ధమని धमनि—सं. न. नब्ज। नरकुल। नाड़ी, शिरा।

ధమ్మిల్లము धम्मल्लमु सं. न. स्त्री के सिर के बालों का जूड़ा जिस में फूल आदि गुँथे हुए हों। अ. रू. धम्मिल्लमु।

ధర धर—सं. न. भूमि, मही, ज़मीन। क़ीमत।

ధరణా धरणा—हि. धरना—न. किसी के द्वार पर किसी काम के संपन्न होने तक अड़ कर बैठ जाना।

ధరణి धरणि—सं. न. मही, ज़मीन।

ధరణీధరము धरणीधरमु—सं. न. पर्वत, पहाड़।

ధరణీధరుఁడు धरणीधरुण्डु—सं. पुं. राजा, पर्वत। आदिशेषु।

ధరాధరము धराधरमु—सं. न. पहाड़, पर्वत।

ధరామరుఁడు धरामरुण्डु—सं. पुं. ब्राह्मण।

ధరావత్తు धरावत्तु—दे. न. जमानत।

ధరించుట धरिंचुट—सं. सक. धारण करना। पहनना।

ధరిత్రి धरित्रि—सं. न. जमीन, धरा। धरती।

ధర్మజ్ఞుఁడు धर्मज्ञुण्डु—सं. वि. धर्म को जाननेवाला।

ధర్మపత్ని धर्मपत्नि—सं. स्त्री. अग्निदेव को साक्षी बना कर विवाह की गई पत्नी।

ధర్మము धर्ममु—सं. न. धर्म। न्याय, इन्साफ़। धनुप। बाण। वस्तुगत तत्त्व का स्वभाव।

ధర్మరాజు धर्मराजु—सं. पुं. युधिष्ठिर। यमराज। बुद्धदेव।

ధర్మాసనము धर्मासनमु—सं. न. धर्म अथवा न्याय का सिंहासन जिस पर बैठकर पंडित लोग न्याय किया करते थे।

ధర్మువు धर्मुवु—सं. न. धर्म।

ధర్షణము धर्षणमु—सं न. धर्षण, दबाना।

ధర్షించుట धर्षिंचुट—सं. सक तिरस्कार करना, उपेक्षा करना। नीचा दिखाना।

ధవళపక్షము धवळपक्षमु—सं. न. मास का वह पक्ष जिसमें चन्द्रमा उत्तरोत्तर वृद्धि पाता जाता है।

ధవళము धवळमु—सं. वि. धवल, सफ़ेद।

ధవళిమ धवळिम—सं.न. धवळिमा, सफ़ेदी।

ధవుఁడు धवुण्डु—सं. पुं. पतिदेव। शौहर।

ధా (धा)

ధాటి धाटि—सं. न. हमला। सेना। मु: धैर्य। बहादुरी।

ధాత धात—सं. पुं. ब्रह्मदेव, सृष्टिकर्ता।

ధాతుభృత్తు धातुभृत्तु—सं. पुं. पर्वत, पहाड़।

ధాత్రి धात्रि—सं. न. मही, धरा, ज़मीन।

ధానుష్కుఁడు धानुष्कुण्डु—सं. वि. तीरन्दाज। धानुष्क।

ధాన్యము धान्यमु—सं. न. धान, अनाज।

ధామము धाममु—सं. न. धाम, मकान, सदन। तेज, प्रभा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ధాయ్య धाय्य—सं. न. यज्ञ में अग्नि को प्रज्वलित करने के लिये पढी जानेवाली ऋचा ।

ధార धार—सं. न. धारा, प्रवाह, झरना । तलवार आदि की धार ।

ధారణము धारणम्—सं. न. धारण करना । याद रखना ।

ధారణి धारणि—सं. न. धरा, जमीन । अ. रू. धारुणि ।

ధారపోయుట धारपोयुट—मि. सक. जलधारा हाथ में छोड़ते हुए दान देना ।

ధారాదత్తము धारादत्तम्—सं. वि. धारा के साथ दान में दी हुई चीज़ । मु. मुफ्त में दे देना ।

ధారాధరము धाराधरम्—सं. न. बादल, मेघ ।

ధారా సంపాతము धारा संपातम्—सं. न. मूसलधार पानी पड़ना ।

ధారాళము धाराळम्—सं. वि बे-रोकटोक का । अनर्गल, विशृंखल । उन्मुक्त ।

ధార్మికుడు धार्मिकुडु—सं. वि. पुं. धानुष्क, तीरंदाज । पुण्यशील, धर्मप्रवण, नेकनीयत का आदमी ।

ధార్ష్ట్యము धार्ष्ट्यम्—सं. न. धृष्टता ।

ధావనము धावनम्—सं. न. धावन, दौड़ लगाना । पलायन ।

ధావళ్యము धावल्यम्—सं. न. धवलिमा, सफ़ेदी ।

ధిక్కారము धिक्कारम्—सं. न. धिक्कार । तिरस्कार ।

ధిక్కృతము धिक्कृतम्—सं. वि. धिक्कार किया हुआ । तिरस्कृत । उपेक्षित ।

ధిషణ धिषण—सं. न. बुद्धि, अकल ।

ధిషణుడు धिषणुडु—सं. पुं. बृहस्पति ।

ధీమంతుడు धीमंतुडु—सं. वि. विद्वान् । आलिम पंडित । बुद्धिमान ।

ధీర धीर—सं. स्त्री. एक प्रकार की नायिका जो पर-स्त्री-संगम-दूषित अपने पति की निन्दा परुषवचनों से करती है ।

ధీరుడు धीरुडु—सं. वि. विद्वान् । दृढ-चेता ।

ధీరోదాత్తుడు धीरोदात्तुडु—सं. पुं. नाटक का उत्तम नायक जैसे श्रीरामचन्द्रजी ।

ధీరోద్ధతుడు धीरोद्धतुडु—सं. वि. काव्य का वह नायक जो मायावी, प्रचण्ड, चपल, घमण्डी, शूर, अपनी तारीफ का पुल बाँधनेवाल होता है जैसे भीमसेन प्रभृति ।

ధీవరుడు धीवरुडु—सं. पुं. मछुआ ।

ధుంధుం धुंधुं—अव्य. नाराज़गी का अनुकरणात्मक शब्द ।

ధుతము धुतम्—सं. वि. विचलित, हिला हुआ । छोड़ा हुआ ।

ధుత్తూరము धुत्तूरम्—सं. न. धतूरा, कनक पुष्प ।

ధుని धुनि—सं. स्त्री. नदी, सरिता ।

ధురంధరము धुरंधरम्—सं. पुं. बैल । वि. भार ढोनेवाला । प्रज्ञाशाली ।

ధూననము धूननम्—सं. न. हिलाना, कंपित करना ।

ధూపము धूपम्—सं. धूप, खुशबूदार धुआँ ।

ధూపాయితము धूपायितम्—सं. वि. तपा हुआ । संतप्त । धूप दिया हुआ ।

ధూపితము धूपितम्—सं. वि. धूप लगा हुआ ।

ధూమయోని धूमयोनि—सं. न. बादल, मेघ ।

ధూర్జటి धूर्जटि—सं. पुं. शिवजी, महादेवजी । तेलुगु साहित्य का एक महान् प्रसिद्ध कवि जो अपनी भक्ति-प्रवण-कविता के लिये अत्यंत प्रसिद्ध है । ये सोलहवीं शती ई० में हुये थे ।

ధూర్తు धूर्त—सं. वि. दुष्ट, बदतमीज़, वंचक, दगाबाज़ ।

ధూర్తుడు धूर्तुडु—द्र. धूर्त ।

ధూళి धूळि—सं. न धूल ।

ధూసరము धूसरम्—सं. न. भूरा रंग । वि. धूसैला रंग का । अम. गधा ।

ధృతము धृतम्—सं. वि. धारण किया हुआ ।

ధృతరాష్ట్రుడు धृतराष्ट्रुडु—सं. पुं. दुर्योधन का पिता ।

ధృతి धृति—सं. न. धारण करना । धैर्य ।

ధృష్టుడు धृष्टुडु—सं. वि. धृष्ट, ढीठ ।

ధేనువు धेनुवु—सं. स्त्री. गाय ।

ధైర్యము धैर्यम्—सं. न. धैर्य, हिम्मत ।

ధోరణము धोरणम्—सं. अम. वाहन योग्य हाथी आदि ।

ధోరణి धोरणि—सं. स्त्री. पद्धति, ढंग ।

ధౌరంధర్యము धौरंधर्यम्—सं. न. धुरंधरता, निपुणता ।

ధౌరేయుడు धौरेयुडु—सं. वि. प्रज्ञाशाली ।

ధ్యాత ध्यातृ—सं. वि. ध्यान करनेवाला ।

ధ్యాతము ध्यातम्—सं. वि. ध्यान किया हुआ ।

ధ్యాతవ్యము ध्यातव्यम्—सं. वि. ध्यान करने योग्य ।

ధ్యానము ध्यानम्—सं. न ध्यान । स्थिरता के साथ भगवान के विषय में सोचते रहना ।

ధ్యానించుట ध्यानिंचुट—सं. सक. ध्यान करना । प्रार्थना करना ।

ధ్యేయము ध्येयम्—सं. वि. ध्यातव्य, ध्यान करने योग्य । लक्ष्य ।

ధ్రుతి ध्रुति—सं. न संचारी भावों में से एक ।

ధ్రువము ध्रुवम्—सं. वि. स्थिर, अचंचल । न. ताल-विशेष । निश्चय, सत्य ।

ధ్రువుడు ध्रुवुडु—सं. पुं. पौराणिक युग का एक महान् भक्त ।

ధ్వంసము ध्वंसम्—सं. न. ध्वंस, नाश । तबाही ।

ధ్వంసించుట ध्वंसिंचुट—सं. सक. बर्बाद करना, नाश करना ।

ధ్వజము ध्वजम्—सं. न. ध्वज, पताका । झंडा ।

ధ్వజిని ध्वजिनि—सं. न. सेना, फौज ।

ధ్వని ध्वनि—सं. न. शब्द, आवाज़ । काव्य का व्यंग्य । व्याकरण शास्त्र का 'स्फोट' ।

ధ్వస్తము ध्वस्तम्—सं. वि. नाश किया हुआ । ध्वंस किया हुआ ।

ధ్వాంక్షము ध्वांक्षम्—सं. अम. वायस, कौआ ।

ధ్వాంతము ध्वांतम्—सं. न. अंधेरा, तम ।

ధ్వానము ध्वानम्—सं. न ध्वनि, आवाज़ ।

న (न)

న न—तेलुगु वर्णमाला का बाईसवाँ व्यंजनाक्षर ।

నంగనాచి नंगनाचि—दे. स्त्री. चालाक औरत, विलासिनी स्त्री ।

నంగిమాట नंगिमाट—दे. न. ऐसा बोलना जिसमें नासिक-ध्वनि निकले ।

నంచుట नंचुट—दे. सक. चखना, चाटना, टुगना अ. रू. नंजुट ।

నంజు नंजु—दे. न. जलोदर, देह में रक्त की जगह पानी बढ़ने का रोग ।

నంజుడు नंजुडु—दे. न. मांस । गोश्त ।

నంజువారుట नंजुवारुट—दे. अक. रक्त की कमी होकर पीला पड़ना ।

నంటు नंटु—दे. न. स्नेह, मित्रता । दोस्ती ।

నంద్రకాయ नंद्रकाय—दे. अम. केकडा ।

నందకము नंदकम्—सं. न. विष्णु का नन्दक नामक खड्ग ।

నందన नंदन—सं. न. लड़की, पुत्री ।

నందనవనము नंदनवनम्—सं. न. देवताओं के राजा इन्द्र का उद्यानवन ।

నందనుడు नन्दनुडु—सं. पुं. लड़का, पुत्र ।

నంది नंदि—सं. पुं. महादेवजी का वृषभ-वाहन ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

నందివర్ధనము नंदिवर्धनमु—सं. न. एक सफ़ेद फूल जो आँखों को ठंड़क पहुँचाता है।

నంబరు नंबरु—अं. न संख्या। क्रम-संख्या।

నంబి नंबि—दे. पुं. विष्णु का पुजारी।

నంబెరుమాళ్లు नंबेरुमाळ्ळु—दे. पुं. श्री रंगनाथ स्वामी।

నకనకబడుట नकनकवड्ट—मि. अक. कृशीभूत होना। दुवला होना। भूख के मारे अकुलाना।

నకనకలు नकनकलु - दे. न. भूख लगने का अनुकरणात्मक शब्द।

నకనకలాడుట नकनकलाड्ट—दे. अक. भूख के मारे परेशान होना।

నకనకలు గుడుచుట नकनकलु गुडुचुट—द्र. नकनकलाड्ट।

నకలు नकलु—अ. नकल–न. कापी, प्रतिलिपि। भाँड़ों का स्वांग तक्लीद।

నకిలీ नकिली—अ. नक्ली–वि. कृत्रिम, बनावटी।

నకీబు नकीवु—अ. नक़ीव–पुं. चोवदार। वेत्रधारी, पहरी।

నక్క नक्क—दे. अम. सियार।

నక్కజిత్తులు नक्कजित्तुलु—मु. चालाकवाजी, छद्म युक्तियाँ।

నక్కనడుమున్రొక్కుట नक्क नड्डुमुन्रोक्कुट—मु. भाग्य का खिलना। खुशकिस्मत का निकलना।

నక్క వినయము नक्क विनयमु—मु. कपट विनय, विनय का स्वांग रचना।

నక్కిల్లు नक्किल्ळु—दे. व. व. जवड़े की जोड़।

నక్కిల్లపడుట नक्किळ्ळपड्ट—मु. मुँह से बात नहीं निकल पाना।

నక్కు नक्कु—दे. न. सोने का चंदवा। पैवद। अक. छिप। दवक। ताक में रह।

నక్తంచరము नक्तंचरमु—सं. अम. उल्लू।

నక్తంచరుఁడు नक्तंचरुॅडु—सं. पुं. राक्षस।

నక్తము नक्तमु—सं. न. रात।

నక్రము नक्रमु—सं. अम. मकर, मगर।

నక్షత్రమాల नक्षत्रमाल—सं. न. एक आभरण। किसी व्यक्ति अथवा भगवान की प्रशंसा में लिखे गये सत्ताईस छंदों का एक संकलन।

నక్షత్రము नक्षत्रमु—सं. न. तारा, नक्षत्र।

నక్షత్రేశుఁడు नक्षत्रेशुॅडु—सं. पुं. चन्द्रमा, चाँद।

నఖంపచము नखंपचमु—सं. वि. कवोष्ण, थोड़ा सा गरम।

నఖక్షతము नखक्षतमु—सं. न. नाखूनों से की गई चोट जो, प्रायः कुच आदि भागों में रति-क्रीड़ा के समय की जाती है।

నఖము नखमु—सं. न. नख, नाखून।

నగ नग—दे. न. भूषण। जवाहिर

నగణము नगणमु—सं. न. वह गण जिस में तीन लघु अक्षर होते हैं। उदा. कमल।

నగదు नगदु—अ. नक़द–न. नक़द, रुपया पैसा, कैश।

నగధరుఁడు नगधरुॅडु—सं. पुं. भगवान विष्णु।

నగపతి नगपति—सं. न. हिमालय।

నగము नगमु—सं. न. पहाड़, पर्वत। अम. साँप। एक गण जिस में क्रमशः तीन लघु एवं एक गुरु होते हैं। उदा. जनकजा।

నగరము नगरमु—सं. न. नगर, शहर।

నగవు नगवु—दे न. हँसी।

నగవైరి नगवैरि—सं. पुं. इन्द्र। (पहाड़ों का दुश्मन)

నగాధిరాజు नगाधिराजु—सं. पुं. हिमवान। हिमालय।

నగారా नगारा—फ़ा. नगारा–न. नगाड़ा।

నగిషి नगिषि—अ. नक्शी–जिस पर नक्श या वेल-वूटे हों।

నగు नगु—दे. न. हँसी। हास। अक. हँस।

నగుఁబాటు नगुॅबाटु—दे. न. हँसी।

నచ్చిక नच्चिक—दे. न. विश्वास, भरोसा।

నచ్చినవాఁడు नच्चिनवाॅडु—मि. वि. आप्त जन, इष्ट जन। मित्र। पसंद आया हुआ आदमी।

నచ్చచెప్పుట नच्चचेप्पुट—मि. सक. समझाना बुझाना।

నచ్చు नच्चु—दे. न. विलम्ब, देरी, अलसता, जाड्य। सक. विश्वास कर, पसन्द कर।

నచ్చుకాఁడు नच्चुकाॅडु - दे. वि. सुस्त आदमी, आलसी।

నజరానా नजराना—अ. फा. नज्रानः, न. उपहार, भेंट, नज़राना।

నజరు नजरु—अ. फा. नज्र–न. उपहार, नज़राना।

నజ్జు नज्जु—दे. न. अणु, बहुत थोड़ा अंश।

నటనము नटनमु—सं. न. नटना, नाट्य। बहाना, स्वांग।

నటి नटि—सं. स्त्री. नटी।

నటించుట नटिंचुट—सं. अक. स्वांग रचना। अभिनय करना।

నటుఁడు नटुॅडु—सं. पुं. नट। नाटक का पात्रधारी।

నటుపేయిడు नटुपेयिड्—अ. नाट पेयिड्–वह खत जिस पर डाक का टिकट नहीं लगाया गया हो।

నట్టనడుము नट्टनड्डुमु—दे. न. बीचोंबीच। अ. रू. नट्टनड्डुमु। (नड्डुमु+नड्डुमु)

నట్టాడుట नट्टाड्ट—मि. अक. नाचना, नर्तन करना।

నట్టిల్లు नट्टिल्लु—दे. न. गर्भगृह।

నట్టు नट्टु—दे. न. स्थान, जगह।

నట్టుకొట్టుట नट्टुकोट्टुट—दे. अक. विलंब करना। देरी करना। सुस्ताना।

నట్టుకొనుట नट्टुकोनुट—दे. अक. जम जाना क़ायम होना, प्रतिष्ठित होना।

నట్టువ नट्टुव—तद्. सं. नर्तनम्–न. नाच, नर्तन।

నట్టువకాఁడు नट्टुवकाॅडु—मि. पुं. नाचनेवाला।

నట్టువడుట नट्टुवड्ट—दे. अक. बाधा पड़ना, अवरुद्ध होना। नागा होना।

నట్టువము नट्टुवमु—तद्. सं. नाट्यम्–न. नटना, नाट्य।

నట్టువుఁడు नट्टुवुॅडु—तद्. सं. नर्तकः –पुं. नाचनेवाला। नर्तक।

నట్టువోజ్జ नट्टुवोज्ज—मि. (नट्टुव+ओज्ज) पुं. नाट्योपाध्याय। नाच सिखाने वाला गुरु।

నట్టేరు नट्टेरु—मि. न. मँझधार। नदी की मध्य धारा।

నడ नड—दे. न. चाल, चलन।

నడక नडक—दे. न. गति, चाल।

నడచుట नडचुट—दे. अक. चलना।

నడజోదు नडजोदु—दे. पुं. भट, पदाति।

నడత नडत—दे. न. चरित्र, व्यवहार। वर्ताव।

నడతెంచుట नडतेंचुट—दे. अक. जाना, प्रस्थान करना।

నడపీనుగు नडपीनुगु—दे. पुं. जीवच्छव, जीवन्मृत।

నడపుట नडपुट—न, प्रे. हांकना, चलाना।

నడబావి नडबावि—दे. न. वापी, वावली।

నడయాడుట नडयाड्ट—दे. अक. टहलना।

నడవ नडव—दे. न. सहन, घर के बीच का खुला हुआ भाग।

నడవడి नडवडि—दे. न. चरित्र, आचरण। वर्ताव।

నడి नडि—दे. वि. बीच का।

నడికట్టు नडिकट्टु—दे. न. वस्त्र। प्रसविनी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्त्री के कमर में बँधा वस्त्र ।
నడికిరేయి नडिकिरेयि—दे. क्रि. वि. आधी रात में । अ. रू. नडिरेयि ।
నడిమి नडिमि दे. वि. बीच का ।
నడిమివ్రేలు नडिमिव्रेलु—दे. न. बीच की सबसे बड़ी उँगली ।
నడుకొనుట नडुकोनुट—दे. अक. कंपित होना । हिलना ।
నడుచుట नडुचुट— दे. अक. चलना ।
నడుపు नडुपु—दे. प्रयाण । प्रे. प्रवर्तित कर । सभोग कर ।
నడుమ नड़म—दे. वि. बीच ।
నడుమంతరము नड़ंतरमु—मि. (नडुमु+अंतरमु) वि. बीच का ।
నడుమంతరపు కల్మి नडुमंतरपु कलिम—मु. वीच में संप्राप्त भाग्य ।
నడుము नडुमु—दे. न. कमर । कटि-भाग ।
నడువీథి नडुवीथि—मि. न. चौराहा, चौरस्ता ।
నడ్డి नड्डि—दे. न. रीढ़ का मध्य भाग ।
నతము नतमु—सं. वि. झुका हुआ, नत ।
నతి नति—सं. न. नमस्कार ।
నత్తగుల్ల नत्तगुल्ल—दे. न. क्षुद्र शंख, छोटा घोंघा ।
నత్తి नत्ति—दे. अस्फुट वाणी से बोलना, हकलाहट ।
నత్తు नत्तु—दे. न. नथनी, नथ-बेसर । नाक का एक आभूषण ।
నదము नदमु—सं. न. पूरब से पश्चिम की दिशा में वहनेवाली नदी ।
నదరు नदरु—अ. नज्र-न. उपहार, भेंट ।
నది नदि—सं. न नदी, सरिता ।
నద్ధము नद्धमु—स. वि. बँधा हुआ ।
నన नन—दे. न. कोंपल, पल्लव ।
ననబోఁడి ननबोंʻडि—दे. स्त्री. कोंपल की तरह कोमल स्त्री । स्त्री ।
ననకారు ननकारु—दे. न. वसन्त ऋतु । वहार ।
ననసీరు नननीरु—दे. न. मकरन्द । पुष्प-रस ।
ననయుట ननयुट—दे. अक. पुष्पित होना । खिलना । फूलना ।
ననవిల్కాఁడు ननविल्काʻडु—दे. पुं. मन्मथ, कामदेव ।
ననవిలుతుఁడు ननविलुतुʻडु—दे. पुं. मन्मथ, कामदेव ।
ననుచుట ननुचुट—दे. अक. पुष्पित होना । खिलना, फूलना ।
ననుపు ननुपु—दे. न. अनुराग, प्रेम ।

ననుపుకత్తె ननुपुकत्ते—दे. स्त्री. प्रिया, प्रेयसी ।
ననుపుకాఁడు ननुपुकाʻडु—दे. पुं. वि प्रिय, आशक ।
నన్నూఱు नन्नूरु—दे. सर्व. चार सौ ।
నపుంసకత్వము नपुंसकत्वमु—सं. न. नपुंसकता । हिजड़ापन ।
నపుంసకుఁడు नपुंसकुʻडु—नपुंसक, हिजड़ा ।
నప్పుట नप्पुट—दे सक. पच्चीस, शतरंज आदि खेलों में गोटियों को ठीक ढंग से चलाना ।
నఫా नफा—अ. नफ़ा–न. नफ़ा, लाभ ।
నభము नभमु—सं. न. नभ, आकाश, आसमान ।
నమనము नमनमु—सं. न. झुकना, विनम्र होना । नमस्कार ।
నమలి नमलि—दे. अम. मयूर, मोर ।
నమలుట नमलुट दे. सक. चवाना ।
నమస్కరించుట नमस्करिचुट—सं सक. नमस्कार करना ।
నమస్కారము नमस्कारमु—सं. न. नमस्कार, प्रणाम ।
నమస్సు नमस्सु—सं. न. नमस्कार ।
నమాజు नमाज़ु—फ़ा. मुसलमानों की ईश्वरीय प्रार्थना ।
నమించుట नमिचुट—सं. सक. नमस्कार करना ।
నమిలి नमिलि—दे. अम. मोर ।
నముచిసూదనుఁడు नमुचिसूदनुʻडु—सं. पुं. इन्द्र ।
నమూదు नमूदु – फ़ा. नमूद–न. दर्ज करना ।
నమూనా नमूना—फा. नमूनः । नमूना, आदर्श, बानगी ।
నమోజు नमोजु—द्र. नमूदु ।
నమోన नमोना—द्र. नमूना ।
నమ్మకము नम्मकमु—दे. न. विश्वास, भरोसा ।
నమ్మి नम्मि—दे. अम. मोर ।
నమ్మిక नम्मिक—दे. न. विश्वास, भरोसा ।
నమ్మినవాఁడు नम्मिनवाʻडु—दे. वि. विश्वास रखनेवाला ।
నమ్ముట नम्मुट—दे. सक. विश्वास करना, यक़ीन करना ।
నమ్రమగుట नम्रमगुट—मि. अक. नम्रहोना, अवनत होना, झुकना ।
నమ్రము नम्रमु—सं. वि. झुका हुआ, अवनत ।
నయగారము नयगारमु—दे. न. मृदुता, कोमलता । अदा ।
నయగారి नयगारि—दे. वि. (नयगारमु+इ) दे. वि. विलासी, शौकीन ।
నయనము नयनमु—सं. न. नयन, आँखें ।

నయము नयमु—सं. न. नीति–दे. न. मृदुलता, सुन्दरता । वि. सस्ता । स्वस्थ, चंगा ।
నరకాంతకుఁడు नरकांतकुʻडु—सं. पुं. श्रीकृष्ण ।
నరకాసురుఁడు नरकासुरुʻडु—सं. पुं. नरक नामक राक्षस ।
నరపాలుఁడు नरपालुʻडु—सं. पुं. राजा ।
నరము नरम—दे. न. नाड़ी, सिरा ।
నరయుట नरयुट—दे. अक. वाल का सफेद होना ।
నరవాహనుఁడు नरवाहनुʻडु—सं. पुं. कुवेर ।
నరసింగఁడు नरसिगʻडु—तद्. स. नरसिंहः, पुं. नरसिंह अ. रू. नरसिंहमु ।
నరియుట नरियुट— द्र. नरयुट ।.
నరుఁడు नरुʻडु—सं. पुं. मनुष्य, आदमी ।
నరుకుట नरुकुट—दे. सक काटना । अ. रू. नरुकुट ।
నరుజు नरुजु—दे. न. चींटियों की पंक्ति ।
నరేంద్రుఁడు नरेन्द्रुʻडु—सं. पुं. राजा । सँपेरा ।
నర్తకి नर्तकि—सं. स्त्री. नर्तकी, नाचनेवाली ।
నర్తకుఁడు नर्तकुʻडु—सं. पुं. नाचनेवाला ।
నర్తనము नर्तनमु—सं. न. नाच, नटना ।
నర్తనశాల नर्तनशाल—सं. न. नाटचगृह, नाचने की जगह ।
నర్తించుట नर्तिचुट—सं. सक. नाचना ।
నర్మద नर्मद—सं. न. नर्मदा नदी ।
నర్మము नर्मम्—सं. न. परिहास । व्यंग्य ।
నర్మిలి नर्मिलि—दे. न. इच्छा, चाह । कामना ।
నరుకుట नरुकुट—दे. सक. काटना खण्डन करना ।
నఱకుపడుట नरकुवड्ट —दे. अक. कट जाना ।
నఱకువాఁడు नरकुवाʻडु—मि. वि. काटने वाला ।
నఱకులాడుట नरकुलाडुट—दे. सक. मारकाट करना, लड़ाई करना ।
నఱుజు नरुजु—दे. न. अणु, स्वल्पांश ।
నఱుమాడుట नरुमाʻडुट—दे. सक. चूर-चूर करना, चकना चूर करना ।
నఱుముట नरुमुट—दे. सक. चूर करना, टुकड़ा-टुकड़ा करना ।
నఱ్ఱి नर्रि—दे. स्त्री. मुश्किल से दुहने योग्य गाय ।
నలక नलक—दे. न. रज-कण, अणु ।
నలఁగుట नलʻगुट—दे. अक. चूर होना । दब जाना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

నలగుడు नलगुड्डु—दे. न. पीड़न, श्रम ।

నలగుడు వడుట नलगुड्डुवड्डुट—दे. अक. पीड़ित होना । कुचला अथवा रौंदा जाना ।

నలగుడు వెట్టుట नलगुड्डु वेट्टुट—दे. सक. दुःख देना, पीड़ित करना ।

నలచేట नलचुट दे. सक. कुचलना, रौंदना ।

నల కూబరుఁడు नलकूबरु'ड्डु—सं. पुं. नलकूवर जो अपनी सुन्दरता के लिये अत्यन्त प्रसिद्ध है ।

నలపుట नलपुट—दे. न. पीड़न, कुचलना, रौंदना ।

నలబై नलवै—दे सर्व. चालीस । अ. रू. नलुवदि ।

నలము नलमु—सं. न. एक गण जिसमें चार लघु अक्षर होते हैं । उदा. नरहरि ।

నలి नलि—दे. न. रज, रेणु । वि. कुचला हुआ । सूक्ष्म ।

నలితిండి नलितिंडि—दे. न. उपाहार, जलपान, नाश्ता ।

నలినము नलिनमु—सं. न. कमल । पद्म ।

నలియుట नलियुट—द्र. नलगुट ।

నలుగుబిండి नलुगुबिंडि—दे. न. उबटन ।

నలుఁడు नलु'ड्डु—सं. पुं. राजा नल ।

నలుగురి నోళ్లలో బడుట नलुगुरिं नोळ्ललो वड्डुट—मु. निंदित होना, अपयश प्राप्त करना ।

నలుగురు नलगुरु—दे सर्व. व. व. उभय० चार ।

నలుచదరము नलुचदरमु—मि. न. वर्गाकार वस्तु अथवा जगह ।

నలుచేట नलुचुट—दे. प्रे. कुचलवाना ।

నలుపు नलुपु—दे. तद्. सं. नैल्यमु । न. कालापन, कालिमा ।

నలుపుపాఱుట नलुपु पारुट—दे. अक. काला होना ।

నలుబది नलुबदि—दे.सर्व. व. व.न. चालीस ।

నలువ नलुव—दे. पुं. ब्रह्म ।

నలువతేజి नलुवतेजि—दे. अम हंस ।

నలువరాణి नलुवराणि—मि. स्त्री. सरस्वती । वाणी ।

నలువు नलुवु—दे. न. सुन्दरता, चारुता । खूबी ।

నలుసంత नलुसंत—दे. वि. रत्ती भर, रंच भर ।

నల్ల नल्ल—दे. न. खून । तद्. सं.–नीलः–वि. काला । न. काला न. कालिमा, कालापन ।

నల్లఁదనము नल्लदनमु—दे. न. कालापन ।

నల్లత్రాచు नल्लत्राडु—मि. अम. कृष्णसर्प । काला साँप ।

నల్లద్రావుడు नल्लद्रावुड्डु—मि. पुं. राक्षस । (रक्त पीने वाला)

నల్లన नल्लन—तद्. सं. नीलः-नि. कालापन ।

నల్లనయ్య नल्लनय्य—तद्. पुं. श्रीकृष्ण भगवान विष्णु । वैश्य वि. काला आदमी ।

నల్లనివాఁడు नल्लनिवा'ड्डु—मि. वि. काला आदमी ।

నల్లమందు नल्लमुंदु—मि. न. अफीम ।

నల్లవో नल्लवो—दे. अव्य. (संताप सूचक) हायरे ।

నల్లి नल्लि—दे. (नल्ल+इ)–अम. खटमल, मत्कुण ।

నల్లిండ్లు नल्लिंड्लु—दे. न. ब्राह्मणों का अग्रहार ।

నల్లిక नल्लिक—अम. एक छोटा सा सर्पाकार कीड़ा केंचुआ ।

నల్లె नल्ले—दे. न. वित्ता ।

నల్లేరు नल्लेरु—दे. न.–वनद्राक्षा, हड़जोड़ ।

నల్లేరు పైబండి नल्लेरु पै वंडि नडक—मु. वड़ी सरलता के साथ काम का संपन्न होना ।

నల్వది नल्वदि—द्र. नलुवदि ।

నల్వరాణి नल्वराणि—द्र. नलुवराणि ।

నల్వురు नल्वुरु—दे. सर्व. उभय. चार आदमी अथवा स्त्रियाँ । अ. रू. नलुवुरु ।

నవ नव—सं. सर्व. नौ ।

నవఁత नव'त—दे. न. कृशता, कमजोरी, दुर्वलता ।

నవఖండములు नवखण्डमुलु—सं. व. व. नौ खण्ड माने जाते हैं । १. भारत २. हेमकूट ३. नैषध ४. इलावृत ५. नील ६. श्वेत ७. कुरु ८. भद्राश्व ९. केतुमाल ।

నవనీతము नवनीतमु—सं. न. ताज़ा मक्खन ।

నవమల్లిక नवमल्लिक—सं. न. नवमल्लिका, चमेली का एक भेद ।

నవమి नवमि—सं. नवमी तिथि ।

నవము नवमु—सं. वि. नवीन, नया ।

నవయుట नवयुट—दे. अक. कृशीभूत होना, कमज़ोर होना, दुबला होना ।

నవల नवल—दे. स्त्री. स्त्री, औरत । अ. रू. नवला । अं. उपन्यास ।

నవారు नवारु—फा. नवार–न. निवार निवाड़, मोटे सूत की पट्टी जिससे पलंग बुनते हैं ।

నవాసాగరము नवासागरमु—मि. न. एक प्रकार का लवण ।

నవాసారము नवासारमु—तद्. सं. – नवक्षारः– न. एक प्रकार का नमक ।

నవీనము नवीनमु—सं. वि. नूतन, नया ।

నవుడుకొట్టుట नवुडुकोट्टुट—दे. अक. खोए से फिरना, विना प्रयोजन के घूमना । आवारा वन के घूमना ।

నవ్యము नव्यमु—सं, वि. नवीन, नया । प्रशंसा करने योग्य ।

నవ్వ नव्व—दे. पुं. छोटा वच्चा । नन्हा वच्चा । मुन्ना ।

నవ్వు नव्वु—दे. न. हँसी । अक. हँसी । अपहास कर, व्यंग कर ।

నవ్వుఁబాటు नव्वु'वाटु—दे. न. अपहास की बात । शरम की बात ।

నవ్వుటాలు नव्वटालु—द्र. नव्वुवाटु ।

నవ్వులాట नव्वुलाट—द्र. नव्वुटालु ।

నవ్వులబండి नव्वुलवंडि—दे. स्त्री. हंसमिजाज की औरत ।

నశించుట नशिंचुट—सं. अक. नष्ट होना । नहस तहस होना ।

నశ్వరము नश्वरमु—सं. वि. नाशवान, नष्ट होनेवाला, फ़ानी ।

నష్టము नष्टमु—सं. न. नष्ट, नुकसान । वि. नाश किया हुआ, ध्वस्त ।

నష్టి नष्टि—सं. न. नष्ट, नुकसान, हानि ।

నస नस—सं. न. खुजलाहट । किरकिला ।

నసపెట్టుట नसपेट्टुट—मु. गुराना, असंतोष से बकना । दबी जबान से शिकायत करना ।

నసీబు नसीबु—अ. नसीव–न. भाग्य, क़िस्मत ।

నసుకు नसुकु—दे. न. गुराहट–अक. असं.-तोष प्रकट कर ।

నసువు नसुवु—दे. न. छोटा पौधा ।

నస్యము नस्यमु—सं. न. नास । सूंघनी ।

నా (ना)

నా ना—दे. सर्व. तेलुगु में 'नेनु' का विकृत रूप । मुझ ।

నాంచారు नांचारु—दे. स्त्री. आण्डाल, गोदा देवी । विष्णुचित्त की कन्या ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

సమానము समानमु—सं. वि. समान, बराबर । सदृश, जोड़का, सा ।

సమానుఁడు समानुंडु — सं. वि. पुं. सानी रखनेवाला, समस्कंध, जोड़ का आदमी ।

సమాపకము समापकमु—सं. वि. पूरा करनेवाला, खतम करनेवाला । एक प्रकार की क्रिया जिससे वाक्य का अर्थ पूरा होता है । काम तमाम करनेवाला ।

సమాప్తము समाप्तमु—सं. वि. पूरा किया हुआ. खतम किया हुआ ।

సమాప్తి समाप्ति—सं. न. पूरा होना, खतम होना । चुक जाना ।

సమాలంబము समालबमु—सं. न. चंदन आदि की चर्चा ।

సమావృత్తుఁడు समावृत्तुंडु—सं. पुं. वेदाध्ययन के बाद विवाह करने के लिये गुरु के द्वारा अनुज्ञा पानेवाला शिष्य ।

సమావేశము समावेशमु — सं. न. समावेश, जमाव । मिलाप ।

సమాశ్వాసము समाश्वासमु -सं. न. आश्वासन, तसल्ली, सांत्वना ।

సమాసము समासमु—सं. न. समास, दो या अधिक पदों का मिल कर एक पद बनने की क्रिया ।

సమాసములు सामसमुलु—सं. ब. व. समासों के मुख्य भेद इस प्रकार हैं ।
१. तत्पुरुष २. कर्मधारय ३. बहुव्रीहि ४. द्वन्द्व ५. द्विगु ६. अव्ययीभाव ।

సమాహరణము समाहरणमु — सं. न. एकत्रित करना, इकट्ठा करना ।

సమాహితము समाहितमु—सं. न. एक अलंकार । वि. समाधिस्थ, सावधान, अच्छी तरह रखा हुआ ।

సమాహారము समाहारमु — सं. न. द्र. समाहरणमु । अ. रू. समाहृति ।

సమాహ్వయము समाह्वयमु — सं. न. अभिख्या, नाम ।

సమితి समिति—स. न. समूह, सभा । युद्ध, लड़ाई ।

సమిధ समिध—सं. न. समिधा, हवन में जलाने की लकड़ी ।

సమీకృతము समीकृतमु — सं. वि. एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ ।

సమీక్షణము समीक्षणमु—सं. न. समालोचना विमर्श, समीक्षा ।

సమీచీనము समीचीनमु सं. वि. समीचीन, उपयुक्त, लायक ।

సమీపము समीपमु—सं. वि. समीप, निकट नजदीक ।

సమీపించుట समीपिंचुट — सं सक. नजदीक आना ।

సమీరణము समीरणमु—सं. न. समीर, पवन, हवा ।

సమీరము समीरमु सं. न. हवा, पवन ।

సమీహితము समीहितमु — सं. वि वांछित, अभिलषित, चाहा हुआ ।

సముచ్చయము समुच्चयमु—स. न. एकत्रित करने मिलाने अथवा जुड़ाने की क्रिया । एक अव्यय जो दो शब्दों अथवा दो वाक्यों को जुड़ता है ।

సముజ్ఝితము समुज्झितमु — सं. वि. त्यक्त, छोड़ा हुआ ।

సముతు समुतु—दे. न. पाबंदी ।

సముత్థానము समुत्थानमु — सं. न. प्रयत्न, कोशिश । सामने जा कर स्वागत करने की क्रिया ।

సముదయము समुदयमु—सं. न. समुदाय, समूह । युद्ध । अभ्युदय ।

సముదాయము समुदायमु—सं. न. समूह, जमात ।

సముదాయించుట समुदायिंचुट—हि. समझाना–सक. समझाना । बुझाना । ढाढ़स देना ।

సముద్గతము समुद्गतमु—सं. वि· भलीभांति निकला हुआ ।

సముద్ధతుఁడు समुद्धतुंडु—सं. पुं. अदम्य स्वभाव का आदमी, उद्दंड । फक्कमंद, अक्कड़ ।

సముద్రము समुद्रमु—सं. न. समुद्र, समुन्दर, दरिया ।

సమున్నద్ధుఁడు समुन्नद्धुंडु—सं. न. वि. गर्वीला, घमण्डी । अपने को पंडित मानने वाला ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సమూఢము समूढमु—सं वि. वि. इकट्ठा किया हुआ, एकत्रित ।

సమూలము समूलमु—सं. वि. आमूलचूड़, जड़ से, आदि से अंत तक ।

సమూహము समूहमु—सं. न. समूह, जमात, जमाव ।

సమృద్ధము समृद्धमु—सं. वि. संपन्न, बिलकुल बढ़ा हुआ, उन्नति की हुई । फलता फूलता हुआ, भरा पूरा ।

సమృద్ధి समृद्धि—सं. न. उन्नति, बढ़ती ।

సమృద్ధుఁడు समृद्धुँडु—सं. वि. पुं. संपन्न व्यक्ति, धनी आदमी ।

సమేతము समेतमु—सं. वि. सहित, मिला हुआ ।

సమ్మతము सम्मतमु—सं. वि. स्वीकृत, कबूल किया हुआ ।

సమ్మతి सम्मति—स. न. अंगीकार, स्वीकार । सद्भाव, राय । अनुज्ञा ।

సమ్మతి పత్రము सम्मतिपत्रमु—सं. न. स्वीकार-पत्र राजीनामा ।

సమ్మదము सम्मदमु—सं. न॰ आह्लाद, संतोष. खुशी ।

సమ్మర్దము सम्मर्दमु—सं. न. भीड़भड़, भगदड़ । पीड़न, दाबने की क्रिया ।

సమ్మర్దించుట सम्मर्दिंचुट सं. सक. संवाहन करना, पैर दावना ।

సమ్మానము सम्मानमु—सं. न. आदर, इज्जत ।

సమ్మానించుట सम्मानिंचुट—सं. सक. आदर करना, इज्जत करना ।

సమ్మార్జనము सम्मार्जनमु—सं. सक. साफ़ करने अथवा मांजने की क्रिया ।

సమ్మార్జించుట सम्मार्जिंचुट—सं. सक. साफ़ करना, झाड़ू देना ।

సమ్మార్జని सम्मार्जिनि—सं. न. झाड़ू ।

సమ్మాళిగలు सम्माळिगलु—तद्. ब. व चप्पल, जूते ।

సమ్మితము सम्मितमु—सं. वि. समान परिणाम का । समान, बरावर ।

సమ్మియ सम्मिय—दे. न. हड़ताल । अ. रू. सम्मे ।

సమ్ముదము सम्मुदमु—दे. न. अधिक आह्लाद ।

సమ్మెట सम्मेट—तद्. सं. शिबलिः न. हथौड़ा ।

సమ్మేళనము सम्मेलनमु—सं. न. सम्मेलन, जमात

సమ్యక్ सम्यक्—सं. वि. सत्य, सच्चा । ठीक, साधु ।

సమ్రాట్టు सम्राट्टु—सं. पुं. सम्राट्, राजा ।

సయాట सयाट—द्व. न परिहास । वचन, हंसी-मजाक । स्त्री-पुरुषों का परस्पर प्रेमालाप । अ. रू. सयाटम् । सय्याटमु ।

సరంగు सरंगु—दे. पुं. नाविक, मल्लाह ।

సరంజాము सरंजामु—फा. न. सरंजाम । न. सामग्री, सामान ।

సరకు सरकु—दे. न. माल, सामान ।

సరకుగొనుట सरकुगोनुट—दे. सक. परवाह करना, श्रद्धा दिखाना ।

సరకుసేయుట सरकुसेयुट—द्व. सक सरकुगोनुट ।

సరఘ सरघ—सं. अम. मधुप, भ्रमर ।

సరము सरमु—सं. न. हार ।

సరవి सरवि दे. न. क्रम, विधान ढंग ।

సరసర सरसर—दे. द्वि. वि. शीघ्र, तुरन्त, जल्दी ।

సరసి सरसि—सं. न. सरोवर, तालाब ।

సరసిజనాభుఁడు सरसिजनाभुँडु—सं. पुं. विष्णु ।

సరసిజభవుఁడు सरसिजभवुँडु—सं. पुं. ब्रह्म ।

సరసీరుహము सरसीरुहमु—सं. न. पद्म, कमल ।

సరసుఁడు सरसुँडु—सं. पुं. रसिक ।

సరస్వంతుఁడు सरस्वंतुँडु—सं. पुं. समुद्र । रसिक, रसज्ञ ।

సరస్వతి सरस्वति—सं. स्त्री. सरस्वती ।

సరస్సు सरस्सु—सं. न. सरोवर, तालाब, जलाशय ।

సరళము सरळमु सं. वि. सरल, सहज, सुलभ, आसान ।

సరాగము सरागमु—सं. वि. रागयुक्त, प्रेम से भरा हुआ । दे. न. स्नेह ।

సరాబు सराबु—अ. शेरिफ़ पुं. सिक्के आदि कीमती चीजें बेचने वाला । एक अधिकारी जो बंबई आदि बड़े शहरों में नियुक्त होता था ।

సరాసరి सरासरि—द्व. न. औसत ।

సరి सरि—तद्. स. सरः । न. हार, लड़ी । क्रि. वि. हाँ, ठीक । वि. समान । (सं. सदृश ।)

సరికడచుట सरिकडचुट—दे. सक. लांघना, अतिक्रमण करना । दूसरे से बढ़ना ।

సరిగ सरिग—तद्. सं. सरः । न. हार, लड़ी ।

సరిచేయుట सरिचेयुट—दे. सक. ठीक करना । दुरुस्त करना ।

సరిచూచుట सरिचूचुट—दे. सक. तुलना करना, मिलान करना । जाँचना ।

సరితూగుట सरितूगुट—दे. अक. बराबर निकलना, समान रहना, ठीक तुलना ।

సరిత్పతి सरित्पति—सं. पु. समुद्र ।

సరిదండ सरिदंड—द्व. न. केयूर, बाजूबंद ।

సరిపడుట सरिपड्डट—दे. अक. अनुकूल होना । पटना । समाना ।

సరిపెట్టుట सरिपेट्टुट—द्व. सक. ठीक बिठाना, सही करना ।

సరిపోవుట सरिपोवुट—द्व. अक. बराबर होना, समान होना ।

సరిహద్దు सरिहद्दु—फा. (सर+हद)अ. न. सीमा, अवधि ।

సరీసృపము सरीसृपमु—सं. अम. सर्प, साँप ।

సరే सरे—अव्य. हाँ ठीक । ऐसे हो ।

సరోజము सरोजमु—सं. न. कमल ।

సర్కారు सर्कारु—फा. सरकार न. प्रभुत्व, स्वामित्व, हुकूमत । शासन ।

సర్గము सर्गमु—सं. न. सर्ग, काव्य का एक अध्याय । सृष्टि, पैदायिश ।

సర్దుట सर्दुट—दे. सक. इन्तजाम करना, सामान को ठीक ढंग से रखना ।

సర్పము सर्पमु—सं. अम. साँप ।

సర్వజనీనము सर्वजनीनमु—सं. वि. सब लोगों से संबंधित ।

సర్వజ్ఞుఁడు सर्वज्ञुँडु—सं. पुं. बुद्ध । शिव । सब जानने वाला । एक कन्नड़ कवि का नाम ।

సర్వభక్షకుఁడు सर्वभक्षकुँडु—सं. पुं. अग्निदेव ।

సర్వమంగళ सर्वमंगळ—सं. स्त्री. पार्वती ।

సర్వము सर्वमु—सं. सर्व. समस्त, सब ।

సర్వాంగీణము सर्वांगीणमु—सं. वि. सभी अंगों से पूर्ण, समग्र, भरापूरा ।

సర్వార్థసిద్ధుఁడు सर्वार्थसिद्धुँडु—सं.पुं. बुद्ध देव ।

సర్వేశ్వరుఁడు सर्वेश्वरुँडु—सं. पुं. सब का मालिक, भगवान ।

సర్షపము सर्षपमु—स. न. सरसों ।

సళ్ళు सळ्ळु—दे. न. कमजोरी, दुर्बलता ।

సలసల सलसल—दे. न. पानी आदि के उबलने की आवाज़ का अनुकरणात्मक शब्द ।

సలహా सलह—अ. सलाह न. सलाह, उपाय, तरकीब, सम्मति ।

సలాక सलाक—तद्. सं. शलाका । न. सलाख, लोहे आदि धातु की पतली छड़ ।

సలాము सलामु—अ. सलाम-न. सलाम, नमस्कार ।

సలించుట सलिंचुट—तद्. अक. हिलना, प्रकंपित होना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సలిలము सलिलमु—सं. न. पानी ।
సలీసు सलीसु—अ. सलीस–वि. सरल, सहज, सुगम, आसान ।
సలుగు सलुगु—तद्. सं. शलाका–लोहे आदि धातु की पतली छड़ । सलाख ।
సలుపు सलुपु—दे. न. दर्द, पीड़ा ।
సల్లాపము सल्लापमु—सं. न. प्रेमालाप, प्रेम भरी बातचीत । उपरूपकों में एक प्रकार ।
సల్లాపించుట सल्लापिंचुट—सं. सक. परस्पर वार्तालाप करना । आपस में बातचीत करना ।
సవ सव—दे. न. पता । इत्तला, सूचना । आहट । भान ।
సవతి सवति—तद्. सं. सपत्नी–स्त्री. सौत ।
సవతితల్లి सवति तल्लि—द्व. स्त्री. विमाता, सौतेली माँ ।
సవతు सवतु—तद्. सं. समता न. बराबरी, समानता ।
సవదరించుట सवदरिंचुट—तद्. वहन करना । सजाना ।
సవనము सवनमु—सं. न. यज्ञ, याग ।
సవము सवमु—सं. न. यज्ञ, याग ।
సవయస్కుఁడు सवयस्कुंड्डु—सं. पुं. समान वय वाला, एक ही उमर का आदमी, हमउम्र ।
సవరచేయుట सवरचेयुट—द्व. सक. ठीक करना । सपाट करना ।
సవరణ सवरण—दे. न. भूल सुधार, दुरुस्ती । अ. रू. सवरणमु ।
సవరన सवरन—दे. न. सुन्दरता, खूबसूरती । सुघड़ाई ।
సవరపుమెకము सवरपुमेकमु—तद्. सं. चमरी मृगः–अम. चमरी मृग, एक प्रकार की हिरनी, सुरा गाय ।
సవరము सवरमु—तद् स. चमरी न. चमर की पूंछ, चंवर । बालों की गुत्थी ।
సవరలు सवरलु—तद्. सं. शबरः । पुं. ब. व. शबर जाति के पुरुष, एक जंगली और पहाड़ी जाति ।
సవరించుట सवरिंचुट—दे. सक. ठीकठाक करना । सजाना । ढंग से रखना ।
సవరింత सवरिंत—द्व. सवरण ।
సవరిల్లుట सवरिल्लुट—दे. अक शोभित होना, फबना, चमकना ।
సవరు सवरु—अ. न. सोने का सिक्का ।
సవసవ सवसव—दे. न. कम सुनने का भाव ।

సవాయి सवायि—दे न. मेह रोग ।
సవారి सवारि—फा. सवारी–न. सवारी, वाहन, यात्रा-साधन ।
సవాలు सवालु—अ. सवाल–न. प्रश्न, सवाल । चुनौती ।
సవాలుచేయుట सवालुचेयुट—मि. सक. चुनौती देना, ललकारना ।
సవి सवि—दे. अव्य कि ।
సవిత सवित – सं. पुं. सूर्य । अ. रू सवितृंड्डु ।
సవిత్రి सवित्रि—सं. स्त्री. माता ।
సవిధము सविधमु—सं. न. सामीप्य, नजदीकी ।
సవురు सवुरु—दे. न. सुन्दरता, सुघड़ाई । अ. रू. सौरु ।
సవ్యము सव्यमु—सं. वि. वाम, बांया । दक्षिण, दाँया ।
సవ్యసాచి सव्यसाचि—सं पुं. अर्जुन ।
సవ్వడి सव्वडि—दे. (सव+वडि) न. ध्वनि, आवाज़ ।
ససి ससि—तद्. सं. सस्यम्–न. सुन्दरता । वि. सुन्दर, मनोज्ञ ।
సస్యము सस्यमु—सं. न. फसल ।
ససేమిరా ससेमिरा—मु. नाहीं करना, मना करना ।
సహకారము सहकारमु — सं. न. आम । परस्पर-सहाय ।
సహగమనము सहगमनमु—सं न. मरे हुये पति के साथ सती होना । अनुमरण ।
సహచరము सहचरमु—सं. वि. साथ जाने वाला ।
సహచరి सहचरि—सं. स्त्री. साथ रहनेवाली, सखी, सहेली ।
సహచరుఁడు सहचरुंड्डु–सं. पुं. साथी, अनुचर ।
సహజ सहज—सं. स्त्री. बहन ।
సహజుఁడు सहजुंड्डु—सं. पुं. अनुजन्म, भाई ।
సహధర్మిణి सहधर्मिणि—सं. स्त्री. पत्नी ।
సహనము सहनमु—सं. न. बर्दाश्तगी ।
సహపాఠి सहपाठि — सं. पुं. सहाध्यायी, साथ पढ़नेवाला ।
సహము सहमु—सं. न. शक्ति, क्षमता ।
సహవాసము सहवासमु — सं. न. साहचर्य, दोस्ती, शोहबत ।
సహస్రపత్రము सहस्रपत्रमु—सं. न. पद्म, कमल ।
సహస్రపాదుఁడు सहस्रपादुंड्डु — सं. पुं. विष्णु । सूर्य ।
సహస్రము सहस्रमु—सं. सर्व. हज़ार ।

సహస్రాక్షుఁడు सहस्राक्षुंड्डु—सं पुं. इन्द्र ।
సహస్రారము सहस्रारमु—सं. न. एक चक्र ।
సహాయత सहायत—सं. न. सहाय, मदद ।
సహాయము सहायमु—सं. न. सहाय, मदद ।
సహాయుఁడు सहायुंड्डु—सं. पुं. सहाय करनेवाला, मददगार ।
సహితము सहितमु – सं. वि. सहित, मिला हुआ ।
సహిష్ణువు सहिष्णुवु—सं. वि. सहनशील, क्षमाशील, बरदाश्त करनेवाला ।
సహృదయుఁడు सहृदयुंड्डु — सं. पुं. सहृदय, रसिक, संवेदनशील ।
సహోదరి सहोदरि—सं. स्त्री. अनुजा, बहन ।
సహోదరుఁడు सहोदरुंड्डु — सं. पुं. भ्राता, भाई ।
సహ్యము सह्यमु—सं. वि. सहन करने योग्य, बरदाश्त करने लायक़ ।
సళుపరించుట सळुपरिंचुट—दे. अक. दर्द देना ।
సళ్లు सळ्ळु – दे. न. ढिलाई ।

సా (सा)

సాంకవము सांकवमु—सं. न. एक सुगंध द्रव्य का नाम । जवादि ।
సాంకేతికము सांकेतिकमु—सं. वि. तकनीकी ।
సాంఖ్యము सांख्यमु—सं. न. एक दर्शन का नाम ।
సాంగత్యము सांगत्यमु — सं. न. सहवास, शोहबत, सांगत्य ।
సాంత్వనము सांत्वनमु—सं. न. ढाढ़स, तसल्ली ।
సాంత్వము सांत्वमु—सं. न. साम उपाय ।
సాంద్రము सांद्रमु—स. वि. घना ।
సాంపరాయము सांपरायमु—सं. न. युद्ध, लड़ाई । विपत्ति, आफ़त ।
సాంప్రతము सांप्रतमु– सं. अव्य. युक्त, उचित । अधुना, अब ।
సాంప్రదాయము सांप्रदायमु — सं. न. सांप्रदाय, परंपरा । खानदानी या क़ौमी रीति-रिवाज ।
సాంయాత్రికుఁడు सांयात्रिकुंड्डु—सं. पुं. वि. समुद्र पर व्यापार करनेवाला ।
సాంయుగీనుఁడు सांयुगीनुंड्डु—सं. पुं. वि. युद्ध में चतुर (व्यक्ति)
సాంవత్సరికము सांवत्सरिकमु — सं. न वार्षिक श्राद्ध ।
సాఁకుట साँकुट—दे. सक. देखभाल करना, संरक्षण करना ।
సాఁకుడుపులుగు साँकुडुपुलुगु — द्व. अम. पिक, कोयल । परभृत ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సాఁగదీయుట सांगदीयुट—दे. सक. अनुरोध करना । तानना । खींचना ।

సాఁగుట सांगुट— दे. अक. फैलना, तनना ।

సాకతము साकतमु—दे. न. सांत्वना, ढाढ़स, तसल्ली ।

సాకము साकमु—दे. न. व्याज, मिस । बहाना । अ. रू. साकु ।

సాకల్యము साकल्यमु सं. न. संपूर्णता, समग्रता, कुल ।

సాకి साकि—तद्. सं. साक्षी पुं. साक्षी, गवाह । अ. रू. साकिरि ।

సాకేతము साकेतमु—सं. न. साकेत ।

సాక్షాత్కరించుట साक्षात्करिंचुट सं. अक प्रत्यक्ष होना, सामने दिखाई देना ।

సాక్షాత్కారము साक्षात्कारमु—सं. न साक्षात्कार, प्रत्यक्ष ।

సాక్షి साक्षि—सं. पुं. साक्षी, गवाह ।

సాక్ష్యము साक्ष्यमु—सं. न. गवाही ।

సాగనంపుట सागनंपुट—दे. सक विदा करना ।

సాగరము सागरमु—सं. न. समुद्र ।

సాగించుట सागिंचुट—दे. सक. चलाना ।

సాగు सागु—दे. न. कृषि, खेती ।

సాగుట सागुट — दे. अक. जाना, सिधारना ।

సాగుచేయుట सागुचेयुट—दे. सक. खेती करना, कृषिकर्म करना ।

సాగుపాటు सागुपाटु—दे. न. गुज़ारा । अ. रू. सागुबड़ि ।

సాచివ్యము साचिव्यमु — सं. न. मंत्रित्व, वज़ीरी । मध्यस्थता ।

సాజాత్యము साजात्यमु—सं. न. सजातीयता, एक ही वर्ग या जाति के होने की अवस्था ।

సాజము साजमु— तद्. सं. सहजः न. स्वभाव, तबीयत । वि. सहज, निसर्ग ।

సాటి साटि— दे. वि. बराबर का, समान ओहदे का । न. तुलना, सादृश्य ।

సాటింపు साटिंपु—दे. न. ढिंढ़ोरा । (चाटिंपु)

సాటువు साटुवु दे. न. मिलान, तुलना । उदाहरण, मिसाल ।

సాతాని सातानि—दे. पुं. वैष्णवों में एक भेद । अ. रू. चात्ताद ।

సాతాళింపు साताळिंपु—दे. न. घी आदि में तलने की क्रिया ।

సాతి साति—सं न. अवसान, समाप्ति ।

సాతు सातु—तद्. सं. सार्थम् । न. सार्थ, सार्थवाह, कारवाँ ।

సాత్వతి सात्वति—स. न. एक काव्य-वृत्ति का नाम ।

సాత్వతుఁడు सात्वतुंडु—सं. पुं. विष्णु ।

సాత్త్విక భావము सात्विक भावमु—सं. न. काव्य का एक प्रधान भाव, सत्वगुण से होने वाले संपूर्ण स्वाभाविक अंग-विकार ।

సాత్త్విక భావములు सात्त्विकभावमुलु — सं. ब. व. सात्त्विक भाव आठ प्रकार के हैं । १. स्तंभ २. प्रलय ३. अश्रु ४. रोमांच ५. स्वेद ६. स्वरभंग ७. कंप तथा ८. वैवर्ण्य ।

సాత్త్వికుఁడు सात्त्विकुंडु—सं. पुं. सत्त्व गुण-वाला आदमी ।

సాదన सादन — तद्. सं. साधना—न. साधना, अभ्यास, मश्क करना ।

సాదనకాఁడు सादनकांडु — द्व. पुं साधक, परिश्रम करनेवाला । उपासक ।

సాదనము सादनमु—सं. न. घर, मकान । प्रसाद, प्रसन्नता । दे. न. ओदन, अन्न ।

సాదము सादमु—तद्. न. अन्न, ओदन । सं. प्रसादः ।

సాదరు सादरु—अ. सादिर—न चालू खर्च, जेब खर्च । अ. रू. सादरु खर्चु ।

సాదా सादा — फा. सादः – वि. सरल और सीधा ।

సాదించుట सादिंचुट — तद्. सक. सताना । कड़वी बातों का प्रयोग करना ।

సాదు सादु—स. अम. गाय अथवा बैल । वि. सीधा, अच्छा ।

సాదువు सादुव—तद्. सं. साधुः -पुं. वि. अच्छा आदमी, सीधा सादा आदमी । अ. रू. साधुवु ।

సాదృశ్యము सादृश्यमु—सं. न. सदृशता, तुलना, बराबरी ।

సాధకము साधकमु—सं वि. साधक, काम संपन्न करने की साधना अथवा उपकरण ।

సాధనము साधनमु—सं. न. साधन, औज़ार, उपकरण । पुंश्चिह्न ।

సాధర్మ్యము साधर्म्यमु—सं. न. सादृश्य, तुलना ।

సాధారణము साधारणमु—सं. वि. साधारण, आम । मामूली ।

సాధించుట साधिंचुट — सं. अक. कामयाब होना । सफल होना ।

సాధువాదము साधुवादमु — स. न. प्रशंसा, वाहवाही, शाबाशी ।

సాధువు साधुवु—सं. पुं. द्र. सादुवु ।

సాధ్యము साध्यमु—सं. त्रि. हासिल करने योग्य, पूरा करने लायक ।

సాధ్వసము साध्वसमु—सं. न. भय, डर ।

సాధ్వి साध्वि—सं. स्त्री. शीलवती, अच्छी चाल चलनेवाली औरत ।

సాన सान—तद्. सं-शाणः –न. निकष, कसौटी । सान । चन्दन आदि का द्रव निकालने का पत्थर ।

సానలవాఁడు सानलवांडु—द्व. पुं. सिकलीगर, औज़ारों को तेज करनेवाला ।

సాని सानि —तद्. सं-स्वामिनी-स्त्री. बौद्ध सन्यासिनी । वेश्या ।

సానుమంతము सानुमंतमु—सं. न पर्वत, पहाड़ ।

సానువు सानुवु –सं. न. पहाड़ की चोटी की समतल भूमि, ढालुवी ज़मीन ।

సాన్నిధ్యము सान्निध्यमु — सं. न. सामीप्य, नज़दीकी ।

సాపడుట सापडुट—दे. सक. भोजन करना, खाना । तमि० साप्पिडु ।

సాపాటు सापाटु—दे. त. भोजन, आहार, खाना ।

సాపాటురాముఁడు सापाटुरामुंडु—मु. पेटू, भोजन-भट्ट । अ. रू. सापाटुरायंडु ।

సాపు सापु — अ. साफ़ – वि. स्वच्छ, साफ़, निर्मल । चिकना ।

సాపుచేయువాఁడు सापुचेयुवांडु — मि. पुं. तराश करनेवाला ।

సాప్తపదీనము साप्तपदीनमु — सं. वि. सख्य, मैत्री । 'सख्यं साप्तपदीन मुच्यते' ।

సాఫల్యము साफल्यमु — सं. न. सफलता, कामयाबी ।

సాబాలు साबालु—दे. न. आधा हिस्सा ।

సామంజస్యము सामंजस्यमु — स. न. औचित्य, अनुकूलता, मेल ।

సామంతుఁడు सामतुंडु—सं. पुं. सामंत, किसी दूसरे राजा का आधिपत्य स्वीकार करनेवाला राजा ।

సామగ్రి सामग्रि—सं. न. सामग्री, सामान, सरंजाम ।

సామజము सामजमु – सं अम. हाथी ।

సామము साममु—सं. न. सामवेद । उपायों में से एक ।

సామరస్యము सामरस्यमु — सं. न, समरसता, चित्त की प्रसन्न दशा । मेल, मैत्री ।

సామర్థ్యము सामर्थ्यमु — सं. न. समर्थता, काबिलियत ।

సామాజికుఁడు सामाजिकुंडु — सं. पुं. सभ्य, सभासद । नाटक को देखनेवाला ।

సామాను सामानु—फा. सामान – न. माल, असबाब ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సామాన్య सामान्य—स. स्त्री. गणिका, वेश्या।
సామాన్యము सामान्यम्—सं. वि. साधारण मामूली। न. समानता, बराबरी।
సామాన్యుడు सामान्युड—स. पुं. साधारण मनुष्य, मामूली आदमी।
సామి सामि—तद्. सं. स्वामिन्—पुं. मालिक, प्रभु, पति।
సామిత सामित—तद्. न. लोकोक्ति, कहावत। (सं. साम्यता?)
సామీప్యము सामीप्यम्—सं. न. नज़दीकी, निकटता।
సామీరి सामीरि—सं. पुं हनुमान। भीम।
సాముద్రికము सामुद्रिकमु—सं. हस्तरेखाओं को पढ़ कर भविष्य बताने का शास्त्र।
సామేత सामेत—द्र. सामित।
సామ్యము साम्यमु—सं. न, समता, तुलना।
సాయంకాలము सायंकालमु—सं. न. शाम।
సాయంసంధ్య सायसंध्य—सं. न. शाम की सांझ, झुटपुटा।
సాయము सायमु—तद् सं. सहायः—न. सहाय, मदद। सं. न. शाम।
సాయించేట सायिंचुट—तद्. सक. उपदेश देना।
సాయిబు सायिबु—अ. साहिब—वि. पुं. मालिक, प्रभु। तेलुगु देश में यह शब्द किसी भी मुसलमान के लिये प्रयुक्त किया जाता है।
సాయిలా పాయిలా सायिलापायिला—दे. सहायता, मदद।
సాయుజ్యము सायुज्यमु—सं. न. सायुज्य, चार प्रकार की मुक्तियों में से एक, जिसमें माना जाता है कि जीव भगवान में ऐक्य हो जाता है।
సారంగము सारंगमु—सं. अम. हिरन। भ्रमर, भौंरा। हाथी।
సారంగి सारंगि—दे. न. एक वाद्य का नाम।
సారఘము सारघमु—सं न. मधु, शहद।
సారటు सारटु—दे. न. घोड़ा-गाड़ी।
సారణి सारणि—सं. न. कुल्या, नदी।
సారము सारमु—सं. न. सार।
సారమేయము सारमेयमु—सं अम. कुत्ता।
సారసము सारसमु—सं. न. कमल। एक पक्षी का नाम।
సారస్వతము सारस्वतमु—सं. न. साहित्य।
సారాయి सारायि—तद् सं. सुरा न. सुरा, शराब।
సారాలంకారము सारालंकारमु—सं. न. एक अलंकार जिसमें वस्तुओं का उत्तरोत्तर उत्कर्ष या अपकर्ष बताया जाता है।

సారి सारि—दे. न. बार, दफ़ा, मर्तबा।
సారించేట सारिंचुट—दे. सक. फैलाना, पसारना।
సారూప్యము सारूप्यमु—सं. न. एक प्रकार की मुक्ति जिसमें माना जाता है कि भक्त भगवान का रूप पाता है।
సారె सारे—दे. न. कन्या को विवाह के समय भेंट में दी जाने वाली सामग्री।
సారెకు सारेकु—. द्र. अव्य बार-बार।
సాంద్రము सांद्रमु—सं वि भिगो हुआ।
సార్థకము सार्थकमु—सं. वि. सार्थक, मानी रखने वाला।
సార్థవాహము सार्थवाहम्—सं. न. सार्थवाह, कारवाँ।
సార్థవాహుడు सार्थवाहुडु—सं. पुं. सौदागर, व्यापारी।
సార్వభౌమము सार्वभौमम्—सं. अम. उत्तर दिशा में रहने वाला हाथी।
సార్వభౌముడు सार्वभौमुड्डु—सं. पुं. चक्रवर्ती, शाहंशाह।
సాలగ్రామము सालग्रामम्—सं न. विष्णु का प्रतीक माना जाने वाला पत्थर।
సాలము सालमु—सं. न. एक वृक्ष का नाम।
సాలీడు सालीड्डु—द्र. अम. मकड़ी।
సాలు सालु—दे. दुश्शाल। अ. रू. शालुव। फा. साल न. वर्ष, बरस।
సాలువు सालुवु—दे. न. महीन कपड़ा।
సాలెపురుగు सालेपुरुगु—द्र. अम. मकड़ी।
సాలెవాడు सालेवाड्डु—दे. पुं. जुलाहा।
సాలోక్యము सालोक्यमु—सं. न. एक प्रकार की मुक्ति जिस में माना है कि भक्त भगवान के लोक का अधिवासी बनता है।
సావాసము सावासमु तद्. सं—सहवासः न. सहवास, शोहबत, मैत्री।
సావాసి सावासि तद्. सं. सहवासिन्—पुं. साथ रहनेवाला, मित्र, दोस्त। अ. रू. सावासगाड्डु।
సావిత్రి सावित्रि—स. स्त्री. पार्वती। गायत्री। सत्यवान की पत्नी।
సావు सावु—दे. न. मौत।
సాస్న सास्न—सं. न. गलकंबल।
సాహసము साहसमु—सं. न. साहस, दिलेरी।
సాహసించేట साहसिंचुट—सं. अक. साहस करना।
సాహసికుడు साहसिकुड्डु—सं. पुं. साहसी, हिम्मतवार।

సాహాయ్యము साहाय्यमु—सं. न. सहाय, मदद।
సాహిణము साहिणमु—दे न. अस्तबल।
సాహిణి साहिणि—दे. पुं. घोड़ा चलानेवाला।
సాహితి साहिति—स. न. साहित्य।
సాహిత్యము साहित्यमु—सं न. साहित्य, अदब।
సాహుకారు साहुकारु—हि. साहूकार-पुं. बड़ा सेठ, महाजन।
సాహెబు साहेबु—अ. साहिब—पुं. अधिकारी, मालिक, अफ़सर। तेलुगु प्रदेश में किसी भी मुसलमान के लिये यह शब्द प्रयुक्त किया जाता है।
సాళ్వము साळ्वमु—सं. अम. श्येन। बाज।

సి (सि)

సింగడు सिंगड्डु—तद्. सं. सिंहः—सिंह जैसा वीर। किरात।
సింగనాదము सिंगनादमु—मि. न. सींग से आवाज़ देना। मु. तुच्छ वस्तु।
సింగము सिंगमु—तद्. सं. अम. सिंह, शेर।
సింగారము सिंगारमु—तद् सं. शृंगारः—न. शृंगार। सजावट, अलंकरण।
సింగారించేట सिंगारिंचुट—तद्. सक. अलंकरण करना, सजाना।
సింగి सिंगि—तद्. सं—शृंगिन्—स्त्री. किरातों की औरत।
సింగినాదము सिंगिनादमु—द्र. सिंगनादमु।
సిందురము सिंदुरमु—तद्. सं. सिंदूरम्—न. सिन्दूर, सधवा स्त्रियों की मांग और माथे पर लगाने का ईंगुर से बना एक विख्यात लाल चूर्ण।
సిందూరము सिंदूरमु—द्र. सिंदुरम्।
సింధువు सिंधुवु—सं. न. नदी। सिंधु नामक नदी। समुद्र, दरिया। प्रदेश-विशेष।
సింహద్వారము सिंहद्वारम—सं. न. प्रधानद्वार, सदर फाटक, बड़ा दरवाज़ा।
సింహనాదము सिंहनादमु—सं. न. सिंह का गर्जन।
సింహము सिंहमु—सं. अम. सिंह, शेर। किसी शब्द के साथ प्रयुक्त होने पर श्रेष्ठता को जताता है। उदा० कविसिंहमु।
సింహావలోకనము सिंहावलोकनमु—सं. न. सिंहावलोकन, किसी काम या काव्य के अंत में फिर एक बार जांचपड़ताल अथवा अवलोकन करने की क्रिया।
సింహాసనము सिंहासनमु—सं. न. राजगद्दी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సిక सिक— तद्. सं. शिखा–न. चोटी, शिखा ।

సికా सिका—अ. सिक्का– न. सिक्का, सिक्का, मुहर ।

సిక్తము सिक्तमु—सं वि. भिगो हुआ ।

సిగ सिग—तद्. सं. शिखा–न. चोटी, शिखा ।

సిగదండ सिगदंड—द्व. न. अवतंस, शेखर· सिरमौर ।

సిగపట్ల గోత్రము सिगपट्ल गोत्रमु—मु. एक दूसरे की चोटी पकड़ कर लड़ना, आपस में लड़ना ।

సిగపూవాడమి सिगपूवाडमि—मु. बाल बांका न होना । (शिखा का फूल तक न कुम्हलाना)

సిగము सिगमु—तद्. सं. शिवम्–न. देवता का किसी पर चढ़ना । अ. रू· सिवमु ।

సిగరము सिगरमु —तद्. सं, शिखरम् - न· शिखर, चोटी ।

సిగరెట్టు सिगरेट्टु—अं. न. सिगरेट ।

సిగ్గరి सिग्गरि दे. पुं. शर्मीला आदमी, लज्जावान् ।

సిగ్గఱుట सिग्गरुट—दे. अक. बेहया होना, बेशरम होना ।

సిగ్గిండి सिग्गिंडि—दे. वि. पुं, लज्जाहीन आदमी, बेशरम आदमी ।

సిగ్గు सिग्गु—दे न. लज्जा, व्रीड़ा, शरम ।

సిగ్గుపడుట सिग्गुपडुट — दे. अक. लज्जित होना ।

సిగ్గుపాటు सिग्गुपाटु — दे. न. लज्जा की दशा ।

సిడము सिडमु—दे. न. ध्वज, झण्ड़ा ।

సిడి सिडि— दे. न. अकुश, आंकुस, हाथी को चलानेवाला उपकरण ।

సిడిముడి सिडिमुडि—दे. न. चिढ़, रिस ।

సితము सितमु—सं. वि. धवल, सफ़ेद ।

సితాభము सिताभमु सं. न. कर्पूर, कपूर ।

సితుఁడు सितुँडु—सं पुं. शुक्र ।

సిద్దియ सिद्दिय—दे. न. मशक, चमड़े का थैला जिससे पानी लाया जाता है ।

సిద్ధమగుట सिद्धमगुट—मि. अक सिद्ध होना, तैयार होना ।

సిద్ధము सिद्धमु—सं. वि. सिद्ध, तैयार ।

సిద్ధాంతము सिद्धांतमु — सं. न. सिद्धांत, उसूल ।

సిద్ధార్థుఁడు सिद्धार्थुँडु— सं. पुं. बुद्ध, सिद्धार्थ ।

సిద్ధి सिद्धि— सं. न. सफलता, कामयाबी ।

సిద్ధించుట सिद्धिचुट –सं. अक. प्राप्त होना, मिलना । कामयाब होना ।

సిద్ధిపొందుట सिद्धिपोंदुट—मि. अक. सन्यासी का देहांत होना ।

సిద్ధుఁడు सिद्धुँडु—सं. पुं. सफल योगी ।

సిద్ధులు सिद्धुलु—सं. ब. व. आठ सिद्धियां मानी जाती हैं । १. अणिमा २. महिमा ३. गरिमा ४. लघिमा ५. प्राप्ति ६. प्राकाम्य ७. ईशत्व तथा ८. वशित्व ।

సినీవాలి सिनीवालि—सं. न. वह अमावस्या जिसको चन्द्रमा की कला दिखाई देती है ।

సిపాయి सिपायि — फा. सिपाही – पुं. सिपाही ।

సిపారసు सिपारसु — फा. सिफ़ारिश न. सिफ़ारिश, अभिस्तव, संस्तुति ।

సిబ్బి सिब्बि—दे. न. पीतल आदि का ढक्कन ।

సిబ్బితి सिब्बिति—दे. न. लज्जा, व्रीड़ा ।

సిబ్బితికత్తె सिब्बितिकत्ते—दे. स्त्री. लजाने वाली औरत ।

సిర सिर—सं. न. धमनी ।

సిరము सिरमु—सं। न. कर्पूर, कपूर ।

సిరసు सिरसु —तद्. सं. शिरस् न. सिर ।

సిరా सिरा—दे. न. स्याही, मषी ।

సిరి सिरि— तद्. सं. श्री. । स्त्री. लक्ष्मी । न. धन दौलत ।

సిలుగు सिलुगु– दे. न. विपत्ति. आफ़त ।

సివంగి सिवंगि — दे. अम. एक जानवर का नाम ।

సివము सिवमु—द्र. सिगमु ।

సివమెత్తుట सिवमेत्तुट—मि. अक. भूत या देवता का आविष्ट होना ।

సివసివా सिवसिवा–मु. संतापसूचक कथन । नादानी बतानेवाली उक्ति । (किसी की मौत सुनने पर यह उक्ति कही जाती है ।)

సిసలుగా सिसलुगा—यह शब्द असल शब्द के साथ उपयोग किया जाता है । दर असल, वास्तव में । निश्चित रूप से ।

సిసృక్ష सिसृक्ष—सं. न. पैदा करने की इच्छा ।

సిస్తు सिस्तु—दे. न. मालगुजारी ।

సిళ్ళు सिळ्ळु– दे. ब. व. एक प्रकार का हथियार । चाबुक ।

సీ (सी)

సీకాయ सीकाय—मि. न. एक कच्चा फल जिस के चूर्ण से शरीर मांजा जाता है । (शिखा+काय)

సీకు सीकु—दे. न. बीमारी । संकट, तक़लीफ़ ।

సీతాకోక చిలుక सीताकोकचिलुक–दे. अम. तितली ।

సీతు सीतु—तद्. सं. शीतम्–न. शैत्य, ठंड़क ।

సీత్కారము सीत्कारमु—सं. न. सिसकारी, सी-सी शब्द ।

సీదరము सीदरमु—दे. न. अभाव, ग़रीबी । खीज । तद्. सं. श्रीधरः–न. साँप ।

సీదా सीदा—हि. सीधा–न. ऋण का चुक जाना, चुकता ।

సీను सीनु—अं. न. नाटक का दृश्य ।

సీపి सीपि—हि. न. सीपी ।

సీమ सीम—सं. न. सीमा, हद ।

సీమంతము सीमंतमु—सं. न. मांग ।

సీమంతిని सीमंतिनि—सं. स्त्री. स्त्री, औरत ।

సీరము सीरमु—सं. न. हल ।

సీలమండ सीलमंड—दे. न. एँड़ी ।

సీసకము सीसकमु—सं. न. एक धातु, सीसा ।

సీసము सीसमु—द्र· सीसकमु । तेलुगु का छंदो-विशेष ।

సీసా सीसा—फा. शीशः न. सीसी, कांच की छोटी बोतल ।

సీసామూత सीसामूत—मि. न. डाट ।

సు (सु)

సుంకము संकमु—तद्. सं. शुल्कम्–न. शुल्क, कर ।

సుంకరి सुंकरि—तद्. सं. शुल्कहारिन्–पुं. शुल्क वसूल करनेवाला ।

సుంకు सुंकु—दे. न. मक्के की बाल ।

సుందరము सुंदरमु—सं. वि. सुन्दर, खूबसूरत ।

సుందరి सुंदरि—सं. स्त्री. खूबसूरत औरत ।

సుందరుఁడు सुदरुँडु — सं. पुं. सुंदर पुरुष, खूबसूरत आदमी ।

సుకము सुकमु—तद्. सं. सुखम्–न. सुख, आराम ।

సుకర్మము सुकर्ममु—सं. न. अच्छा काम ।

సుకుమారము सुकुमारमु — सं. वि. कोमल, नाजुक़ ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సుకృతము सुकृतमु—सं. न. पुण्य धर्म। वि. अच्छी तरह किया हुआ।

సుకృతి सुकृति— सं. पुं. कृतकृत्य, पुण्यकर्मी, अच्छा करनेवाला। न. अच्छा काम।

సుఖము सुखमु—सं. न. सुख, चैन।

సుఖి सुखि—सं. पुं. यति, सन्यासी। वि. सुख का अनुभव करनेवाला।

సుఖించుట सुखिचुट सं. अक. चैन करना, आरम्भ करना।

సుగంధము सुगंधमु—सं. न. सुगंध, खुशबू। परिमल।

సుగుణము सुगुणमु—सं. न. अच्छा गुण।

సుగ్రీవము सुग्रीवमु—सं. अम. एक घोड़े का नाम।

సుగ్రీవాజ్ఞ सुग्रीवाज्ञ — मु. कठिन शासन, सख्त हुकुम।

సుజనుడు सुजनु'डु—सं. पुं. सच्चन, अच्छा आदमी।

సుజాత सुजात—सं. स्त्री. अच्छे खानदान की औरत।

సుడి सुडि—दे. न. भँवर।

సుడిగొనుట सुडिगोनुट — दे. सक. परिक्रमा करना।

సుడియుట सुडियुट — दे. अक. घिरना। परिवेष्टित होना।

సుడివడుట सुडिवडुट — दे. अक. घिरना, परिवेष्टित होना।

సుడివోవుట सुडिवोवुट—दे. अक. व्यर्थ होना, बेकार होना।

సుత सुत—सं. स्त्री. लड़की, कन्या।

సుతరాం सुतरां—सं. अव्य. बिलकुल। अ. रू. सुतलां।

సుతుడు सुतु'डु—सं. पुं. लड़का, पुत्र।

సుత్తియ सुत्तिय—दे. न. हथौड़ा। अ. रू. सुत्ते।

సుత్రాముడు सुत्रामु'डु—सं. पुं. इन्द्र।

సుద सुद—दे. न. अंत।

సుదర్శనము सुदर्शनमु—सं. न. सुदर्शन चक्र जो विष्णु के आयुधों में से है।

సుద్ద सुद्द—तद्. सं.–सुधा–न. चूना।

సుద్ది सुद्दि — तद्. सं.–सूवितः –न. सूक्ति, नीतिकथन, अच्छी बात। तद्. सं–श्रुतः–न. समाचार, खबर। तद्ः सं–शुद्धि न. सफ़ाई, परिशुद्धि।

సుద్దిచేయుట सुद्दिचेयुट — तद्. सक. साफ़ करना, माँजना।

సుధ सुध—सं. न. अमृत। चूना।

సుధాంశువు सुधांशुवु—सं. पुं. चन्द्रमा, चाँद।

సుధాహరుడు सुधाहरु'डु—सं. पुं. गरुत्मान्।

సుధి सुधि—सं. पुं. पंडित, बुद्धिमान्।

సునాయాసము सुनायासमु—सं. वि. अति सरल, बहुत ही आसान।

సునాసీరుడు सुनासीरु'डु—सं. पुं. इन्द्र।

సున్న सुन्न—तद् सं. शून्यम् न. शून्य, सिफ़र।

సున్నచుట్టుట सुन्नचुट्टुट—तद् सक. शून्य अंक देना।

సున్నము सुन्नमु—तद्. सं. चूर्णः न. चूना।

సున్నితము सुन्नितमु—दे. वि. मृदुल, कोमल,

సుపథము सुपथम—स न. अच्छा रास्ता।

సుపర్ణుడు सुपर्णु'डु—सं. पुं. गरुड़, विष्णु का वाहन।

సుప్తి सुप्ति—सं. न. निद्रा, नींद।

సుప్తుడు सुप्तु'डु—सं. वि. सोया हुआ व्यक्ति।

సుప్పనాక सुप्पनाक — तद्. स. शूर्पणखा स्त्री. शूर्पणखा। अ. रू. सुप्पनाति। चृप्पनाक।

సుప్రతిష్ఠ सुप्रतिष्ठ—सं न. यश, शुहरत।

సుప్రతీకము सुप्रतीकमु — सं. अम. ईशान्य दिशा का हाथी।

సుబా सुबा—फा. सूबा न. किसी देश का एक भाग।

సుబేదారు सुबेदारु—फा. सूबेदार पुं. सूबे का मुख्य अफ़सर, गवर्नर।

సుబోధము सुबोधमु—सं. वि. सुगम, समझने में आसान।

సుబ్బడు सुब्ब'डु—तद्. सं. कुमारस्वामी, स्कंद सं. सुब्रह्मण्यः।

సుభగ सुभग — सं. स्त्री. सुन्दरी। सौभाग्यवती स्त्री। सुहागिन।

సుభద్ర सुभद्र — सं. स्त्री अर्जुन की पत्नी।

సుభిక్షము सुभिक्षमु—सं. वि. वह प्रांत जहाँ अकाल न हो।

సుమంగలి सुमंगलि—सं. स्त्री. सधवा।

సుమనస్సు सुमनस्सु – सं. न. पुष्प, फूल।

సుమము सुममु—सं. न. पुष्प, फूल।

సుమా सुमा–तद् मं.स्म:अव्य.प्राय:ऐसा हो।

సుమారు सुमारु—क्रि. वि. लगभग।

సుమాళము सुमाळमु — दे. न. सुख, चैन, आराम। आनन्द से उत्पन्न पारवश्य।

సుమాళి सुमाळि—दे. वि. आनन्दित व्यक्ति, मस्त आदमी।

సుమాళించుట सुमाळिचुट — दे. अक. मस्त बनना।

సుమి सुमि—द्र· सुमा – अ. रू. सुम्म, सुम्मा, सुम्मी, सुम्मु।

సుయోధనుడు सुयोधनु'डु — सं. पुं. धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र, दुर्योधन।

సుర सुर—स. न. सुरा, शराब।

సురంగము सुरंगमु — सं. न. सुराख, छेद। अ. रू. सोरंगमु।

సురంటి सुर'टि दे. न. वीजन, चामर। हथपंखा।

సురంటీ सुर'टी—दे. अम. कबूतर।

సురగురువు सुरगुरुवु— सं. पुं. बृहस्पति।

సురతాణి सुरताणि — अ. सुलतान – पुं. राजा। इन्द्र। स्त्री. इन्द्राणी, शची देवी।

సురతుడు सुरतु'डु — सं. पुं. दयावान्, रहमदिल।

సురద్విషుడు सुरद्विषु'डु—सं. पु. राक्षस।

సురభి सुरभि —सं. अम. कामधेनु। गाय।

సురర్షి रर्षि—सं. पुं. नारद।

సురలు सुरलु—सं. व. व. देवता लोग।

సురలోకము सुरलोकमु—सं. न. स्वर्ग लोक, बिहिश्त।

సురవర్త్మము सुरवर्त्ममु — स. न. आकाश, आसमान।

సురస सुरस —सं. स्त्री. नागमाता।

సురాచార్యుడు सुराचार्यु'डु—स. पुं. देवताओं का गुरु, बृहस्पति।

సురాజీవి सुराजीवि—सं. पुं. शराबखोर।

సురారి सुरारि—स. पुं. राक्षस।

సురాళింపు सुराळिपु—दे. न. सदका। उतारा। बलैया।

సురియ सुरिय-तद्. सं. छुरिका। न. छुरी।

సురియాళువు सुरियाऴवु—दे. पुं. पंचम जाति का आदमी, हरिजन।

సురుగు सुरुगु—दे. न संदूक़, पिटारी।

సురుము सुरुमु—दे. न. चूर्ण। चूर।

సురుము చేయుట सुरुमुचेयुट—दे. सक. चकनाचूर करना। अ. रू. नुरुमु चेयुट।

సుఱసుఱ सुऱसुऱ—दे. न. जलने की आवाज़ का अनुकरणात्मक शब्द :

సులభము सुलभमु—सं वि. सुलभ, आसान।

సులువు सुलुवु — तद्. सं. सुलभः – न. आसानी, सुगमता।

సులోచనము सुलोचनमु—सं. न. ऐनक, चश्मा।

సుల్తాను सुल्तानु—अ. सुलतान–पुं. सुलतान, राजा।

సువర్ణము सुवर्णमु—सं. न. सोना, कांचन।

సువారము सुवारमु—तद्. सं. सूपकारः –न. रसोई।

సువాల सुवाल—द्र. न. तेलुगु के लोक गीत की एक प्रक्रिया का नाम। अ. रू. सुव्वाल, सुव्वि।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సువాసిని　सुवासिनि—सं. स्त्री. सधवा ।

సుషమ　सुषम — दे. न. सुषमा, परमा शोभा । सुघड़ाई ।

సుషిరము　सुषिरमु – सं. न. वंशी, बाँसुरी ।

సుష్ఠు　सुष्ठु—सं. वि. सम्यक्, अच्छी तरह ।

సుస్తి　सुस्ति—हि. सुस्ती–न. आलस्य, सुस्ती । बीमारी । देरी, विलम्ब ।

సుహృత్సమ్మితము　सुहृत्सम्मितमु—सं. वि. मित्र की तरह उपदेश देनेवाली कृतियाँ-पुराण आदि ।

సుహృదుఁడు　सुहृदुँडु—सं. पुं मित्र ।

సుళ్లమారి　सुळ्ळुमारि — दे. पुं. पेचीदा आदमी ।

సూ (सू)

సూకరము　सूकरमु—सं. अम. सुअर, वराह ।

సూక్ష్మము　सूक्ष्ममु—सं. वि. सूक्ष्म, महीन । नाजुक ।

సూచకము　सूचकमु—सं. न. सुई । वि. सूचना देनेवाला ।

సూచకుఁడు　सूचकुँडु—सं. पुं. सूचना देनेवाला । शिकायत करनेवाला । चुग़लखोर ।

సూచన　सूचन—स. न. सूचना, इत्तला ।

సూచి　सूचि–सं. न. सुई । सूची, तालिका, फ़ेहरिस्त ।

సూచించుట　सूचिंचुट—सं. सक. इत्तला देना, सूचना देना ।

సూచితము　सूचितमु—सं. वि. इत्तला दिया हुआ । सूचित किया हुआ ।

సూచియానము　सूचियानमु — सं. न. अभियान युद्धयात्रा । कशीदा, कढ़ाव ।

సూచీముఖము　सूचीमुखमु—सं. न. वाण तीर ।

సూచ్యము　सूच्यमु–सं. वि. इत्तला देने योग्य । नाटक के, प्रवेशक, विष्कंभ आदि ।

సూటి　सूटि—दे. न. लक्ष्य, निशान । सीधापन, ऋजुता । वि. सीधा ।

సూటికాఁడు　सूटिकाँडु—दे. पुं. तीरंदाज़ ।

సూడిగము　सूडिगमु—दे. न. चूड़ी । कंगन ।

సూడిద　सूडिद—दे. न. उपहार, भेंट । गर्भवती स्त्री को पीहर के लोग के द्वारा दिया हुआ उपहार । अ. रू. सूडिदे ।

సూడు　सूडु—दे. न. वैर, दुशमनी । पुं. दुशमन ।

సూడుకాఁడు　सूडुकाँडु—दे. पुं. वैर, दुशमन ।

సూడుకొను　सूडुकोनुट—दे. अक. वैर करना ।

సూడుపట్టుట　सूडुपट्टुट — दे. सक. विरोध करना ।

సూతకము　सूतकमु—सं. न. अशौच, मैल ।

సూతపుత్రుఁడు　सूतपुत्रकुँडु—सं. पुं. अंगराज, कर्ण ।

సూతి　सूति—सं. न. प्रसव ।

సూతికాగృహము　सूतिकागृहमु —सं. न. प्रसवगृह, सौरी, जच्चाखाना ।

సూతుఁడు　सूतुँडु—सं. पुं. सारथी, रथ हाँकने वाला । भाट, स्तुतिपाठक ।

సూత్రధారుఁడు　सूत्रधारुँडु— सं. पुं. सूत्रधारी, नाटक का अभिनय करने वाला ।

సూత్రము　सूत्रमु — सं. न. सूत्र, धागा, डोरी ।

సూదంటురాయి　सूदंटुरायि — द्व. न. अयस्कांत, चुम्बक ।

సూదనము　सूदनमु — सं. न. वध करने का अथवा हत्या करने का भाव ।

సూది　सूदि– तद्. सं. सूची न. सुई ।

సూదిరాయి　सूदिरायि—द्व. न. चुम्बक, लोहे को अपनी ओर खींचने वाला पत्थर ।

సూన　सून—सं. स्त्री. लड़की, कन्या ।

సూనరి　सूनरि—मि. पुं. हत्यारा, वध करने वाला ।

సూనుఁడు　सूनुँडु—सं. पुं. पुत्र, लड़का ।

సూనువు　सूनुवु—सं. स्त्री. लड़की, पुत्री ।

సూనృతము　सूनृतमु—सं न. सत्य ।

సూపకారము　सूपकारमु—सं. न. पाक, रसोई ।

సూపకారుఁడు　सूपकारुँडु—सं. पुं. रसोइया ।

సూపము　सूपमु—सं. न. पकायी हुई दाल ।

సూయాణము　सूयाणमु—तद्. सं. सूचीयानम् न. हमला, अभियान । कशीदा, कढ़ाव ।

సూరకత్తి　सूरकत्ति—मि. न. छुरी ।

సూరణము　सूरणमु—सं. न. सूरन, जमींकंद ।

సూరి　सूरि—सं. पुं. पंडित, आलिम ।

సూరుఁడు　सूरुँड—सं पुं. सूरज ।

సూరెగిలుట　सूरेगिलुट — दे. अक. करवट लेना ।

సూరెలు　सूरेलु—दे. ब. व. बाजू । दोनों पार्श्व ।

సూర్యకాంతము　सूर्यकांतमु—सं. न. एक पत्थर जो सूरज की किरनों से गरम हो उठता है ।

సూర్యతనయ　सूर्यतनय—सं. स्त्री. यमुना ।

సూర్యుఁడు　सूर्युँडु—सं. पुं. सूरज ।

సూర్యేందుసంగమము　सूर्येन्दु संगममु— सं. न. अमावस्या ।

సూసరి　सूसरि—दे. पुं. गाज़, थपई ।

సృ (सृ)

సృగాలము　सृगालमु—सं. अम. सियार ।

సృజించుట　सृजिंचुट—सं. सक. पैदा करना । कल्पित या मनगढ़ंत बात कहना ।

సృణి　सृणि—स. न. अंकुश, आंकुस ।

సృతి　सृति—सं. न. सड़क । राह ।

సృష్టము　सृष्टमु—सं. वि. कल्पित, पैदा किया हुआ ।

సృష్టి　सृष्टि—सं. न. पैदायिश । विश्व की रचना ।

సె (से)

సెకకంటి　सेकंकंटि—दे. पुं. शिव ।

సెకవెలుగు　सेकवेलुगु—दे. पुं. सूर्य ।

సెగఱేఁడు　सेगरेँडु—द्र. पुं. अग्नि देव ।

సెగ్గించుట　सेंगिंचुट—दे. सक. घृणा करना, नफ़रत करना ।

సెగ్గింపు　सेंगिंपु—दे. न. निन्दा, घृणा, नफ़रत ।

సెజ్జ　सेज्ज—तद्. सं.–शय्या–न. शय्या, सेज ।

సెట్టి　सेट्टि—तद्. सं.–श्रेष्ठिन्–पुं. वेश्या, बनिया ।

సెట్టు　सेट्टु—अं. न. कुछ चीजों की गड्डी ।

సెనగలు　सेनगलु—तद्. सं–चणकः–ब. व. न. चने ।

సెబ్బర　सेब्बर—दे. न. बुराई । वि. बुरा । अ. रू सेब्र ।

సెమ్మె　सेम्मे—अ. समा–न. दीपक, दीपवृक्ष, दीवट, चिराग़दान ।

సెర　सेर—दे. न. आंख की नूर ।

సెరగు　सेरगु—दे. न. आपदा, आफ़त ।

సెల　सेल—तद्. सं–शिला–न. पत्थर । तद्. सं. शल्यः –न. बाण ।

సెలయేఱు　सेलयेरु—मि. न. झरना ।

సెలగ　सेलग— दे. न. उपशाखा, डाली ।

సెలగుట　सेलगुट—दे. सक. चीरना, काटना ।

సెలగొమ్మ　सेलगोम्म—दे. न. उपशाखा, डाली ।

సెలయుట　सेलयुट—दे. अक. बढ़ना, विजृंभित होना ।

సెలయూట　सेलयूट—दे. न. झरना ।

సెలయేఱు　सेलयेरु— मि. न. झरना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సెలవి सेलवि — तद्. सं.-सृक्व-न. अधर का कोना।
సెలవిచ్చుట सेलविच्चुट — दे. सक. आज्ञा, देना। विदा देना।
సెలవు दे. वि. आज्ञा। अनुज्ञा। छुट्टी, रजा।
సెల్లా सेल्ला--तद्. सं-चेलम्-न. कपड़ा।

సే (से)

సేకరించుట सेकरिंचुट—दे. अक. अपाय से बचना। धैर्य सम्हालना। तद्. सक. संग्रहण करना, इकट्ठा करना।
సేగి सेगि — दे. न. हानि, नुकसान। दुःख।
సేచకము सेचकमु—सं. न. मेघ, बादल। वि. आर्द्र करनेवाला, मींचनेवाला।
సేచనము सेचनमु—सं. न. सेचन, भिगोना, सींचना।
సేతువు सेतुवु—सं. न. सेतु, पुल।
సేద सेद—तद्. सं. स्वेदः-न. थकावट।
సేదదేరుట सेददेरुट—तद्. अक. आराम लेना। थकान दूर करना।
సేద్యకాఁడు सेद्यकाँड्डु — द्व. पं. खेतीवर, किसान, कर्षक।
సేద్యము सेद्यमु—तद्. न. कृषि, खेतीबरी।
సేన सेन—सं. न. सेना, फ़ौज।
సేనాని सेनानि—स. पुं. सिपहसालार।
సేనాముఖము सेनामुखमु — सं. न. फ़ौज का अग्रभाग।
సేపు सेपु—दे. न. समय। देर, विलंब।
సేబాసు सेबासु—फा. शाबाश-न. शावाश, प्रशंसा, साधुवाद।
సేమంతి सेमंति — सं. न सेमंती, सफ़ेद गुलाब, सेवती।
సేమము सेममु—तद्. सं. क्षेमम्-न. कुशल।
సేరు सेरु—दे. न. सेर, अस्सी तोलों का वज़न।
సేవ सेव—सं. न. सेवा, खिदमत। नौकरी।
సేవకుఁడు सेवकुँड्डु—सं. पुं. सेवक, नौकर। चपरासी।
సేవనము सेवनमु—सं. न. सेवा, खिदमत।
సేవించుట सेविंचुट—सं. वि. सेवा की हुई।
సేవితము सेवितमु—स. वि. सेवा की हुई।
సేవితుఁడు सेवितुँड्डु—सं. पुं. जिसकी सेवा की गई हो।
సేవ్యము सेव्यमु—सं. वि. सेवा करने योग्य।
సేవ్యుఁడు सेव्युँड्डु—सं. पुं. सेवा करने लायक व्यक्ति।
సేస सेस—दे. न. अक्षत, शुभ तडुल।

సై (सै)

సైంధవము सैंधवमु—सं. अम. घोड़ा। न. नमक।
సైంహికేయుఁడు सैंहिकेयुँड्डु—सं. पुं. राहु।
సైఁచుట सैँचुट—तद्. सक. सहन करना, क्षमा करना।
సైఁదము सैँदमु—दे न. आटा।
సైఁపు सैँपु—तद्. न. क्षमा।
సైకతము सैकतमु—सं. न. रेतीला टीला।
సైకము सैकमु—दे. वि. स्वल्प, सूक्ष्म। छोटा।
సైకిలు सैकिलु—अं. न. साइकिल, पैरगाड़ी।
సైగ सैग—तद्. स संज्ञा न. इशारा, इंगित।
సైతము सैतमु—तद्. सं. सहित अव्य. सहित, साथ। भी।
సైతాను सैतानु—अ. शैतान पिशाच, दुष्ट ग्रह।
సైదోఁడు सैदोँड्डु—द्व. पुं. साथी, सहायक। मददगार।
సైనికుఁడు सैनिकुँड्डु — सं. पुं. सैनिक, सिपाही।
సైన్సు सैन्सु—अ. न. विज्ञान।
సైన్యము सन्यमु—सं. न. सेना, फौज।
సైరణ सैरण—तद्. सं. सहन न. सहनशक्ति, क्षमा।
సైరించుట सैरिंचुट— तद्. सक. बरदाश्त करना, क्षमा करना।
సైరికము सैरिकमु — स. अम. खेती करनेवाला बैल।
సైరికుఁడు सैरिकुँड्डु सं. पुं. हालिक, किसान।
సైరిభము सैरिभमु—सं. अम. भैंसा।
సైలరు सैलरु—अं. पु. समुद्र यात्री, समुद्र पर सफ़र करने वाला।

సొ (सो)

సొంటి सोंटि—तद्. सं. शुंठि न. सोंठ।
సొంటు सोंटु—तद्. सं. शुंठः पुं. बेवक़ूफ़।
సొంపిలుట सोंपिलुट—दे. अक. शोभित होना, चमकना, फबना।
సొంపు सोंपु—दे. न. सुन्दरता, खूबसूरती। लोचलचक।
సొగటు सोगटु—दे. न. श्रम. थकान।
సొగపు सोगपु—दे. न. पारवश्य, मस्ती।
సొగయుట सोगयुट—तद्. अक. मस्त होना। परवश होना।
సొగసు सोगसु—दे. न. सुन्दरता, अदा।
సొగసుకత్తె सोगसुकत्ते –द्व. स्त्री. विलासिनी, सुन्दरी।
సొగసుకాఁడు सोगसुकाँड्डु — द्व. पुं. विलासी पुरुष।
సొచ్చెము सोच्चेमु– तद्. सं. स्वच्छः न. वि. स्वच्छ, निर्मल।
సొటసొటలాడుట सोटसोटलाडुट– दे. अक. मारे भूख के तिलमिलाना।
సొట్ట सोट्ट—दे. न. कुंठा। किसी अवयव का विकल होना।
సొట్టవడుట सोट्टवडुट—दे. अक. कुंठित होना। पंगु होना।
సొడ్డు सोड्डु—दे. न. न्यून भाव, अवज्ञा का भाव। कमी का अनुभव।
సొతంతరము सोतंतरमु—तद्. सं. स्वतंत्र-न. आज़ादी का भाव। घना परिचय।
సొత్తు सोत्तु—तद्. सं. सत्वम् न. हक़. अधिकार। जायदाद।
సొద सोद—तद्. सं. चिता-दाहसंस्कार का प्रबंध।
సొన सोन—दे. न. रस, गूदा। झरना।
సొనాయి सोनायि– द्र. सन्नायि। अ. रू. सोन्नायि।
సొన్న सोन्न—तद्. सं. स्वर्णम्-न. सोना। अ. रू. सोन्नमु।
సొన్నారి सोन्नारि —तद्. सं. स्वर्णकारः – पुं. सुनार।
సొబగుఁడు सोबगुँड्डु—तद्. सं. सुभगः – पुं. विट। सुन्दर पुरुष।
సొమ్మ सोम्म—तद्. सं. श्रमः -- न. श्रम, थकान। मूर्च्छा, बेसुधी।
సొమ్మవోవుట सोम्मवोवुट—तद्. अक. मूर्च्छित होना। बेसुध होना, बेहोश होना। अ. रू. सोम्मगिलुट, सोम्मसिल्लुट।
సొమ్ము सोम्मु—तद् सं. स्वम् – न. धन, दौलत। माल।
సొరంగము सोरंगमु —तद्. सं. सुरंग – न. सुराख, छेद।
సొరకాయ सोरकाय—दे. न. लौकी।
సొరగు सोरगु—दे. न. मूर्च्छा, बेहोशी। अक. घुल।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సొరపు सोरपु—दे. न. कृशता, दुबलापन, कमजोरी ।

సొరము सोरमु—तद्. सं. स्वरः —न. स्वर, सुर । कंठध्वनि

సొరిది सोरिदि—दे. न. पंक्ति, श्रेणि । ढंग, क्रम ।

సొరుగు सोरुगु—दे. न. दराज । अक. बेहोश हो ।

సొఱ सोर—दे. न. अलाबू. लौकी ।

సొఱుగు सोरुगु—दे. द्र. सोरुगु ।

సొళగు सोळगु—दे. न. मूर्च्छा ।

సొలపు सोलपु—दे. न. थकान, श्रम ।

సొలయిక सोलयिक—दे. न. थकान, श्रम ।

సొలయుట सोलयुट—दे. अक. बेहोश होना, मूर्च्छित होना ।

సొలిమిడి सोलिमिडि—दे. न. मूर्च्छा, बेहोशी, गफ़लत ।

సొవ सोव—द्र. सव ।

సొసాయించుట सोसायिंचुट—दे. सक. समझाना । तसल्ली देना ।

సో (सो)

సోకు सोॅकु—दे न. हवा, पवन । पिशाच, भूत । पुं. राक्षस ।

సోకుట सोॅकुट—दे. अक. भूत का आवेश होना ।

సోకుటొజ్జు सोॅकुटोज्ज—द्र. पुं. शुक्राचार्य ।

సోకుమూకలగొంగ सोॅकुमूकलगोंग—द्र पुं. विष्णु । (राक्षसों का वैरी)

సోకుడు सोॅकुड्डु — दे. पुं. पिशाच । राक्षस ।

సోగు सोॅगु—तद्. सं. सक्. न. सर, हार ।

సోపు सोॅपु—हि. सौंफ. न. सौंफ, मसाले का एक जिन्स ।

సోగ सोग—दे. न. उपशाखा, डाली ।

సోడా सोड़ा—अ. एक प्रकार का पानीय ।

సోడు सोड्ड —दे. न. ब्रह्मरंध्र ।

సోడుముట్టుట सोड्डुमुट्टुट दे. सक. सब जगह व्याप्त होना ।

సోఢ सोढ़—सं. पुं. सहन करने वाला, बरदाश्त करने वाला ।

సోదన सोदन—तद्. सं. शोधनम् । न. साफ़ करना । तलाश करना ।

సోదరి सोदरि—सं. स्त्री. सहजा, बहन ।

సోదరుడు सोदरुॅड्डु—सं. पुं. भ्राता, भाई

సోదర్యుడు सोदर्युॅड्डु—सं. पुं. द्र. सोदरुॅड्डु ।

సోదా सोदा—दे. न. सरकारी तलाशी ।

సోదించుట सोदिंचुट— तद्. सक. तलाश करना, खोजना । गवेषणा करना ।

సోదికత్తియ सोदिकत्तिय—मि. स्त्री. भविष्य बताने वाली औरत ।

సోదియ सोदिय— तद्. सं. चोद्यम् । न. आश्चर्य, अचरज । भविष्यवाणी ।

సోదె सोदे—द्र. सोदिय ।

సోదెము सोदेमु— तद्. सं. चोद्यम् न. आश्चर्य, अचरज ।

సోన सोन—दे. न बारिश, वर्षा ।

సోన్మాదుడు सोन्मादुॅड्डु—सं वि. पुं. उन्मत्त, पागल ।

సోపప్లవుడు सोपप्लवुॅड्डु—सं. वि. पुं. राहु-ग्रस्त चन्द्र अथवा सूर्य ।

సోపానము सोपानमु—सं. न. सोपान, सीढ़ी ।

సోబనము सोवनमु—तद्. सं. शोभनम् । न. मंगल, कल्याण । निषेक, गर्भाधान ।

సోమధార सोमधार—सं न. गंगा नदी ।

సోమపానము सोमपानमु—सं. न. सोमरस का पान ।

సోమపీథి सोमपीथि– सं. पुं. सोमयाजी ।

సోమరి सोमरि—द्र. (सोम+अरि) पुं. वि. सुस्त, आलसी ।

సోమరితనము सोमरितनमु—द्र. न. आलस्य, सुस्ती ।

సోమవారము सोमवारमु— सं. न. सोमवार, पीर ।

సోమాసి सोमासि–तद्. सं. सोमयाजिन् सं. पुं. सोमयाजी. याग करने वाला ।

సోమించుట सोमिंचुट— तद्. अक. व्याप्त होना, फैलना ।

సోమిదమ్మ सोमिदम्म—तद्. स्त्री. सोमयाजी की पत्नी ।

సోము सोमु — तद्. सं. सुखम्–न. सुख, संतोष, खुशी ।

సోమిసాని सोमिसानि—द्र. सोमिदम्म ।

సోముడు सोमुॅड्डु—सं. पुं. चन्द्रमा, चाँद । शिव ।

సోయగము सोयगमु—दे. न. सौंदर्य । सुघ-ड़ाई । लोचलचक ।

సోరణగండి सोरणगंडि — दे. न. वातायन, गवाक्ष, खिड़की ।

సోల सोल—दे. न. एक मापने वाला पात्र, सेर में चौथा हिस्सा, पाव ।

సోలము सोलमु—दे. न. मस्ती, नशा, कैफ़ । विस्मरण ।

సోలుట सोलुट—दे. अक. मस्त होना, नशे में आना । आनन्दित होना ।

సోలు सोलु—दे न. शून्य ।

సౌ (सौ)

సౌందర్యము सौंदर्यमु—सं. ग. सुन्दरता, खूब-सूरती ।

సౌందర్యవంతుడు सौंदर्यवंतुॅड्डु—सं. पुं. सुन्दर पुरुष, खूबसूरत आदमी ।

సౌందర్యవతి सौंदर्यवति— सं. स्त्री. सुन्दरी, खूबसूरत औरत ।

సౌకర్యము सौकर्यमु सं. न. सुविधा, सहूलियत, सुभीता ।

సౌకుమార్యము सौकुमार्यमु-- सं. न. सुकुमारता, नज़ाकत, कोमलता ।

సౌఖశాయనికుడు सौखशायनिकुॅड्डु—सं. पुं. राजाओं को निद्रा से जगाने वाला ।

సౌఖ్యము सौख्यमु—सं. न. सुख, आराम, चैन ।

సౌగంధ్యము सौगंध्यमु— सं. न. खुशबू, परिमल ।

సౌచికుడు सौचिकुॅड्डु—सं. पुं. दर्जी । कपड़ा सीने वाला ।

సౌజన్యము सौजन्यमु—सं. न. सुजनता, शराफ़त ।

సౌదాగరు सौदागरु—फा. पुं. सौदागर पुं. सौदागर, बनिया ।

సౌదామని सौदामनि—सं. न. बिजली, सौदामिनी ।

సౌభాగ్యము सौभाग्यमु—सं. न. खुशकिस्मत, नसीब, सौभाग्य ।

సౌభాగ్యవతి सौभाग्यवति—सं. स्त्री. सुहागिन ।

సౌమనస్యము सौमनस्यमु—सं. न. भलमनसाहत, शिष्टता, मिलनसारी । श्राद्ध में ब्राह्मणों को दिया हुआ पुष्प-दान ।

సౌమిత్రి सौमित्रि—सं. पुं. लक्ष्मण, सुमित्रा का पुत्र ।

సౌమ్యత सौम्यत—सं. न. सरल स्वभाव ।

సౌమ్యము सौम्यमु—सं. वि. सीधा । सरल ।

సౌమ్యుడు सौम्युॅड्डु—सं. पुं. वि. सुजन, सीधा-सादा आदमी ।

సౌరభము सौरभमु—सं न. परिमल, खुशबू ।

సౌరభేయము सौरभेयमु —सं.अम . बैल, वृषभ ।

సౌరభేయి सौरभेयि—सं. अम. गाय

సౌరభ్యము सौरभ्यमु — सं. न. परिमल, खुशबू ।

సౌరు सौरु—दे. न. सौंदर्य, रमणीयता ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సౌవిదల్లుఁడు सौविदल्लु‘ड्डु—सं. पुं. रनिवास का चौकीदार ।
సౌవీరము सौवीरमु—सं. न. धोवन । खट्टी कांजी ।
సౌశీల్యము सौशील्यमु—सं. न. अच्छा स्वभाव, शिष्ट चरित्र, नेक बरताव ।
సౌష్ఠవము सौष्ठवमु—सं. न. सुष्ठुता, प्रपूर्णता, भरापन ।
సౌహార్దము सौहार्दमु—सं. न. मैत्री, सख्य ।
సౌహిత్యము सौहित्यमु—सं. न. अत्यंत संतोष, प्रीणन, खुशी ।
సౌహృదము सौहृदमु—सं. न. मैत्री ।

స్క (स्क)

స్కందుఁడు स्कंदु‘ड्डु—सं पुं. कुमारस्वामी ।
స్కంధము स्कंधमु—सं न. कंधा । पेड़ का तना या धड़ ।
స్కంధాటిక स्कंधाटिक—सं. न. कांवरी ।
స్కన్నము स्कन्नमु—सं. वि. स्खलित, खिसका हुआ ।
స్కాందము स्कांदमु—सं. न. अठारह पुराणों में से एक ।
స్కీము स्कीमु—अं. न. योजना ।
స్కూలు स्कूलु—अं. न. पाठशाला ।
స్కేలు स्केलु—अं. मापदंड ।
స్ఖలనము स्खलनमु—सं. न. खिसकाव, फिसलन ।
స్ఖలించుట स्खलिंचुट—सं. अक. खिसकना, फिसलना, स्रवित होना ।
స్ఖాలిత్యము स्खालित्यमु—सं. न. भूलचूक । त्रुटि, दोष ।
స్టాంపు स्टांपु—अं. न मुहर । डाक-टिकट ।
స్టీమరు स्टीमरु—अं. न. जहाज ।
స్టేషను स्टेषनु—अं. न. स्टेशन ।

స్త (स्त)

స్తంభనము स्तंभनमु—सं. रोक-थाम, पकड़-धकड़ । सुन्न करना, स्तब्ध करना । चुप या शांत करना । सख्त या कड़ा करना । रक्त, वीर्य आदि का स्राव आदि रोकना । मंत्रादि के द्वारा किसी की शक्ति को कुंठित करना । कामदेव के पाँच बाणों में से एक ।
స్తంభము स्तंभमु—सं. न. खंभा ।
స్తంభించుట स्तंभिंचुट—सं. अक. रुकना । पथराना । निश्चेष्ट होना ।
స్తనంధయ स्तनंधय—सं. स्त्री. बच्ची, शिशु ।
స్తనంధయుఁడు स्तनंधयु‘ड्डु—सं. पुं. दुधमुँहा बच्चा !
స్తనము स्तनमु—सं. न. स्तन, कुच, चूची । थन ।
స్తనయిత్నువు स्तनयित्नुवु—सं. न. मेघ, बादल ।
స్తనాగ్రము स्तनाग्रमु—सं. न. कुच का ऊपरी भाग, चूचुक ।
స్తనితము स्तनितमु—सं. न. गर्जन, मेघ का नाद, बिजली ।
స్తన్యము स्तन्यमु—सं. न. दूध ।
స్తబకము स्तबकमु—सं. न. फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता ।
స్తబ్ధము स्तब्धमु—सं. वि. निश्चेष्ट, स्तंभित, रुका हुआ ।
స్తబ్ధుఁడు स्तब्धु‘ड्डु—सं. वि. पुं. निश्चेष्ट व्यक्ति, आलसी । मूर्ख, बेवकूफ़ ।
స్తమితము स्तमितमु—सं. वि. सिक्त, भीगा हुआ । अ रू. स्तिमितमु ।
స్తవనము स्तवनमु—सं. न. स्तोत्र, प्रशंसा, तारीफ़ ।
స్తిమితము स्तिमितमु—सं. वि. सिक्त, भीगा हुआ । स्थिर, अचल ।
స్తుతము स्तुतमु—सं. वि. प्रशंसित. सराहा हुआ, तारीफ़ किया हुआ ।
స్తుతి स्तुति—सं. न. प्रशंसा, तारीफ़ ।
స్తుతించుట स्तुतिंचुट—सं. सक. तारीफ़ करना । प्रशंसा करना ।
స్తుతిపాఠకుఁడు स्तुतिपाठकु‘ड्डु—सं. पुं. प्रशंसक, तारीफ़ करनेवाला ।
స్తుత్యము स्तुत्यमु—सं. वि. प्रशंसा करने योग्य ।
స్తూపము स्तूपमु—सं. न. बौद्धों का ढूह या स्तंभ जो विशेष आकार के होते हैं और स्मरणचिह्न-स्वरूप समझे जाते हैं ।
స్తేమము स्तेममु—सं. न. आर्द्रता, तरी, गीलापन ।
స్తేయము स्तेयमु—सं. न. चोरी ।
స్తేయి स्तेयि—सं. पुं. चोर ।
స్తోకము स्तोकमु—स. वि. अल्प. थोड़ा ।
స్తోత్రము स्तोत्रमु—सं. न. स्तुति, प्रशंसा, तारीफ़ । देवता की स्तुति ।
స్తోమము स्तोममु—सं. न. समूह, जमात ।
స్త్రీ स्त्री—सं. स्त्री. नारी, औरत ।
స్త్రీజాతులు स्त्री जातुलु—सं. ब. व. स्त्रियों के चार भेद माने जाते हैं । १. पद्मिनी २. चित्रिणी ३. शंखिनी और ४. हस्तिनी ।
స్త్రీత్వము स्त्रीत्वमु—सं. न. मादापन ।
స్త్రైణము स्त्रैणमु—सं. न. स्त्रियों का समूह । स्त्री का स्वभाव । वि. स्त्रियोचित, औरत के लिये लायक़ । स्त्री से सम्बन्धित ।

స్థ (स्थ)

స్థండిలము स्थंडिलमु—सं. न. कुश आदि से बिछी हुई ज़मीन जिस पर व्रती पुरुष सोता है ।
స్థండిలశాయి स्थंडिलशायि—सं. पुं. कुश आदि से बिछी हुई ज़मीन पर सोने वाला व्रती पुरुष ।
స్థగనము स्थगनमु—सं. न. छादन, छाजन ।
స్థగనము చేయుట स्थगनमुचेयुट—मि. सक. आच्छादन करना, छिपाना ।
స్థగితము स्थगितमु—सं. वि. स्थगित, मुल्तवी किया हुआ । आच्छादित, ढका हुआ ।
స్థపతి स्थपति—सं. पुं. शिल्पी, कारीगर ।
స్థవిరుఁడు स्थविरु‘ड्डु—सं. पु. बूढ़ा आदमी, बौद्ध भिक्षुक ।
స్థవిష్ఠము स्थविष्ठमु—सं. वि. अत्यन्त स्थूल, बहुत ही मोटा ।
స్థాణువు स्थाणुवु—सं. न. खूँटा, खंभा । जड़ पदार्थ । पुं. शिव । वि. स्थिर, अचल ।
స్థానము स्थानमु—सं. न स्थान, जगह ।
స్థానాపతి स्थानापति—सं. पुं. थानेदार ।
స్థాపనము स्थापनमु—सं. न. स्थापन, प्रतिष्ठा । क़ायम करने की क्रिया ।
స్థాపించుట स्थापिंचुट—सं. सक. प्रतिष्ठित करना, क़ायम करना ।
స్థాపితము स्थापितमु—स वि. क़ायम किया हुआ ।
స్థాయి स्थायि—सं. वि. स्थायी, क़ायम, शाश्वत ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

స్థాయీభావములు स्थायी भावमुलु--सं. व. व. जो भाव वासनात्मक होकर चित्त में चिरकाल तक अचंचल रहते हैं, उन्हें स्थायी भाव कहते हैं। ये स्थायी भाव माने जाते हैं। १. रति २. हास ३. शोक ४. क्रोध ५. उत्साह ६. भय ७. जुगुप्सा ८. आश्चर्य ९. निर्वेद।

స్థాలము स्थालमु—सं. न. थाला।

స్థావరము स्थावरमु – सं. न. धनुप की डोरी। पर्वत। वि. स्थिर, क़ायम।

స్థావిరము स्थाविरमु—सं. न. बुढ़ापा।

స్థితము स्थितमु — सं. वि. स्थित, रखा हुआ।

స్థితి स्थिति – सं. न. दशा, हालत। रहना। जीवन की उपाधि। मालमता।

స్థిర स्थिर — सं. न. मही, धरती, ज़मीन।

స్థిరచిత్తుఁడు स्थिरचित्तु॑डु—सं. वि. पुं. धीर व्यक्ति, मन को कावू में रखनेवाला।

స్థిరవారము स्थिरवारमु — सं. न. शनिवार, शनीचर।

స్థూలము स्थूलमु—सं. वि. स्थूल, मोटा।

స్థేయుఁడు स्थेयु॑डु--सं. पुं. गुरु, पुरोहित।

స్థైర్యము स्थैर्यमु– सं. न. स्थिरता, अचांचल्य।

స్థౌల్యము स्थौल्यमु—सं. न. वल, शक्ति। मोटापन।

స్న (स्न)

స్నపనము स्नपनमु—सं. न. स्नान, नहाना।

స్నాతకము स्नातकमु सं. न. विवाह से पहले, किया जानेवाला एक व्रत।

స్నాతకోత్సవము स्नातकोत्सवमु—सं. न. विद्याध्यन के अंत में मनाया जानेवाला उत्सव, दीक्षांत-उत्सव।

స్నాతుఁడు स्नातु॑डु—सं. पुं. वि. नहाया हुआ आदमी, स्नान किया हुआ।

స్నానమాడుట स्नानमाडुट· सं. मि. अक. नहाना।

స్నానము स्नानमु—सं. न. स्नान, नहाना।

స్నిగ్ధము स्निग्धमु-सं. वि. चिकना, स्निग्ध।

స్నిగ్ధుఁడు स्निग्धु॑डु - सं. पुं. मित्र, दोस्त।

స్నుతము स्नुतमु –सं. वि. स्रवित।

స్నుష स्नुष—सं. स्त्री. वधू, बहू।

స్నేహము स्नेहमु-सं. न. स्नेह, दोस्ती। तैल।

స్నేహాశము स्नेहाशमु—सं. न. दीप, चिराग़।

స్నేహించుట स्नेहिंचुट—सं. सक. मैत्री करना।

స్నేహితుఁడు स्नेहितु॑डु--सं. पुं. मित्र, दोस्त।

స్నేహితురాలు स्नेहितुरालु—मि. स्त्री. साथिन।

స్ప (स्प)

స్పందము स्पंदमु--सं. न. थोड़ा सा हिलना। कंपन।

స్పర్ధ स्पर्ध—सं. न. स्पर्धा, होड़।

స్పర్ధాళువు स्पर्धालुवु—सं. वि. पुं. होड़ लगानेवाला। स्पर्धी।

స్పర్శము स्पर्शमु—सं. न. स्पर्श, छूना।

స్పశుఁడు स्पशु॑डु—सं. पुं. जासूस, भेदिया।

స్పష్టత स्पष्टत--सं. न. स्पष्टता, अच्छता वैशद्य। अच्छी तरह मालूम होना।

స్పష్టము स्पष्टमु—सं. वि. साफ़ दिखाई देनेवाला। विशद।

స్పష్టీకరించుట स्पष्टीकरिंचुट -- सं. सक. साफ़ कहना, सफ़ाई देना।

స్పృశించుట स्पृशिंचुट—सं. सक. छूना, स्पर्श करना।

స్పృశుఁడు स्पृशु॑डु—सं. पुं. संदेशहारी. दूत। जासूस।

స్పృష్టము स्पृष्टमु—सं. वि. स्पर्श किया हुआ, छूया हुआ।

స్పృహ स्पृह—सं. न. इच्छा, चाह।

స్పృహణీయము स्पृहणीयमु—सं. वि. चाहने लायक़, वांछा करने योग्य।

స్పృహ్యము स्पृह्यमु—द्र. स्पृहणीयमु।

స్ఫ (स्फ)

స్ఫట स्फट--सं. न. फन।

స్ఫటికము स्फटिकमु—सं. विल्लौर, फटिक।

స్ఫారము स्फारमु– सं. वि. अधिक, फैला हुआ। न. चलन।

స్ఫీతము स्फीतमु—सं. वि. बहुत, अधिक। बढ़ा हुआ। ताजा। शुद्ध।

స్ఫుటము स्फुटमु—सं. वि. स्पष्ट, प्रकट। विकसित, खिला हुआ।

స్ఫురణము स्फुरणमु—सं. न. स्फ़ुरण, सूझना।

స్ఫురించుట स्फुरिंचुट — सं. अक. फुरना। सूझना। प्रकट होना। फड़कना।

స్ఫురితము स्फुरितमु—सं. वि. सूझा हुआ। स्फुरित, फड़का हुआ।

స్ఫులింగము स्फुलिंगमु — सं. न. चिनगारी, अग्निकण।

స్ఫూర్తి स्फूर्ति—सं. न. स्फुरण, फुरना। फड़कना। फुर्ती।

స్ఫోటము स्फोटमु—सं. न. फोड़ना।

స్ఫోటించుట स्फोटिंचुट—सं. सक. फोड़ना।

స్మ (स्म)

స్మయము स्मयमु—सं. न. आश्चर्य, अचंभा।

స్మరణము स्मरणमु—सं. न. स्मरण, याद।

స్మరహరుఁడు स्मरहरु॑डु.--सं. पुं. शिव।

స్మరించుట स्मरिंचुट—सं. सक. याद करना।

స్మరుఁడు स्मरु॑डु—सं. पुं. मन्मथ। मदन।

స్మర్త स्मर्त—सं. पुं. स्मरण करनेवाला।

స్మార్తము स्मार्तमु -- सं. न. स्मृतियों में बताया हुआ धर्म।

స్మితము स्मितमु—सं. न. मंदहास, मुसकान। अ. रू. स्मिति।

స్మృతము स्मृतमु—सं. वि. स्मरण किया हुआ, याद किया हुआ।

స్మృతి स्मृति–सं.न. स्मरण, याद। हिन्दुओं का धर्म-ग्रंथ जैसे पराशर-स्मृति आदि।

స్మేరము स्मेरमु--सं. वि. दरहसित, मुसकुराया हुआ। खिला हुआ।

స్య (स्य

స్యందనము स्यंदनमु—सं. न. रथ।

స్యందము स्यंदमु -- सं. न. स्रवित होना, चूना।

స్యంది स्यंदि—सं. वि. स्रवित होने वाला। झरने वाला।

స్యదము स्यदमु—सं. न. आतुरता, वेग।

స్యన్నము स्यन्नमु—सं. वि. स्रवित, झरा हुआ।

స్యాలకుఁడు स्यालकु॑डु--सं. पुं. साला।

స్యాలుఁడు स्यालु॑डु—सं. पुं. साला।

స్యూతము स्यूतमु—सं. वि. सिया हुआ।

స్యూతి स्यूति—सं. न. सीना।

స్ర (स्र)

స్రంసి स्रंसि—सं. वि. गिरने वाला, खिसकने वाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

స్రగ్ధర स्रग्धर—स. न. एक वर्णवृत्त जिस के हर चरण में क्रमशः म, र, भ, न, य, य गण प्रयुक्त होते हैं।

స్రగ్వి स्रग्वि—सं. पुं. पुष्पमाला को धारण करनेवाला।

స్రగ్విణి स्रग्विणि—सं. न. एक वर्णवृत्त जिस के हर चरण में क्रमशः चार र गण प्रयुक्त होते हैं।

స్రజము स्रजमु—सं. न. हार।

స్రవంతి स्रवंति—सं. न. प्रवाह। नदी।

స్రవము स्रवमु--सं. न. टपकाव, चुआव, धार।

స్రవించుట स्रविंचुट—सं. अक. टपकना, चूना। झरना।

స్రస్తము स्रस्तमु—सं. वि. फिसला हुआ, खिसका हुआ।

స్రావణము स्रावणमु—दे. न सुनार का एक औजार।

స్రావము स्रावमु—सं. न. क्षरण, द्रवित होना, कांजी।

స్రుక్కబడుట स्रुक्कवडुट—द्र. अक. कृशीभूत होना, कमजोर होना। दुःखित होना।

స్రుక్కు स्रुक्कु—सं. न. यज्ञ का एक उपकरण। दे. अक. कमज़ोर हो, दुवला हो।

స్రుక్కులు स्रुक्कुलु —दे. व. व. पेट में पड़ने वाले वल।

స్రుతి स्रुति--सं. न. क्षरण, स्राव।

స్రువము स्रुवमु--सं. न. यज्ञ का एक उपकरण।

స్రోతస్విని स्रोतस्विनि—सं. न नदी।

స్రోతము स्रोतमु—मं. न. सोता। चश्मा।

స్లేటు स्लेटु—अं. न. सलेट, पट्टी।

స్వ (स्व)

స్వచ్ఛందము स्वच्छंदमु—सं. वि. स्वतंत्र, मुक्त, आज़ाद।

స్వచ్ఛందుఁడు स्वच्छंदु'डु—सं. विं स्वेच्छाचारी।

స్వచ్ఛము स्वच्छमु—सं. वि. सफ़ेद, धवल। साफ़, निर्मल।

స్వతంత్రము स्वतंत्रमु—सं. वि- आज़ाद।

స్వతంత్రుఁడు स्वतंत्रु'डु—सं. वि. पुं आज़ाद, आदमी, स्वतंत्र व्यक्ति।

స్వత్వము स्वत्वमु—सं. न. अधिकार, हक़। बल, ताक़त। धन-दौलत, मालमता।

స్వధర్మము स्वधर्मम्—सं. न. अपना स्वभाव, अपना धर्म, अपना फ़र्ज़।

స్వనితము स्वनितमु—सं. न. गर्जन, बिजली की ध्वनि। वि. ध्वनित।

స్వప్నము स्वप्नमु--सं. न. स्वप्न, ख्वाब।

స్వభావము स्वभावमु —सं. न. स्वभाव, प्रकृति।

స్వభావోక్తి स्वभावोक्ति सं. न. एक अलंकार जिसमें किसी वस्तु या विषय के यथावत् प्राकृतिक स्वरूप का या अवस्थानुसार उसकी जाति का वर्णन हो।

స్వము स्वमु--सं. न. धन-दौलत, अपनी संपदा।

స్వయంకృషి स्वयंकृषि—सं. न. अपना परिश्रम, अपनी मेहनत व कोशिश।

స్వయంపాకము स्वयंपाकमु—सं. न. खुद रसोई वनाना। रसोई वनाने की सामग्री।

స్వయంభువు स्वयभुवु—सं. पुं. ब्रह्म। विष्णु। शिव। मन्मथ।

స్వయంవరము स्वयंवरमु -- सं. न. स्वयंवर, मनचाहे पुरुष या स्त्री से विवाह करना।

స్వరము स्वरमु -- सं. न. सुर, ध्वनि। संगीत का स्वर।

స్వరాట్టు स्वराट्टु--सं. पुं. इन्द्र।

స్వరువు स्वरुवु—सं. न. इन्द्र का आयुध। वज्रायुध।

స్వరూపము स्वरूपमु -- सं. न. स्वरूप। शकल-सूरत।

స్వర్గము स्वर्गमु—सं. न. स्वर्ग, बिहिश्त।

స్వర్గస్థుఁడు स्वर्गस्थु'डु—सं. वि. पुं. स्वर्गीय, दिवंगत, मरा हुआ।

స్వర్ణకారుఁడు स्वर्णकारु'डु--सं. पुं. सुनार।

స్వర్ణది स्वर्णदि--सं. न. गंगानदी।

స్వర్ణము स्वर्णमु—सं. न. सोना।

స్వర్భానువు स्वर्भानुवु—सं. पुं. राहु।

స్వల్పము स्वल्पमु — सं. वि. बहुत कम, थोड़ा।

స్వవశము स्ववशमु--सं. त्रि. अपना वश। अपना कब्जा।

స్వస్తి स्वस्ति—सं. न. शुभ, मंगल।

స్వస్తిముఖుఁడు स्वस्तिमुखु'डु—सं. पुं. ब्राह्मण। कल्याण की कामना करनेवाला।

స్వస్థమగుట स्वस्थमगुट—सं. अक. शांत रहना, तंदुरुस्त रहना।

స్వస్రీయుఁడు स्वस्रीयु'डु — सं. पु. भागिनेय, भांजा।

స్వస్వామిసంబంధము स्वस्वामिसंबंधमु--सं. न. विविध संबंधों में से एक। द्र. संबंधमुलु।

స్వాంతము स्वांतमु— सं. न. चित्त, मन।

స్వాగతము स्वागतमु--सं. न. स्वागत, शुभागमन।

స్వాతంత్ర్యము स्वातंत्र्यमु--सं. न. आज़ादी।

స్వాతి स्वाति—सं. न. एक नक्षत्र का नाम।

స్వాదనము स्वादनमु सं. न. पान, रस चखना।

స్వాదము स्वादमु--सं. न रस, रुचि, मजा।

స్వాదువు स्वादुवु—सं. न. गुड़, शक्कर। वि. रुचिकर, रोचक, मज़ेदार।

స్వాధిష్ఠానము स्वाधिष्ठानम्—सं. न. एक प्रकार का चक्र जिसकी अवस्थिति रीढ़ में मानी जाती है।

స్వాధీనత स्वाधीनत — सं. न. आज़ादी, स्वतंत्रता।

స్వాధీనపతిక स्वाधीनपतिक — सं. स्त्री. आठ प्रकार की नायिकाओं में से एक।

స్వాధీనము स्वाधीनमु--सं. न. अपना कावू, स्ववश।

స్వాధ్యాయము स्वाध्यायमु — सं. न. वेद का अध्ययन।

స్వానము स्वानमु –सं. न. ध्वनि, आवाज़।

స్వాపనము स्वापनमु--सं. न. स्वप्न, ख्वाब।

స్వాపము स्वापमु--सं. न. निद्रा, नींद।

స్వామి स्वामि—सं. न. स्वामी, मालिक, प्रभु। ईश्वर।

స్వామిని स्वामिनि--सं. स्त्री. बौद्ध सन्न्यासिनी। राधा। मालकिन। रानी।

స్వామ్యము स्वाम्यमु—सं. न. हक़, अधिकार।

స్వారాజ్యము स्वाराज्यमु—स न. मोक्ष, मुक्ति। स्वर्गलोक का आधिपत्य।

స్వారాట్టు स्वाराट्टु--सं. पुं. इन्द्र।

స్వార్థము स्वार्थमु—सं. स्वार्थ, खुदगर्जी।

స్వాస్థ్యము स्वास्थ्यमु — सं. न. तन्दुरुस्ती, स्वास्थ्य।

స్వాహా स्वाह — सं. स्त्री. अग्नि की पत्नी।

స్విన్నము स्विन्नमु—सं. वि. स्वेद से भरा हुआ। पसीने से भीगा हुआ।

స్వీకరించుట स्वीकारिंचुट—सं. सक. स्वीकार करना, कबूल करना।

స్వీకర్త स्वीकर्त--सं. पुं. स्वीकार करने वाला, कबूल करने वाला।

స్వీకారము स्वीकारमु--सं. न. अंगीकार, कबूल।

స్వీకృతము स्वीकृतमु— सं. वि. अंगीकार किया हुआ, कबूल किया हुआ।

స్వీకృతుఁడు स्वीकृतु'डु—सं. पुं. कबूल किया हुआ आदमी, ग्राहक।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

స్వీయ स्वीय — सं. स्त्री. अनुकूलवती पत्नी, वह स्त्री जिससे शादी की गई हो ।

స్వీయము स्वीयमु—सं. वि. निज, अपना ।

స్వేదము स्वेदमु—सं. न. पसीना ।

స్వైరిణి स्वैरिणि—सं. स्त्री. जारिणी, कुलटा ।

స్వైరుఁడు स्वैरुड़ु—सं. पुं. स्वेच्छाचारी । मस्तमौला आदमी ।

హ (ह)

హ ह—तेलुगु वर्णमाला का सैंतीसवाँ व्यंजनाक्षर ।

హంకరించుట हंकरिंचुट— तद्. सं. अहंकारः अक. गर्व करना । अकड़ना ।

హంకారము हंकारमु—तद्. सं. अहंकारः न. अहंकार, गर्व, घमण्ड ।

హంగామా हंगामा--फा. हंगामः न. हल्ला, उपद्रव, कलकल, कोलाहल ।

హంగామీ हंगामी --फा. वि. । न. मालिकी । प्रभुता, अधिकार ।

హంగు हंगु—दे. न. सजधज । ढंग । वस्तुओं का संकलन ।

హంజిక हंजिक—सं. न. रोग को दूर करने वाली औषधि ।

హండ हंड—हि. हंडा न. पानी रखने का बहुत ही बड़ा पीतल या तांबे का बरतन । अ. रू. हंडा ।

హండి हंडि—हि. हंडी न. पानी रखने का पीतल या तांबे का बरतन ।

హంత हंत—सं. पुं. हिंसक । वध करने वाला, मारने वाला ।

హంవీరుఁడు हंवीरुड़ु—सं. पुं. क्षत्रिय । वि. शूरवीर, बहादुर । योद्धा ।

హంస हंस—सं. अम. एक पक्षी जो मानसरोवर में रहता है । हंस । कहा जाता है यह पक्षी क्षीर-नीर का विवेक करने में समर्थ है । ब्रह्म का वाहन । पुं. योगी, सन्यासी । पहुंचा हुआ जीव ।

హంసకము हंसकमु — सं. न. पादनूपुर । मंजीर, पायल ।

హంసతూలికా తల్పము हंसतूलिका तल्पमु—सं. न. हंस के मुलायम पंखों से बना हुआ बिछौना । मृदु शय्या ।

హంసపదము हंसपदमु—सं. न. हंस का पाद या चरण । अध्याहार, तर्क, कल्पना ।

హంసపాదు हंसपादु—मि. न. वाक्य में जब किसी अंश का लिखने में लोप होता है, तब उसे जो चिह्न लगा कर वाक्य के बीच में ऊपर लिखते हैं उसे व्यवहार में "हंसपादु" कहते हैं ।

హంసము हंसमु—सं. अम. हंस ।

హంసయాన हंसयान—सं. स्त्री हंस की तरह चलनेवाली स्त्री । सुन्दर चाल से चलनेवाली औरत ।

హంస వాహనుఁడు हंसवाहनुड़ु—सं. पुं. ब्रह्मदेव ।

హంసాయి हंसायि—फा. हमसायः पुं. वि. पड़ोसी, प्रतिवासी, प्रतिवेशी ।

హంసి हंसि—सं. अम. हंसी, मादा हंस ।

హంసుఁడు हंसुड़ु — सं. पुं. सूरज, सूर्य । जीव । परब्रह्म, परमात्मा । उत्तम योगी अथवा सन्यासी । (उत्तर पद के रूप में श्रेष्ठता जताता है । उदा. कविराजहंसुड़ु ।)

హక్కసు हक्कसु — अ. अक्स–न. क्रोध, वैर, दुश्मनी ।

హక్కు हक्कु—अ. हक् – न. अधिकार, हक् ।

హక్కుదారు हक्कुदारु — मि. पुं. अधिकार रखनेवाला ।

హజారము हज़ारमु—दे. न. प्रघाण, बंगले के दरवाज़े के सामने छाया हुआ स्थान । अ. रू. हज़ारमु ।

హజ్జ हज्ज--दे. न. कदम । डग । पग । पाँव । सं. न. घुटना । अ. रू. हंज ।

హట్టము हट्टमु—सं. न. हाट । विपणि । बाजार । दूकान ।

హఠము हठमु — सं. न. जिद । हठ । प्रतिज्ञा । चार प्रकार के योग-विधानों में से एक ।

హఠాత్తు हठात्तु — सं. हठात् – अव्य. हठपूर्वक । अचानक, अकस्मात् । सहसा, संयोगवश । अकारण, आपसे आप ।

హడపము हडपमु—दे. न. पान और सुपारी रखने की छोटी थैली ।

హడలు हडलु —दे. न. भय, डर, साध्वस । अक. डर, भयभीत हो ।

హణిగలు हणिगलु — दे. न. नतिविशेष, नमस्कार करने का एक ढंग ।

హతి हति — सं. न. चोट । प्रहार । आघात, अभिघात । घाव ।

హతుఁడు हतुड़ु — सं. वि. मारा हुआ । विक्षिप्त । प्रतिहत ।

హత్తము हत्तमु—तद्. सं हस्तः –न. हाथ ।

హత్తి हत्ति—तद् सं. हस्तिन्– पुं. हाथी,

హత్తుట हत्तुट—दे. अक. अनुकूल होना । ठीक बैठना ।

హత్య हत्य—सं. न. वध । हत्या ।

హదను हदनु—दे. न. ऐन वक्त, उपयुक्त समय । अ. रू. अदनु ।

హద్దు हद्दु—अ. हद, हद्द – न. सीमा, हद, सरहद्द । मर्यादा ।

హననము हननमु—सं. न. हत्या, वध ।

హనుమ हनुम — तद्. सं. हनुमान् । पुं. हनुमान, महावीर ।

హనుమంతుఁడు हनुमंतुड़ु — सं. पुं. हनुमान, महावीर ।

హనుమంతునెదుట కుప్పిగంతులు हनुमंतुनेदुट कुप्पिगंतुलु—मु. बड़ों के सामने शेखी बघारना ।

హనుమఁడు हनुमड़ु — द्र. हनुम । अ. रू. हनुमानुड़ु ।

హనువు हनुवु — सं. न. ठुड्डी । ऊपरी जबड़ा ।

హనుమంతుఁడు हनुमंतुड़ु—द्र. न. हनुम ।

హమాంబాపతు हमांबापतु—द्र. अमांबापतु ।

హమేషా हमेषा — फा हमेशः – क्रि. वि, सदा, हमेशा ।

హయము हयमु—सं. अम. घोड़ा ।

హయాము हयामु—अ. हयात–न. जीवनी, जिंदगी । अधिकार, प्रभुता । आधिपत्य ।

హరకత్తు हरकत्तु—अ. हरकत–न. अड़चन बाधा ।

హరణము हरणमु—सं. न. चोरी । अपहरण । दान । उपहार ।

హరి हरि—सं. पुं. विष्णु ।

హరించుట हरिंचुट—सं. सक. चुराना । अपहरण करना । अक. घिसना । कम होना ।

హరికేన్ లాంతరు हरिकेन् लांतरु—अं. लालटेन ।

హరిక్రాంతము हरिक्रांतमु—सं. अम. घोड़ा ।

హరిగ हरिग—दे. न. पताका, झंडा ।

హరిచందనము हरिचन्दनमु—सं. न. पीला चन्दन, चन्दन-विशेष । स्वर्ग के पांच वृक्षों में से एक । "पंचैते देवतरवो मंदारः पारिजातकः । संतानः कल्पवृक्षश्च पुंसि वा हरिचन्दनम् ।"

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

హరిణము हरिणमु--सं. अम. हिरन।

హరిణి हरिणि—सं. स्त्री. हिरनी। एक अप्सरा का नाम। न. एक सोने की प्रतिमा।

హరితము हरितमु—सं. न. हरा रंग। वि. हरा। अम. कबूतर का एक भेद।

హరిత్తు हरित्तु—सं. न. दिशा। हरा रंग। घास। तृण। वि. हरा। अम. एक प्रकार का घोड़ा।

హరిదశ్వుఁడు हरिदश्वुँडु सं. पुं. सूर्य। सूरज।

హరిదళము हरिदळमु — सं. हि. हरताला। न. हरताल। अम. पीले रंग का कबूतर। अ. रू. हरताळमु।

హరిదాసు हरिदासु—सं. पुं. विष्णु का भक्त। वैष्णव भक्त।

హరిద్రాభము हरिद्राभमु--सं. न. पीला रंग। पीला वर्ण।

హరిప్రియ हरिप्रिय — सं. स्त्री. लक्ष्मी। भूदेवी। न. तुलसी। द्वादशी तिथि।

హరిభక్తుఁడు हरिभक्तुँडु—सं. पुं. विष्णु का भक्त।

హరిలాంఛనము हरिलांछनमु—सं. अम. केकड़ा।

హరివాణము हरिवाणमु—सं. न. थाली जिस में संध्यावंदना का अर्घ्यजल छोड़ा जाता है।

హరివాసరము हरिवासरमु — सं. न. एकादशी की तिथि।

హరివాహనుఁడు हरिवाहनुँडु—सं. पुं. विष्णु भगवान का वाहन गरुत्मान् जो अपनी माता की आज्ञा के अनुसार अमृत स्वर्ग से लाया।

హరిశ్చంద్రుఁడు हरिश्चन्द्रुँडु — सं. पुं. राजा हरिश्चन्द्र जो अपने सत्यव्रत के लिये बहुत ही प्रसिद्ध हुआ था।

హరిహయుఁడు हरिहयुँडु--सं. पुं. इन्द्र।

హరిహరము हरिहरमु--सं. न. दक्षिण भारत के मैसूर प्रदेश का एक यात्रास्थल जहाँ हरिहरनाथ का मंदिर है।

హరీతకి हरीतकि—सं. न. हारीतकी। हरड़। माना जाता है कि मनुष्य के स्वास्थ्य को यह बना रखता है। "हरीतकी मनुष्याणां मातेव हितकारिणी।"

హరుఁడు हरुँडु—सं. पुं. शिव, महादेव।

హరువు हरुवु—दे. न. मोहकता। मनोज्ञता। हृद्यता। सुन्दरता।

హరువుకాఁడు हरुवुकाँडु—दे. पुं. चतुर व्यक्ति।

హరుసము हरुसमु--तद्. सं. हर्षः न. अह्लाद। हर्ष, खुशी, आनन्द।

హరుసించు हरुसिंचुट तद्. आह्लादित होना, हर्षित होना।

హర్కారా हर्कारा--फा. पुं. एक जगह से दूसरी जगह चिट्ठी आदि पहुँचानेवाला फा. हरकारः अ. रू. हरकाला।

హర్మ్యము हर्म्यमु — सं. न. महल, भवन सदन।

హర్యక్షము हर्यक्षमु--सं. अम. सिंह, शेर।

హర్షకుఁడు हर्षकुँडु—सं. वि. हर्षित करने वाला। दूसरों को आनन्द पहुँचाने वाला।

హర్షణము हर्षणमु — सं. न. आनन्दित करना, हर्षित करना। खुश करना।

హర్షము हर्षमु—सं. न. संतोष, आनन्द।

హర్షించు हर्षिचुट--सं. अक. खुश होना। राज़ी होना।

హలము हलमु--सं. न. हल, लांगल।

హలహలము हलहलमु--सं. न. विष, जहर। अ. रू. हालाहलमु।

హలాయుధుఁడు हलायुधुँडु— सं. पु. बलराम। श्रीकृष्ण का भाई।

హలాహలము हलाहलमु—सं. द्व. हलहलमु। एक प्रचंड विष जो समुद्र मंथन के समय निकला था। एक जहरीला पौधा। ब्रह्मसर्प।

హలి हलि—सं. पुं. बलराम, हलायुध।

హల్కా हल्का—हि. हलका वि. तौल में जो भारी न हो। तुच्छ, नीच।

హల్లకము हल्लकमु--स. न. लाल कमल।

హల్లకల్లోలము हल्लकल्लोलमु--सं. न. कोलाहल, हलचल, होहुल्लड़। अ. रू. अल्लकल्लोलमु।

హల్లీసకము हल्लीसकमु—सं. न. एक प्रकार का नृत्य जिस में स्त्रियाँ मंडलाकार गति से नाचती हैं। अठारह उपरूपकों में से एक।

హల్లులు हल्लुलु—ब. व. 'क' से ले कर 'ह' तक के व्यंजनाक्षर।

హల్లోహలము हल्लोहलमु--सं. न. संभ्रम, सकपकाहट। कोलाहल, कल्लोल। होहुल्लड़।

హవణించు हवणिचुट--दे. प्रे. सजाना। पहनना। सपाट करना। ठीक बिठलाना।

హవణింపు हवणिपु — दे. न. अलंकरण। साज-सजावट। वि. मनोज्ञ, सुन्दर।

హవణిక हवणिक— दे. न. सावधानी। अलकार। सं. न. शृंगार-रचना।

హవణిల్లు हवणिल्लुट—दे. अक. प्रकाशित होना, चमकना। फबना।

హవణు हवणु—दे. न. सुन्दरता, खूबसूरती। सुषमा, सुघराई।

హవనము हवनमु—सं. न. होम-कर्म, एक वैदिक धर्म जिसमें मंत्रपूत अग्नि को प्रज्वलित करके उसे आज्य की धाराओं से तृप्त करते है।

హవనీయుఁడు हवनीयुँडु--सं. न. हवनकुंड में आहुति करने योग्य वस्तु।

హవము हवमु—सं. स. यज्ञ। आह्वान।

హవాలా हवाला—अ. हवालः –न. सुपुर्दगी, समर्पण। किसी के अधीन कोई चीज़ रखने की क्रिया। किसी बात की पुष्टि में किया जानेवाला उल्लेख।

హవిస్సు हविस्सु—सं. न. हवन के लिए उपयुक्त वस्तु। घी।

హవుసు हवुसु — अ. हवस – न. उत्कंठा, प्रबल इच्छा। विलास, शौक़। अदा, नखरा।

హవుసుకాఁడు हवुसुकाँडु--द्व. वि. पुं. शौक़ीन आदमी। विलासी पुरुष।

హవ్యము हव्यमु—सं. वि. हवन करने योग्य वस्तु।

హవ్యవహుఁడు हव्यवहुँडु—सं. वि, अग्नि।

హవ్యవాహనుఁడు हव्यवाहनुँडु--सं पुं. अग्निदेव।

హసంతి हसंति—सं. न. अंगीठी।

హసాదు हसादु — तद्. सं. प्रसादः – न. अनुग्रह, प्रसाद। जयजयनिनाद।

హసదు हसदु—दे. पुं. वड़ा आदमी, महा पुरुष। अ. रू असदु।

హసనము हसनमु—सं. न. ह्रास। हंसी।

హసించు हसिचुट -- सं. अक. हंसना। अपहास करना। व्यंग करना।

హసితము हसितमु— सं. न. दांत दिखाये बिना हंसना। वि. हंसा हुआ। वि. हंसा हुआ। विकसित, खिला हुआ।

హస్తతలము हस्ततलमु--सं. न. हथेली।

హస్తము हस्तमु—सं. न. हाथ, कर।

హస్తలాఘవము हस्तलाघवमु—सं. न. इंद्रजाल की एक प्रक्रिया जिसमें हाथ की कुशलता दिखाते हैं।

హస్తి हस्ति--सं. अम. हाथी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

హస్తినపురము हस्तिनपुरमु—सं. न. हस्तिनापुर। कौरवों की राजधानी। दिल्ली।

హస్తిని हस्तिनि—सं. स्त्री. हथनी।

హస్తిమశకాంతరము हस्तिमशकांतरमु—सं. मु. आकाश-पाताल का अंतर। (हाथी और मच्छड़ का फर्क़)

హళది हळदि—तद्. सं. हरिद्रा—न. हल्दी।

హళహళి हळहळि—सं. न. त्वरा। संभ्रम। अ. रू. हळाहळिक।

హళాహళి हळाहळि—सं. न. त्वरा। संभ्रम। बहादुरी, शूरता। दे. न. कलकूजन।

హళ్లికిహళ్లి సున్నకు సున్న हाळ्ळकि हळ्ळिसुन्नकु सुन्न—मु. सर्व शून्य होना। बेकार होना। निष्फल होना।

హా (हा)

హా हा—सं. अव्य. हाय।

హాకీము हाकीमु—अ. हाकिम—पुं. मालिक। अफ़सर। अ. हकीम पुं. वैद्य, यूनानी डाक्टर।

హాజరు हाजरु—अ. हाज़िर—वि. उपस्थित, वर्तमान। मौजूद।

హాజరుపట్టీ हाजरुपट्टी—मि. न. उपस्थिति की पुस्तक। अटेंडन्स रजिस्टर।

హాజారము हाज़ारमु—दे. द्र. हज़ारमु।

హాటకగర్భుడు हाटकगर्भुड्डु—सं. पुं. ब्रह्मदेव।

హాటకము हाटकमु—सं. न. सोना। धतूरा।

హాని हानि—सं. न. हानि, नुक़सान। अपकार, अहित।

హానికాడు हानिकाड्डु — मि. पुं. नुक़सान पहुंचानेवाला। हानिकारक व्यक्ति।

హామిక हामिक — तद्. सं-अहमिका—न. गर्व, घमण्ड।

హామీ हामी—अ. हामी—न. उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी।

హామీపడుట हामी पड्डुट—मु. हामी भरना।

హామీదారు हामीदारु—मि. (अ. हामी+दार फा.) पुं. हामी भरनेवाला।

హాయనము हायनमु—सं. न. साल, वर्ष।

హాయి हायि—दे. न. सुख, आनन्द। हर्ष।

హారకుడు हारकुड्डु — सं. पुं. वि. चोर। लुटेरा। जुआरी। अपहरण करनेवाला।

హారతి हारति—तद्. सं-आरात्रिकम्—न. आरती, नीराजन।

హారతికర్పూరము हारतिकर्पूरमु—मि. न. नीराजन के लिये प्रयोग किया जानेवाला कर्पूर।

హారతికర్పూరమగుట हारतिकर्पूरमगुट—मु. नाश होना। संपत्ति का नष्ट होना। गायब होना।

హారము हारमु—सं. न. हार, माला। पुष्प-माला।

హారి हारि—सं. वि. मनोज्ञ, सुन्दर। पुं. हरण करनेवाला।

హారిద్రము हारिद्रमु—सं. न. हल्दी। पीला रंग।

హారీతము हारीतमु — सं. अम. एक पक्षी जिसका रंग पीला होता है।

హారీతుడు हारीतुड्डु—सं. पुं. एक ऋषि का नाम।

హార్దము हार्दमु—सं. वि. मनोज्ञ, सुन्दर। न. स्नेह, मैत्री।

హాలహలము हालहलमु—सं. न. महाविष, विष जो समुद्रमंथन के समय पर निकला है।

హాలికుడు हालिकुड्डु — सं. पुं. किसान, काश्तकार।

హాలుడు हालुड्डु—सं. बलराम। गाथासप्तशती का संकलयिता 'हाल' नामक शातवाहन वंश का राजा।

హాలుసాలు हालुसालु—मि. (अ. हाल+साल, फा.) न. चालू साल। वर्तमान वर्ष।

హావడి हावडि—दे. न. आफ़त, विपत्ति।

హావము हावमु—सं. न. शृंगारी चेष्टा जैसे किलकिंचित आदि।

హాసము हासमु—सं न. एक प्रकार की हंसी। हास। हास्य रस का स्थायी भाव।

హాసించుట हासिंचुट—सं. अक. हंसना। व्यंग करना।

హాసువు हासुवु—सं. न. दांत।

హాస్యకాడు हास्यकाड्डु— मि. पुं. विदूषक। विनोद करने वाला। तमाशा दिखाने वाला। अ. रू. हास्यगाड्डु।

హాస్యము हास्यमु—सं. न. हास्य नामक रस। हास्य, हंसी। व्यंग, परिहास।

హాస్యములు हास्यमुलु—सं. ब. व. छह प्रकार के हास्य माने जाते हैं। १. स्मित २. हसित ३. विहसित ४. प्रहसित ५. अपहसित ६. अतिहसित।

హాళి हाळि—दे. न. हर्ष, आनन्द। खुशी।

హి (हि)

హింగువు हिंगुवु—सं. न. हींग। रामठ।

హిండితము हिंडितमु—सं. वि. फैला हुआ, व्याप्त।

హింతాలము हिंतालमु—सं. न. ताड़ जाति का एक पेड़।

హిందూమహాసముద్రము हिंदूमहासमुद्रमु—सं. न. भारत के दक्षिण में फैला हुआ समुद्र।

హిందోలము हिंदोलमु — सं. न. हिंडोला। राग-विशेष।

హింస हिंस—सं. न. हिंसा। दूसरों को पीड़ा पहुंचाना। हनन करना, मारना।

హింసకుడు हिंसकुड्डु—सं. पुं. हिंसा करने, वाला। दुःख पहुंचानेवाला।

హింసనము हिंसनमु—सं. न. वध करना, मारना।

హింసించుట हिंसिंचुट—सं. सक. वध करना- दुःख पहुंचाना।

హింసితము हिंसितमु—सं. वि. पीड़ा पहुंचा हुआ, दुःखित।

హింస్రువు हिंस्रुवु सं. पुं. वि. हिंसा करनेवाला, हिंसक। क्रूरकर्मी।

హిక్క हिक्क—सं. न. हिचकी।

హిజ్జలము हिज्जलमु—सं. न. लाल कनेरी।

హితము हितमु—सं. न. हित, भलाई।

హితవరి हितवरि— तद्. स. हितकारिन् पुं. भला करनेवाला। हितैषी।

హితవు हितवु—सं. न. हित, भलाई।

హిమకరుడు हिमकरुड्डु सं. पुं. चन्द्रमा, चंदा-मामा।

హిమగ్రస్తుడు हिमग्रस्तुड्डु—सं. वि. हिम से पीड़ित। जड़।

హిమధాముడు हिमधामुड्डु—सं. पुं. चन्द्रमा, चंदा-मामा।

హిమవంతము हिमवंतमु—स. न. हिमालय।

హిమవత్పర్వతము हिमवत्पर्वतमु - सं. न. हिमालय।

హిమవాలుక हिमवालुक-सं. न. कर्पूर। कपूर।

హిమాంబువు हिमांबुवु—सं. न. शीतल जल, सुगंधित जल।

హిమాంశువు हिमांशुवु—सं. पुं. चन्द्रमा, चांद।

హిమాచలము हिमाचलमु—सं. न. हिमालय।

హిమాని हिमानि—सं. न. कुहरा, कुहासा, हिमसमूह। हिमसंहति।

హిమాలయము हिमालयमु — सं. न. हिमालय, (पर्वतों में सबसे बड़ा है!)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

హిమాహ్వయము हिमाह्वयमु-- सं. न. कर्पूर ।

హిరణ్యము हिरण्यमु—सं. न. सोना ।

హిరణ్యరేతసుఁడు हिरण्यरेतसु'डु—सं. अग्निदेव ।

హిరణ్యవాహము हिरण्यवाहमु—सं. न. सोन नदी ।

హిహీ हिही—दे. अव्य. छि. छिः–(निन्दार्थक अव्यय)

హీ (ही)

హీనము हीनमु—सं. वि. नीच, कमीना, तुच्छ । घृणित ।

హీనుఁడు हीनु'डु—सं. वि. तुच्छ व्यक्ति ।

హీరము हीरमु—सं. न. वज्र, हीरा ।

హు (हु)

హుంకరించుట हुंकरिंचुट—सं. अक. हुंकार करना ।

హుంకారము हुंकारमु—सं. न. हुंकार ।

హుంకారించుట हुंकारिंचुट — सं. अक. हुंकार करना, ललकारना । चुनौती देना ।

హుంకృతి हुंकृति—सं. न. हुंकार । गर्जन । ललकार ।

హుండి हुंडि—हि. हुंडी–न. विधिपत्र, चेक, वह लेख जिस में किसी को लिख कर रुपये दिलाने की सुविधा रहती है । मंदिरों में रखी हुई हुंडी जिस में भगवान के नाम पर सिक्के आदि डाले जाते हैं । अ. रू. हुंडी ।

హుందాతనము हुंदातनमु—मि. (अ. ओहदः+तनमु तें.) न. हैसियत । शालीनता । गरिमा ।

హుకుము हुकुमु — अ. हुक्म–न. आज्ञा, हुकुम । फ़रमाना ।

హుజూరు हुजूरु—अ. हुजूर न. समक्षता । उपस्थिति । बड़े लोगों के संबोधन में प्रयुक्त होनेवाला शब्द ।

హుటాహుటి हुटाहुटि—दे. न. गमनवेग, गति की तीव्रता । चाल की तेज़ी ।

హుడుక हुडुक—सं. न. ढोल जो विशेष आकार का होता है । अ. रू. हुडुक्क ।

హుడువు हुडुवु—सं. अम. नरमेढ़ा ।

హుతభుక్కు हुतभुक्कु—सं. न. वह्नि, आग ।

హుతభుక్ప్రియ हुतभुक्प्रिय — सं. स्त्री. स्वाहा देवी ।

హుతవహుఁడు हुतवहु'डु—सं. पुं. अग्निदेव ।

హుతాశనుఁడు हुताशनु'डु—सं. पुं. अग्निदेव ।

హుతాశుఁడు हुताशु'डु—सं. पुं. अग्निदेव ।

హురుమంజి हुरुमंज—दे. न. मोती । एक देश का नाम ।

హుసారు हुसारु — फा. होशियार – न. होशियारी । तेजी । उल्लास, उल्लास, उमंग, जोश ।

హుళక్కి हुळक्कि—दे. न. मिथ्या, असत्य, झूठ । अ. रू. हुळिकि, हुळक्कि ।

హూ (हू)

హూణము हूणमु—सं. न. हूण देश । बृहत्संहिता के अनुसार यह देश उत्तर में २४, २५, २६ नक्षत्रों में अवस्थित है ।

హూతము हूतमु — सं. वि. बुलाया हुआ, निमंत्रित । आमंत्रित ।

హూతి हूति—सं. न. संबोधन ।

హూహూ हूहू—दे. न. जाड़े में ठिठुरने के भाव का अनुकरणात्मक शब्द ।

హూష్షు हूष्षु—दे. न. कौवे आदि पक्षियों को उड़ाने में प्रयुक्त शब्द ।

హూష్షుకాకి हूष्षुकाकि—मु. किसी को कुछ नहीं देना । कौवे तक को घर के ऊपर न बैठने देना । बेहद कजूसी ।

హృ (हृ)

హృతము हृतमु — सं. वि. चुराया हुआ । अपहृत ।

హృతి हृति—सं न. चुराई, अपहरण ।

హృదయంగమము हृदयंगममु—सं. वि. हृदयहारी, मनोज्ञ, सुन्दर ।

హృదయము हृदयमु—सं. न. जी, हृदय । मन ।

హృదయశూలము हृदयशूलमु—सं. न. जी का कांटा । पीड़ाजनक विषय । दर्दनाक बात ।

హృద్యము हृद्यमु—सं. वि. मनोहारी, मन को आकृष्ट करनेवालाजी । लुभानेवाला ।

హృషీకము हृषीकमु—सं. न. इन्द्रिय ।

హృష్టమానసుఁడు हृष्टमानसु'डु — सं. वि. प्रसन्न मनवाला । खुशमिजाज़ । वह व्यक्ति जिस की तबीयत खुश हो ।

హృష్టుఁడు हृष्टु'डु—सं. वि. पुं. खुश हुआ आदमी, हर्षित व्यक्ति ।

హె (हे)

హెగ్గడి हेगडि — तद्. सं–हेडकः –पुं. सौविदल्ल अंतःपुर की रखवाली करनेवाला ।

హెగ్గడికత్తె हेगडिकत्ते—तद्. सं–हेडकी–स्त्री. अंतःपुर की रखवाली की औरत ।

హెగ్గడికాఁడు हेगडिका'डु द्र. हेगडि । अ. रू. हेगडिवा'डु, हैगडी'डु ।

హెచ్చరించుట हेच्चरिंचुट — दे. सक. तकाजा देना । सावधान करना । सचेत करना ।

హెచ్చరిక हेच्चरिक — दे. न. तकाज़ा, सावधानी । चेतावनी ।

హెచ్చువేత हेच्चवेत—दे. न. गुणकार । एक संख्या से दूसरी संख्या को गुनना ।

హెచ్చించుట हेच्चिंचुट — दे. सक. गुनना । बढ़ाना । गुना करना ।

హెచ్చరిలుట हेच्चरिलुट — दे. अक. बढ़ना । तरक्की पाना । पनपना ।

హెచ్చు हेच्चु—दे. न बढ़ती, वृद्धि ।

హెచ్చుతగ్గులు हेच्चुतग्गुलु—द्र. ब. व. कमीबेशी । उतार-चढ़ाव ।

హెచ్చుధర हेच्चु धर—मि. न. महँगाई ।

హెచ్చైనవాఁడు हेच्चैनवा'डु—द्र. पुं. समर्थ । बड़ा आदमी ।

హెడ్డు हेड्डु—अं. हेड्–पुं. अध्यक्ष । किसी विभाग का प्रधान व्यक्ति ।

హే (हे)

హే हे—सं. अव्य. रे । री । (संबोधनार्थक अव्यय)

హేడుఁడు हेडु'डु—सं. पुं. वि. मूर्ख, बेवकूफ़ ।

హెడ్డు हेड्डु—अ. विभागीय अध्यक्ष । प्रधान व्यक्ति । नेता, नायक ।

హేతి हेति—सं. न. आग की लौ । सूरज की किरन । बाण । खड्ग ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

హేతువు हेतुवु—सं. न. कारण, वजह।
హేమంతము हेमंतमु — सं. न. एक ऋतु का नाम। इस ऋतु के अंतर्गत मार्गशीर्ष एवं पुष्य मास आते हैं।
హేమకారుడు हेमकारुड्डु — सं. पुं. स्वर्णकार, सुनार।
హేమకూటము हेमकूटमु — सं न. एक पर्वत जिसकी चोटियां सोने की मानी जाती हैं। हेमकूट।
హేమపుష్పకము हेमपुष्पकमु—सं. न. चांपेय पुष्प। चंपा।
హేమము हेममु सं. न. सोना। धतूरा।
హేమాహేమీలు हेमाहेमुलु — द्र. ब. व. महान् आदमी। एक से बढ़ कर एक आदमी। उच्च कोटि के व्यक्ति। समर्थ व्यक्ति। अ. रू. हेमाहेमीलु।
హేమించుట हेमिंचुट—सं. अक. सोना बनना। स्वर्णिल होना।
హేరంబుడు हेरंबुड्डु—सं. पुं. गणपति, विनायक। अपनी शूरता पर गर्व करनेवाला।
హేరాళము हेराळमु—सं. वि. अधिक।
హేల हेल—सं. न. विलास। शृंगारिक चेष्टा। भ्रू, नेत्र आदि के चालन से मालूम होनेवाली शृंगारी भावना।
హేలనము हेलनमु—सं. न. अवहेलना, आक्षेप, व्यंग। अ. रू. हेळन।
హేలి हेलि—सं. पुं. सूरज, सूर्य।
హేవాకము हेवाकमु—सं. न. चातुर्य, सामर्थ्य, विलास।
హేష हेष—सं. न. घोड़े का हिनहिनाना।
హేషించుట हेषिंचुट—सं. अक. हिनहिनाना।
హేషితము हेषितमु—सं. न. द्र. हेष।
హేళనము हेळनमु—सं. न अवहेलना, परिहास। व्यंग।
హేళనము చేయుట हेळनमु चेयुट—मि. अक. अपमान करना। आड़े हाथों लेना।
హేళి हेळि—सं. पुं. सूर्य, सूरज। आलिंगन।
హేళితము हेळितमु—द्र. हेलनमु।

హై (है)

హైన్యము हैन्यमु—सं. न. हीनता। कमीनापन। नीचता।
హైమనము हैमनमु—सं. न. मार्गशीर्ष मास। वि. स्वर्णिल, सोने का।
హైమము हैममु—सं. वि. हिमसे संबंधित। सोने का, स्वर्णिल।
హైమవతి हैमवति—सं. स्त्री. पार्वती, हिमालय की कन्या।
హైయంగవీనము हैयंगवीनमु—सं. न. गाय के दूध से बना हुआ मक्खन। गाय के मक्खन से बना हुआ घी। ताजा मक्खन।
హైరాను हैरानु—आ. हैरान न. थकावट, श्रम। परेशानी।
హైసరబొజ్జ हैसरु बोज्ज—मि. मु. वाहरे। प्रशंसा सूचक शब्द।
హైహయము हैहयमु—सं. न. देश-विशेष।
హైహయుడు हैहयुड्डु—सं. पुं. कार्तवीयार्जुन जो परशुराम का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

హొం (हों)

హొంత होंत—दे. न. बड़ा श्रम, बड़ी थकावट।
హొంతకాడు होंतकाड्डु—दे. पुं. मल्ल, वीर।
హొంబట్టు होंबट्टु—दे. न. स्वर्णिल रेशम।
హొన్నిత్తడి होन्नित्तडि—द्र. न. एक प्रकार का पीतल। जो सोने की भांति चमकता है।
హొన్ను होन्नु—दे. न. सोना, कनक। अ. रू. पोन्नु।
హొమ్ము होम्मु—दे. न. बल, ताक़त।
హొయలు होयलु—दे. न. विलास। अदा।
హొరంగు होरंगु — दे. न. विलास, हावभाव।
హొరలి होरलि—दे न एक प्रकार की रेशमी साड़ी।

హో (हो)

హోడము होडमु—सं. न. जहाज, बड़ी नाव।
హోత होत—सं. पुं. यज्ञ में हवन करनेवाला। ऋग्वेद की ऋचाओं को जाननेवाला।
హోదా होदा—अ. ओहद: – न. ओहदा, हैसियत।
హోమము होममु—सं. न. होम, वहन। घृत आदि वस्तुओं से अग्निदेव को संतुष्ट करना।
హోమ్యము होम्यम — सं. वि. हवन करने लायक। न. आज्य, घी।
హోర होर—सं. न. राशि का उदय। राशि का आधा भाग। एक घंटा। चिह्न। रेखा। जन्मपत्री।
హోరాట होराट—दे. न. संभ्रम। सकपकाहट। अकुलाहट।
హోరాహోరి होराहोरि — दे. अव्य. तुमुल, भयंकर। लगातार, अविच्छिन्न रूप से।
హోరు होरु—दे. न. हवा के तेज चलने की आवाज़ का अनुकरणात्मक शब्द। हंगामा। ऊधम, हड़बड़ी।
హోళి होळि - दे. न. उत्तर भारत में मनाया जानेवाला एक प्रधान पर्वदिन। फागुन पूर्णिमा। इस पर लोग आपस में गुलाल आदि का जल छिड़कते हैं। इसे कामदेव का पर्व भी कहते हैं।

హౌ (हौ)

హౌదా हौदा—अ. हौदज – न. हाथी या ऊंट की पीठ पर रखी जानेवाली अम्बारी, हौदा।
హౌసు हौसु—द्र. हवुसु।
హౌసుకాడు हौसुकाड्डु—मि. पुं. वि. विलासी पुरुष।
హౌసుతోట हौसुतोट — मि. न. विहारवन। क्रीड़ावन।
హ్రదము ह्रदमु—सं. न. घाट, ह्रद। बड़ी झील। बड़ा और गहरा सरोवर।
హ్రదిని ह्रदिनि—सं. न. नदी। वज्रायुध। इन्द्र का आयुध।
హ్రస్వము ह्रस्वमु—सं. वि. छोटा। नाटा।
హ్రస్వుడు ह्रस्वुड्डु — सं. पुं. वि. वामन, बौना।
హ్రాదిని ह्रदिनि—द्र. ह्रदिनि।
హ్రీ ह्री—सं. न लज्जा, व्रीड़ा।
హ్రీణము ह्रीणमु—सं. वि. लज्जित, शर्माया हुआ। सकुचाया हुआ।
హ్రీమంతుడు ह्रीमंतुड्डु — सं. पुं. शर्मीला, लज्जालु।
హ్రీమంతురాలు ह्रीमंतुरालु—मि. लज्जालु स्त्री। व्रीड़ावती। सकुचानेवाली औरत।
హ్రేష ह्रेष - द्र. हेष।
హ్లాదనము ह्लादनमु—सं. न. प्रसन्न होने का भाव, खुशी। आनन्द।
హ్లాదించుట ह्लादिंचुट—सं. सक. हर्षित होना। खुश होना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तेलुगु और हिन्दी के समांतर

मुहावरे

[तेलुगु के कतिपय मुख्य मुहावरे नीचे दिये जा रहे हैं। वैसे तो कोश के बीच-बीच में कई दिये हुए हैं। निम्न मुहावरे इनके अतिरिक्ति हैं। अर्थ में, समान्तर मुहावरे हिन्दी के पहले दिये हुए हैं, बाद में व्याख्यापरक अर्थ दिया हुआ है। इन मुहावरों की खूबी यह है कि तेलुगु और हिन्दी में इनकी अभिव्यक्ति का ढंग प्राय: एक-सा है।]

అ (अ)

అగ్నిలో ఆజ్యము పోయుట — अग्नि लो आज्यमु पोयुट—आग में घी डालना। क्रोध को बढ़ाना।

అరణ్యరోదనము — अरण्य रोदनमु—अरण्य रोदन। निष्फल रोना।

అస్తవ్యస్తము చేయుట — अस्तव्यस्तमु चेयुट—इधर का उधर करना। उलट पुलट करना।

అగ్గిబుగ్గి అగుట — अग्गि बुग्गि अगुट—आग बबूला होना। बहुत गुस्सा होना।

అట్టుడికినట్టుడికి పోవుట — अट्टुडिकिनट्टुडिकि पोवुट—सनसनी फैल जाना।

అడ్డుపుల్ల వేయుట — अड्डु पुल्ल वेयुट—टांग अड़ाना। बेकार दखल देना।

అమ్మ పుట్టిల్లు మేనమామ దగ్గర — अम्म पुट्टिल्लु मेनमाम दग्गर—दाई से पेट छिपाना। उसी आदमी से भेद छिपाना जो कि उसे अवश्य जाने।

అరచేతిలో ప్రాణాలు పెట్టుకొనుట — अरचेतिलो प्राणालु पेट्टुकोनुट — जान हथेली पर रखना।

అర్ఘ్యములో కాని పిండములో గాని లేక పోవుట — अर्घ्यमु लो गानि पिंडमु लो गानि लेक पोवुट—न तीन में न तेरह में। कहीं का या किसी श्रेणी का न होना।

అసియాడ నివ్వక పోవుట — असियाड निव्वक पोवुट— पास न फटकने देना।

అస్త్ర సన్న్యాసము చేయుట — अस्त्र सन्यासमु चेयुट—हथियार डाल देना। हार मान जाना।

ఆ (आ)

ఆరళ్లు పెట్టుట — आरल्लु पेट्टुट——तकलीफ़ देना।

ఇంద్రుడు చంద్రుడని పొగడుట — इंद्रुडु चन्द्रुडनि पोगडुट — आसमान पर चढ़ाना। बेहद बड़ाई करना।

ఇనుప గుగ్గిళ్లు — इनुप गुग्गिळ्लु—लोहे के चने। बड़ा कठिन काम।

ఇ (इ)

ఇసుక వేసిన రాలక పోవుట — इसुक वेसिन रालक पोवुट—तिल धरने की जगह न होना। थोड़ी भी जगह न होना।

ఈ (ई)

ఈ చెవితో విని ఆ చెవితో వదలిపెట్టుట — ई चेवितो विनि आ चेवितो वदलि पेट्टुट इस कान से सुन कर उस कान से उड़ा देना।

ఉ (उ)

ఉజ్జీ అగుట — उज्जी अगुट—टक्कर का होना। बराबरी का होना।

ఉప్పు తినుట — उप्पु तिनुट—नमक खाना। किसी का दिया खाना।

ఉబ్బి తబ్బిబ్బగుట — उब्बि तब्बिब्बगुट—फूल जाना। बहुत प्रसन्न हो जाना।

ఊ (ऊ)

ఊడి పడుట — ऊडि पडुट—टपक पड़ना। अचानक आ जाना।

ఊది వైచుట — ऊदि वैचुट—चट कर जाना।

ఊపిరి తీసికొనుట — ऊपिरि तीसि कोनुट—सांस लेना। काम के बीच में आराम करना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ఎ (ऍ)

ఎండ యనక వాన యనక శ్రమపడుట — एंड यनक वान यनक श्रम पडुट—लहू पसीना एक कर देना। दिन रात सख्त मेहनत करना।

ఎదలో గిలిగింతలు కలుగుట — ऍंदलो गिलिगिंतलु कलुगुट — हृदय में गुदगुदी उठना। मन में बड़ी खुशी होना।

ఎదురీత ఈదుట — एदुरीत ईदुट—उलटी गंगा बहाना, अनहोनी वात के लिये कोशिश करना।

ఎదో కుంభకోణము — एदो कुंभकोणमु—दाल में काला। कोई बात होना।

ఎముకలు బైట పడుట — एमुकलु बैट पडुट—हड्डियाँ निकल आना। हड्डियों की माला होना। विलकुल कमजोर होना।

ఎముక లేని చెయ్యి — एमुक लेनि चेय्यि—दान करने वाला हाथ।

ఏ (ए)

ఏ మొగము తో — ए मोगमु तो—किस मुँह से।

ఐ (ऐ)

ఐదు పది చేయుట — ऐदु पदि. चेयुट—नौ दो ग्यारह होना। भाग जाना।

ఒ (आ)

ఒట్టు పెట్టు కొనుట — ओट्टु पेट्टु कोनुट - क़सम खाना। प्रतिज्ञा करना।

ఒడ్డు చేరుట — ओड्डु चेरुट—पार पाना। काम में सफलता प्राप्त करना।

ఒడ్డుపట్టించుట — ओड्डु पट्टिंचुट— पार लगाना। किसी काम को सफल बनाना।

క (क)

కండ్ల ముందర చీకటి వ్యాపించుట — कंड्ल मुंदर चीकटि व्यापिंचुट— आँखों के आगे अंधेरा छाना। संसार सूना दिखायी देना।

కండ్లలో దుమ్ము కొట్టుట — कंड्ललो दुम्मु कोट्टुट—आँखों में धूल झोंकना। चालबाजी से हानि पहुँचाना।

కండ్లలో పెట్టి కొనుట — कंड्ललो पेट्टि कोनुट—आँखों में खटकना। नज़रों में बुरा लगना।

కండ్లలో వత్తి వైచికొనుట — कंड्ललो वत्ति वैचिकोनुट—आँखों में रात काटना। पूरी रात जागते हुए बिताना।

కండ్లలో సూదులు గ్రుచ్చు కొనుట — कंड्ललो सूदुलु ग्रुच्चु कोनुट—आँखों में कांटा होना।

కండ్లు నెత్తిమీదికి వచ్చుట — कंड्लु नेत्ति मीदिकि वच्चुट — दिमाग़ चढ़ना। बहुत अभिमान होना।

కండ్లు నెత్తికి వచ్చుట — कंड्लु नेत्तिकि वच्चुट — घमण्ड़ी होना। आँखें सिर पर चढ़ना।

కండ్లు పెద్దవి చేయుట — कंड्लु पेद्दवि चेयुट—आँखें दिखाना। क्रोध से घूरना।

కండ్లు మూతలు పడుట — कंड्लु मूतलु पडुट—आँख लगना। नींद आना।

కండ్లు వాచుట — कंड्लु वाचट—आँखें तरसना। देखने के लिये ललायित होना।

కండ్లు విప్పుట — कंड्लु विप्पुट—आँख खुलना। होशियार होना, स्थिति को समझना।

కంపన పడ్డ కాకివలె తిరుగుట — कंपन पड्डु काकि वले तिरुगुट—मारा-मारा फिरना।

కడుపు చిచ్చు — कडुपु चिच्चु—कोख की आंच, संतान का वियोग।

కడుపుబ్బ నవ్వుట — कडुपुब्ब नव्वुट—आंतड़ियों में बल पड़ना। खूब हंसना।

కడుపులో ఎలుకలు చొరబడుట — कडुपु लो ऍलुकलु चोरवडुट—पेट में चूहे दौड़ना। खूब भूख लगना।

కడుపులో మాట దాగక పోవుట — कडुपु लो माट दागक पोवुट—पेट में का पानी न पचना। कोई बात गुप्त न रख सकना।

కథావశేష మగుట — कथावशेषमगुट—किस्सा पाक होना। मर जाना।

కనుబొమలు ముడి వేయుట — कनुवोमलु मुडिवेयुट—भौंहें सिकोड़ना।

కన్నీళ్లు తుడుచుట — कन्नीळ्लु तुडुचुड—आँसू पोंछना। दिलासा देना।

కన్ను పొడిచినా కనపడక పోవుట — कन्नु पोडिचिना कनपड़क पोवुट—हाथ को हाथ न सूझना। बहुत अंधेरा होना।

కన్ను కొట్టుట — कन्नु कोट्टुट—आँख मारना। इशारा करना।

కన్నెత్తి చూచుట — कन्नेत्तिचूचुट—आँख उठाना। बुरी दृष्टि से देखना। हानि पहुँचाने की कोशिश करना।

కప్పుర కప్పుర చీకటిలో — कप्पुर-कप्पुर चीकटिलो—मुँह अंधेरे। बहुत तड़के।

కా (का)

కాగడా పట్టి వెదకుట — कागड़ा पट्टि वेदकुट— दिया ले कर ढूंढ़ना। बड़ी छानबीन से खोजना।

కాగితము నలుపు చేయుట — कागितमु नलुपु चेयुट— काग़ज काला करना। व्यर्थ कुछ लिखना।

కాటికి కాళ్లు చాచిన వాడు — काटिकि काळुचाचिनवाड्डु— दो दिन का मेहमान। वह आदमी जिसकी मौत निकट हो।

కారాలు మిరియాలు నూరుట — कारालु मिरियालु नूरुट—खरी-खोटी सुनाना। दुर्वचन कहना।

కాళ్లకు సంకెళ్లు పడుట — काल्लकु संकेळ्लु पडुट—पाँव में पड़ना। स्वतंत्रता नष्ट हो जाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

కాళ్ల కడిగి నెత్తిన జల్లు కొనుట — काल्लुकडिगि नेत्तिन जल्लु कोनुट—पाँव धो कर पीना । बड़े आदर से पूजा करना ।

కాళ్ల పట్టుట — काळ्लु पट्टुट-- तलवे चाटना । चापलूसी करना ।

కాళ్ల బలపాలు కట్టుట — काल्लु बलपालु कट्टुट — खाक छानना । बहुत खोजना ।

కాళ్ల చాచికొని పండు కొనుట — काळ्लुचाचिकोनि पंडुकोनुट — टांग पसार कर सोना । बिना फ़िक्र के रहना ।

కాసుకు కొఱగాని వాఁడు — कासुकु कोरगानिवाड्डु — दो कौड़ी का आदमी । नालायक़ आदमी ।

కి (कि)

కిమ్మన కుండుట — किम्मनकुडुट—चूँ तक न करना । प्रतिवाद में कुछ न कहना ।

కు (कु)

కుడిభుజము — कुडि भुजमु— दाहिना हाथ । बड़ा भारी सहायक ।

కుండ బ్రద్దలగుట — कुंड ब्रद्दलगुट— भण्डा फूटना । भेद खुलना ।

కుండ బద్దలు గొట్టుట — कुंडा ब्रद्दलु गोट्टुट—भण्डा फोड़ना ।

కూ (कू)

కూడు గుడ్డ — कूडु गुड्ड—रोटी कपड़ा ।

కూపములో పడుట — कूपमु लो पडुट—कुएँ में गिरना । आपत्ति में फ़ंसना, धोखे में आना ।

కై (कै)

కైవసమగుట — कैवसमगुट—हाथ लगना । प्राप्त होना ।

కొ (कों)

కొంగ జపము — कोंग जपमु बगुला भगत । कपटी ।

కొండ విరిగి పడుట — कोंड विरिगि पडुट—पहाड़ टूट पड़ना । मुसीबत आ पडना ।

గ (ग)

గప్పాలు కొట్టుట — गपालु कोट्टुट—गप्पे हांकना । व्यर्थ बात करना ।

గా (गा)

అర్జు ఇంద్రుడు

గాజులు తొడుగు కొనుట — गाजुलु तोडुगु कोनुट— चूड़ियाँ पहनना । स्त्री बनना ।

गानुगेद्दु—कोल्हू का बैल । बहुत मेहनती ।

గాలి మేడలు కట్టుట — गालि मेडलु कट्टुट —ख़याली पुलाव पकाना । मनमानी कल्पनायें करना ।

గాలివాటము కనిపెట్టుట — गालिवाटमु कनिपेट्टुट—हवा का रुख देखना । अनुकूल परिस्थिति की प्रतीक्षा करना ।

గాలిసోకుట — गालि सोकुट--हवा लगना । भूत चढ़ना । सोहवत का असर पड़ना ।

గు (गु)

గుండె చిల్లులు పడుట — गुंडे चिल्लुलु वडुट--कलेजा चलनी होना । कड़ी बातों से दिल दुखना ।

గుండె తల్లడిల్లుట — गुंडे तल्लडिल्लुट—दिल में महान् कष्ट होना ।

గుండె నీరగుట — गुंडे नीरगुट—कलेजा पानी होना । करुणा से ओतप्रोत होना । दया आना ।

గుండె రాయి చేసుకొనుట — गुंडे रायि चेसुकोनुट--कलेजा पत्थर का होना । दुःख का सामना करने के लिये दिल कड़ा होना ।

గుండె వ్రీలుట — गुंडे व्रीलुट--कलेजा फटना । हृदय में दुःख होना ।

గుజగుజలు పోవుట — गुजगुजलु पोवुट—फुस-फुस करना । काना-फूसी करना ।

గుడ్డి గుర్రానికి పళ్లు తోముట — गुड्डि गुर्रानिकि पळ्लु तोमुट—मक्खी मारना । व्यर्थ समय गँवाना ।

గుడ్లు పెట్టుకొని చూచుట — गुड्लु पेट्टुकोनि चूचुट—टकटकी बाँधना । एक टक देखना ।

గొ (गों)

గొంతు కోయుట — गोंतु कोयुट—गला काटना । अन्याय करना । कष्ट पहुँचाना ।

గొంతెమ్మ కోరికలు — गोंतेम्म कोरिकलु —मन के लड्डू खाना । निरर्थक आशा में प्रसन्न रहना ।

గొఱ్ఱెదాటు — गोर्रेदाटु—भेड़ियाधसान । बिना सोचे समझे दूसरों का अनुकरण करना ।

గో (गो)

గోయి త్రవ్వుట — गोयित्रव्वुट—कुआँ खोदना । दूसरे को गिराने के लिये कुछ करना ।

గోళ్లు గిల్లు కొనుట — गोळ्लुगिल्लु कोनुट—घास काटना । मक्खी मारना । व्यर्थ समय गंवाना ।

గోరంతలు కొండంతలు చేయుట — गोरंतलु कोंडंतलु चेयुट--तिल का ताड़ करना । छोटी बात को बड़ी बनाना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

చ (च)

చచ్చిన పామును చంపుట — चच्चिन पामुनु चंपुट—मरे को मारना ।

చా (चा)

చాచుకొని నిద్ర పోవుట — चाचुकोनि निद्र पोवुट—तान कर सोना । निश्चित रहना ।

చి (चि)

చిటికెలో — चिटिके लो—चुटकियों में । जल्दी, तुरंत ।

చె (चे)

చెక్కు-చెదరక పోవుట — चेक्कु चेदरक पोवुट—टस से मस न होना । कहने का कुछ भी असर न पड़ना ।

చెప్పు తిరుగ వేయుట — चेप्पु तिरुग वेयुट—जूतों से खबर लेना । जूते से मारना ।

చెప్పులు తెగునట్లు తిరుగుట — चेप्पुलु तेगुनट्लु तिरुगुट—जूतियाँ छटकते फिरना । बुरी दशा में कुछ प्राप्ति के लिये फिरना ।

చెవియొగ్గివినుట — चेवियोग्गि विनुट—कान देना । सावधानी से सुनना।

చెవులు కొఱుకుట — चेवुलु कोरकुट —कान भरना । शिकायत करना ।

చెవులు పట్టుకొని చెప్పుట — चेवुलु पट्टुकोनि चेप्पुट —कान पकड़ के कहना । शपथ लेना ।

చే (चे)

చేయిచేయి కలుపుట — चेयिचेयि कलुपुट—हाथ मिलाना ।

చేయి విదలించుట — चेयि विदलिंचुट—धन से सहायता करना ।

చేయి వైచుట — चेयि वैचुट—हाथ बंटाना । मदद करना ।

చేయి సాచుట — चेयिसाचुट—हाथ पसारना । मांगना, याचना करना ।

చేయి చేసికొనుట — चेयि चेसिकोनुट—हाथ उठाना, पीटना ।

చేతి చమురు భాగవతము — चेति चमुरु भागवतमु—घर फूंक तमाशा देखना । अपना घर बरबाद करके खुशी मनाना ।

చేతిలో చిక్కువడుట — चेतिलो चिक्कुवडुट—चंगुल में फंसना । वश में आना ।

చేతిలో చిల్లిగవ్వ లేనివాఁడు — चेति लो चिल्लि गव्व लेनिवाँडु—कौड़ी-कौड़ी का मोहताज ।

చేతులు జోడించుట — चेतुलु जोडिंचुट—हाथ जोड़ना । नमस्कार करना ।

చేతులు కడుగుకొనుట — चेतुलु कडुगुकोनुट—हाथ धो बैठना । अधिकार से चला जाना । खो देना ।

చేతులు ముడుచికొని కూర్చుండుట — चेतुलु मुडिचिकोनि कूर्चुंडुट—हाथ पर धरे बैठना । बिना काम के बैठे रहना ।

డ (ड)

డప్పు కొట్టుకొనుట — डप्पु कोट्टु कोनुट — ढिंढोरा पीटना । मशहूर करना ।

డొ (डो)

డొంక తిరుగుడు మాట — डोंक तिरुगुडु माट—घुमा फिरा कर बातें करना ।

త (त)

తడిగుడ్డతో గొంతు కోయుట — तडिगुड्डतो गोंतु कोयुट — चुपचाप जड़ काटना । चुपचाच हानि पहुँचाना ।

తల తిరుగుట — तल तिरुगुट—सिर घूमना । सिर में पीड़ा होना ।

తల తోకలేని మాటలు — तल तोक लेनि माटलु — बेसिर पैर की बातें । ऊलजलूल कहना ।

తల పండుట — तल पंडुट—बाल पकना । बहुत दिनों का अनुभव प्राप्त होना ।

తల బాదుకొనుట — तलबादुकोनुट—सिर धुनना सिर पीटना ।

తల వంచుట — तल वंचुट—सिर झुकाना । आज्ञा मानना । लज्जित होना । पराजित होना ।

తలలు మార్చుట — तललु मार्चुट— जोड़-तोड़ करना । उपाय करना ।

తా (ता)

తాతలు జ్ఞాపకానికి వచ్చుట — तातलु ज्ञापकानिकि वच्चुट — नानी याद आना । होश ठिकाने हो जाना ।

తారుమారగుట — तारु मारगुट—काया पलट जाना । बिलकुल बदल जाना ।

తీ (ती)

తీనుతారు చేయుట — तीनुतारु चेयुट—तीन तेरह करना । अलग-विलग करना । नष्ट-भ्रष्ट करना ।

తు (तु)

తుస్సుమని పోవుట — तुस्सुमनि पोवुट—टांय-टांय फिस होना । आरम्भ तो बड़ी शान से होना पर परिणाम बुरा निकलना ।

తె (ते)

తెర వేయుట — तेर वेयुट—परदा डालना । छिपाना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

తే (ते)

తేనె పూసిన కత్తి — तेने पूसिन कत्ति—मीठी छुरी। कपटी।

తేర సొమ్ము — तेर सोम्मु—फोकट का माल। मुफ्त में मिला हुआ धन।

తో (तो)

తోక ముడిచి పారి పోవుట — तोक मुडिचि पारि पोवुट—दुम दबा कर भाग जाना।

త్రా (त्रा)

త్రాచుపాము — त्राचुपामु—काला नाग। विषैला आदमी।

త్రాచుపాము పగ — त्राचु पामु पग—तीव्र प्रतीकार की भावना।

ద (द)

దయ చేయుట — दय चेयुट—तशरीफ़ ले आना।

దమ్మిడీకి కొఱగాక పోవుట — दम्मिड़ीकि कोरगाक पोवट—दो कौड़ी का न होना।

దా (दा)

దారి చూచుట — दारिचूचुट—रास्ता देखना। प्रतीक्षा करना।

దారి పట్టుట — दारि पट्टुट—रास्ता लेना।

దారికి తీసికొని వచ్చుట — दारिकि तीसिकोनि वच्चुट–रास्ते पर ले आना। सम्हालना या सुधारना।

ది (दि)

దిష్టి తగులుట — दिष्टि तगुलुट—नज़र लगना। बुरी दृष्टि से प्रभावित होना।

దీ (दी)

దీపము కొండెక్కించుట — दीपमुकोंडेक्किचुट—दिया बढ़ाना। चिराग़ बुझाना।

దు (दु)

దున్నపోతు మీద వర్షము — दुन्नपोतु मीद वर्षमु—चिकना घड़ा। किसी की बात का कुछ असर न होना।

ధూ (धू)

ధూపము వేయుట — धूपमु वेयुट—नमक मिर्च लगाना। बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना।

న (न)

నరనరాలలో — नरनराललो—नस नस में।

నడుము విరుగుట — नडुमु विरुगट–कमर टूटना। उत्साहहीन होना।

నల్ల పూస అగుట — नल्ल पूस अगुट—ईद का चाँद होना। दर्शन बहुत कम मिलना।

నల్లేరుపై బండి నడక — नल्लेरुपै बंडि नडक–बाँये हाथ का खेल। सुगम कार्य।

నవ్వులాటలు చేయుట — नव्वुटालु चेयुट—हंसी उड़ाना।

నా (ना)

నాలుకకు నరము లేకపోవుట — नालुकक्कु नरमु लेक पोवुट—जवान में लगाम न होना। अनुचित बातें कहने का अभ्यास पड़ना।

ని (नि)

నిప్పులు గురియుట — निप्पुलु गुरियुट—अंगारे बरसना। तेज धूप पड़ना।

నిప్పులుగురిపించుట — निप्पुलुगुरिपिंचुट—अंगारे उगलना। कठोर बातें कहना, जलीकटी सुनाना।।

నిలువ ద్రొక్కు కొనుట — निलुव द्रोक्कु कोनुट—पैर जमना। किसी पद पर कायम होना।

నిలువు నీరగుట — निलुवु नीरगुट—पानी पानी होना। लज्जित होना।

నీ (नी)

నీళ్ల ఋణము — नीळ्ल ऋणमु—दाना-पानी का ऋण।

నీడ చూచి భయ పడుట — नीड चूचि भयपडुट—परछाईं से डरना। बहुत डरना।

నీళ్లలో పోయుట — नीळ्लो पोयुट—पानी में फेंकना। व्यर्थ में गंवा देना।

నె (ने)

నెత్తి మీదికి వచ్చుట — नेत्ति मीदिकि वच्चुट—सिर पर आना। जिम्मे पड़ना।

నెత్తి మీద కూర్చుండుట — नेत्तिमीद कूर्चुंडुट—सिर पर सवार होना। पाले पड़ना।

నెత్తి మీద పెట్టు కొనుట — नेत्ति मीद पेट्टु कोनुट—सिर आँखों पर बिठाना। बड़े आदर के साथ देखना।

నెత్తి మీద రుద్దుట — नेत्ति मीद रुद्दुट — सिर मढ़ना। जिम्मे करना।

నెత్తురుడుకుట — नेत्तुरुडुकुट—खून खौलना। बहुत क्रोधित हो जाना।

నెత్తురు వరదలు — नेत्तुरु वरदलु—लहूलुहान होना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

నే (ने)

నేల కఱచుట — नेल कर्चुट—ज़मीन पर गिरना।

నేలమీద కాలు నిలువక పోవుట — नेल मीद कालु निलुवक पोवुट—ज़मीन पर पैर न पड़ना। बहुत गर्व करना।

నేలపాలు చేయుట — नेल पालु चेयुट—खाक में मिलाना। मिटा देना, बरबाद कर देना।

నో (नो)

నోటి దుడుకు — नोटि दुडुकु—मुँहजोर। मुँहफटा।

నోరూరుట — नोरूरुट—मुँह में पानी भर आना।

ప (प)

పండ్లు పటపట కొఱకుట — पंड्लु पटपट कोर्कुट—दाँत पीस कर रह जाना। क्रोध दिखाना।

పట్ట పగలు — पट्ट पगलु—दिन दहाड़े।

పట్ట పగ్గాలు లేకుండుట — पट्ट पग्गालु लेकुंडुट—आनन्द की कोई सीमा न रहना।

పట్టెడు మెతుకులకు ప్రాలుమాలుట — पट्टेडु मेतुकुलकु प्रालुमालुट — टुकड़ा तोड़ना। दूसरे की दी हुई रोटी खाना।

పథకము పాడగుట — पथकमु पाडगुट — खेल बिगड़ना। बनी बनायी बात बिगड़ जाना।

పనికి వచ్చుట — पनिकि वच्चुट — काम आना। उपयोगी बनना।

పని నెరవేరుట — पनि नेरवेरुट—काम बनना।

పరువు మంట పాలగుట — परुवु मंट पालगुट—मिट्टी पलीद होना।

పప్పు ఉడకక పోవుట — पप्पु उडकक पोवुट—दाल न गलना।

పదహారణాల నిజము — पदहारणाल निजमु—सोलहों आना ठीक।

పా (पा)

పాత ఉసిరికాయ పచ్చడి — पात उसिरि काय पच्चडि—पुराना घाघ। चतुर वृद्ध, अनुभवी।

పాత పురాణము త్రవ్వుట — पात पुराणमु त्रव्वुट—गड़े मुर्दे को उखाड़ना पुरानी बात ले बैठना।

ప్రాణము విడచుట — प्राणमु विडचुट — जान देना। न्योछावर होना। अधिक प्रेम दिखाना।

ప్రాణము లేచి వచ్చుట — प्राणमु लेचि वच्चुट—जान में जान आना। कठिनाई दूर होना।

ప్రాణము విసుగుట — प्राणमु विसुगुट—जी उचटना।

ప్రాణము తెరుకొనుట — प्राणमु तेरुकोनुट—जी अच्छा होना। स्वस्थ-चित्त होना।

ప్రాణము తల్లడిల్లుట — प्राणमु तल्लडिल्लुट—जी कांपना। डर से हृदय कांपना।

ప్రాణ పదముగా — प्राण पदमुगा—जी जान से।

ప్రాణము కొట్టుమిట్టాడుట — प्राणमु कोट्टुमिट्टाडुट — जी टंगा रहना। खटका लगा रहना।

ప్రాణాలు కొఱకుట — प्राणालु कोरकुट — जान खाना। परेशान करना।

పీ (पी)

పీతి మీది వాతి — पीति मीदि वाति—कंजूस मक्खीचूस।

పు (पु)

పుడక అగుట — पुडक अगुट—ठठरी होना। दुबला होना।

పునాది వేయుట — पुनादि वेयुट — बुनियाद डालना। किसी काम का आरंभ करना।

పుస్తకపు పురుగు — पुस्तकपु पुरुगु—किताब का कीड़ा। हमेशा पढ़नेवाला।

పుండు మీద కారము చల్లుట — पुंडु मीद कारमु चल्लुट — घाव पर नमक छिड़कना। दुःख पर दुःख देना।

పుట్టుక తోనే నేర్చుకొనుట — पुट्टुक तोने नेर्चुकोनुट—पेट में दाढ़ी होना। कम उम्र में ही बहुत बुद्धिमान निकलना।

పూ (पू)

పూరి కఱచుట — पूरि कर्चुट तिनका दांतों में पकड़ना। गिड़गिड़ाना।

పె (पे)

పెడమొగము పెట్టుట — पेडमोगमु पेट्टुट — मुंह मोड़ना। विमुख होना।

పే (पे)

పేదవానికి పెన్నిధి దొరకుట — पेदवानिकि पेन्निधि दोरकुट—अंधे के हाथ बटेर लगना। अयोग्य व्यक्ति को कोई अच्छी वस्तु मिलना।

పేరుకైనా లేక పోవుట — पेरु कैना लेक पोवुट — नामको भी नहीं होना।

పేరు మాసి పోవుట — पेरु मासि पोवुट—नाम मिट जाना।

పై (पै)

పైకి పటారం లోపల లొటారం — पैकि पटारं लोपल लोटारं—ठनठन गोपाल।

పొ (पो)

పొయ్యిలో పిల్లి లేవకుండుట — पोय्यिलो पिल्लि लेवकुंडुट—चूल्हा न जलना। खाना न बनाया जाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

బ (ब)

బడాయి కొట్టుట — बडायि कोट्टुट -- शेखी बघारना । डींग हांकना ।

బల్ల త్రిప్పి వేయుట — बल्ल त्रिप्पि वेयुट—टाट उलटना । दीवाला निकलना ।

బ్రతికి బైట పడుట — ब्रतिकि बैट पड्डुट—जान छूटना । जान बचना ।

బా (बा)

బావమీద బరోసా — बाव मीद बरोसा—नाम पर बैठना । किसी के विश्वास पर अपना काम छोड़ देना ।

బు (बु)

బుద్ధి పెడతల పట్టుట — बुद्धि पेडतल पट्टुट– अकल चरने जाना । बुद्धि का नष्ट होना ।

బుఱ్ఱ వేడెక్కించుట — बुर्र वेडेक्किंचुट—दिमाग़ खाना ।

బుద్ధి తెచ్చుకొనుట — बुद्धि तेच्चु कोनुट-- होश सम्हालना ।

భా (भा)

భాగ్యము పండుట — भाग्यमु पंडुट—किस्मत खुलना । भाग्यवान होना ।

భాగ్యము బండలగుట — भाग्यमु बंडलगुट—किस्मत फूःना ।

భూ (भू)

భూమి మీద కాలు నిలువక పోవుట — भूमि मीद कालु निलुवक पोवुट—पाँव ज़मीन पर न निभना । घमण्ड करना ।

మ (म)

మచ్చ కలుగుట — मच्च कलुगुट--नाम पर धब्बा लगना । कलंकित होना ।

మట్టి సుద్ద — मट्टि सुद्द--मिट्टी का माधो । बुद्धू, बेवकूफ़ ।

మడమ త్రిప్పుట — मडम त्रिप्पुट—पीठ फेरना । मैदान से भाग जाना ।

మనస్సు కలియుట — मनस्सु कलियुट--दिल मिलना ।

మనస్సు పట్టించుట — मनस्सु पट्टिंचुट — दिल देखना । दिल ढूंढ़ना ।

మనస్సులో పడుట — मनस्सु लो पड्डुट—जी में बैठना । हृदय में प्रवेश करना ।

మనస్సులో గూడు కట్టుకొనుట — मनस्सु लो गूड्डु कट्टु कोनुट – दिल में घर करना । सदा स्मरण रहना ।

మర్యాద మట్టి పాలగుట — मर्याद मट्टि पालगुट--इज्ज़त दो कौड़ी की न रहना । आदर नष्ट होना ।

మసిపాతలో మాణిక్యము — मसि पातलो माणिक्यमु---गुदड़ी का लाल । साधारण जगह में असाधारण वस्तु ।

మా (मा)

మాట ఇచ్చుట — माट इच्चुट – वचन देना ।

మాటకు మాట పెరుగుట — माटकु माट पेरुगुट--बात बढ़ना ।

మాశా ముళ్లు వేయుట — मा ा मुळ्लु वेयुट--पेच घुमाना । तरकीब से किसी का मन फेरना ।

మి (मि)

మింగి వేయుట — मिंगिवेयुट--हड़प लेना ।

మిగిలి ఉన్న — मिगिलि उन्न--रहा सहा ।

మీ (मी)

మీదికి దుముకుట — मीदिकि दुमुकुट — खाने को दौड़ना । एकदम गुस्से में आ जाना ।

మూ (मू)

మూటముల్లె కట్టుకొని పోవుట — मूटमुल्ले कट्टु कोनि पोवुट —डेरा झण्डा उखाड़ना । सामान सहित किसी दूसरी जगह जाना ।

మూడు చెఱువుల నీళ్లు త్రాగించుట — मूडु चेरुवुल नीळ्लु त्रागिंचुट—लोहे के चने चबाना । बड़ी तक़लीफ़ देना ।

మూన్నాళ్ల ముచ్చట — मून्नालळ्लु मुच्चट -– ढाई दिन की बादशाहत । थोड़े समय का अधिकार ।

మూడు పూలు ఆరు కాయలు — मूडु पूलु आरु कायलु—फलना फूलना ।

మె (मे)

మెడకు గుది బండ అగుట — मेडकु गुदि बंड अगुट—गले पड़ना । जिम्मे पड़ना ।

మొ (मो)

మొండి చేయి చూపుట — मोंडि चेयि चूपुट--अंगूठा दिखाना । वक्त पर नाहीं कर देना ।

మొగము వ్రేలాడ పడుట — मोगमु व्रेलाड पड्डुट--चेहरा उतरना । मुख पर चिंता के लक्षण दिखायी देना ।

మొగము చిట్లించుకొనుట — मोगमु चिट्लिचुकोनुट — मुँह बिगाड़ना । अप्रसन्नता दिखाना ।

మొరిగే కుక్క మీద రాయి వేయుట — मोरिगे कुक्क मीद रायि वेयुट — भिड़ के छत्ते को छेड़ना । फसादी आदमी को छेड़ना ।

యు (यु)

యుక్తి పన్నుట — युक्ति पन्नुट—चाल चलाना, जाल बिछाना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ర (र)

రంగు మారుట — रंगु मारुट — रंग बदलना। सिद्धांत बदलना।

రంధ్రాన్వేషణము చేయుట — रंध्रान्वेषणमु चेयुट — नुक्ताचीनी करना। दोष ढूंढ़ना।

రా (रा)

రాటు తేలుట — राटु तेलुट—सात घाट का पानी पीना। सांसारिक व्यवहार में अच्छा अनुभव प्राप्त करना।

రాతి గుండె — राति गुंडे—पत्थर का कलेजा। कठिन हृदय, बेरहम।

రావణ రాజ్యము — रावण राज्यमु -- नादिरशाही। कठोर शासन।

రె (रे)

రెండవ కంటివానికి తెలియక పోవుట — रेंडव कंटि वानिकि तेलियक पोवुट— कानों कान खबर न होना।

రొ (रो)

రొట్టె విరిగి నేతిలో పడుట — रोट्टे विरिगि नेतिलो पडुट—पांचों उंगलियाँ घी में होना। अचानक भाग्यवान बनना।

రొమ్ముల కుంపటి — रोम्मुल कुंपटि— छाती पर मूंग दलना। बहुत दुःख देना।

రో (रो)

రోజులు గడపుట — रोजुलु गडपुट—दिन काटना। किसी न किसी प्रकार जीवन बिताना।

లో (लो)

లోకాభిరామాయణము చెప్పుట — लोकाभिरामायणमु चेप्पुट—इधर की उधर हांकना। व्यर्थ बातें करना।

లో స్వయంపాకము — लो स्वयंपाकमु—चुप्पा। चुपचाप दूसरों का अहित करने वाला।

వి (वि)

విషము గ్రక్కుట — विषमु ग्रक्कुट--जहर उगलना। जली-कटी बातें कहना।

విన్నవోయిన మోము — विन्नवोयिन मोमु—अपना-सा मुँह।

వీ (वी)

వీపు చూపించుట — वीपु चूपिंचुट—पीठ दिखाना। मैदान छोड़ के भागना।

వీపు చరచుట — वीपु चरचुट—पीठ ठोकना। उत्साह देना, हौसला बढ़ाना।

వె (वे)

వెండి చెప్పు — वेंडि चेप्पु—चाँदी का जूता। रिश्वत।

వెంట పడుట — वेंट पडुट—पीछे पड़ना।

వెలి వేయుట — वेलिवेयुट—हुक्का पानी बंद करना। रिश्तेदारी छोड़ना, जाति से निष्कासित करना।

వెక్కి యేడ్చుట — वेक्कि येड्चुट—आठ-आठ आँसू रोना।

వెల్లకిలగా బడుట — वेल्लकिलगा वड्डुट—चारों खाने चित्त होना।

వే (वे)

వేరు పొయ్యి పెట్టుట — वेरु पोय्यि पेट्टुट—अपनी खिचड़ी अलग पकाना।

వ్రేలు పెట్టుట — व्रेलु पेट्टुट--टांग अड़ाना। बेकार दखल देना।

వ్రేలెత్తి చూపుట — व्रेलेत्ति चूपुट — उंगली उठाना। दोष दिखाना।

శి (शि)

శిలాక్షరము — शिलाक्षरमु — पत्थर की लकीर। न मिटनेवाली बात।

శ్రీ (श्री)

శ్రీకారము చుట్టుట — श्रीकारमु चुट्टुट — श्रीगणेश करना, आरम्भ करना।

సి (सि)

సివమెత్తుట — सिवमेत्तुट —भूत चढ़ना।

సూ (सू)

సూది మొనవాసిలో తప్పుట — सूदि मोनवासिलो तप्पुट — बाल-बाल बचना। बड़े मुश्किल से बचना।

సూర్యుని మీద దుమ్ము వేయుట — सूर्यनि मीद दुम्मु वेयुट — आसमान पर थूकना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

సూర్యునికి దివ్వె చూపుట — सूर्युनिकि दिव्वे चूपुट — सूरज को दीपक दिखाना। प्रसिद्ध व्यक्ति का परिचय देना।

సూక్ష్మము లో మోక్షము — सूक्ष्ममु लो मोक्षमु — गागर में सागर। संक्षेप में कहना।

స్వా (स्वा)

స్వాహా చేయుట — स्वाहा चेयुट—स्वाहा करना। नष्ट करना। निगल जाना।

స్పృ (स्पृ)

స్పృహ తప్పుట — स्पृह तप्पुट—बेहोश होना।

హృ (हृ)

హృదయ స్ఫూర్తిగా — हृदय स्फूर्तिगा — जी खोल कर। खुले दिल से।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तेलुगु और हिन्दी की समान्तर

लोकोक्तियाँ

[कतिपय मुख्य लोकोक्तियाँ नीचे दी जा रही हैं। इन लोकोक्तियों की खूबी यह है कि अभिव्यक्ति-विधान में तथा अर्थ में हिन्दी की लोकोक्तियों से बिलकुल सादृश्य रखती हैं। पहले हिन्दी की सदृश लोकोक्ति दी हुई है। आवश्यक जगहों में व्याख्यापरक अर्थ बाद में दिया हुआ है।]

అ (अ)

అంతర్వేది తీర్థంలో నాబోడి మేనత్త — अंतर्वेदि तीर्थं लो ना बोडि मेनत्त—नक्कारखाने में तूती की आवाज़। बड़े आदमियों के आगे छोटे आदमी नहीं जंचते।

అంతలో ఆట అంతలో పోటు — अंतलो आटु अंतलो पोटु—घड़ी में तोला घड़ी में माशा। जो ज़रा सी बात पर खुश हो जाय और ज़रा सी बात पर नाराज़ हो जाय।

అడగనిదే అమ్మైనా పెట్టదు — अडगनिदे अम्मैना पेट्टदु—बिना रोये मां भी दूध नहीं पिलाती।

